R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र , उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -323 | ग्वालियर, मंगलवार 2 जुलाई 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

# प्रदेश में रीजनल इन्वेस्टर्स समिट में लघु और सूक्ष्म उद्योगों के विकास पर भी होगी चर्चाः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## टीवी चैनल द्वारा किया गया उद्यमियों का सम्मान

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के लघु उद्यमियों की सहायता के लिए राज्य शासन तत्पर है।लघु और सूक्ष्म उद्योगों के विकास पर रीजनल इन्वेस्टर्स समिट में चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। इस माह जबलपुर में हो रही समिट में उद्योग के नवीन क्षेत्रों में निवेश को आमंत्रण दिया जाएगा। खनन आधारित उद्योगों, ग्रामीण कुटीर उद्योगों और रेडीमेंट गारमेंट उद्योग के विकास की काफी संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं को साकार करने के लिए क्षेत्र चिन्हित कर लघु उद्योगों की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एनडी टीवी चैनल की ओर से स्थानीय होटल मैरियट में एमएसएमई समिट एवं उद्यमियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर चैनल की तरफ से स्थानीय संपादक श्री अनुराग द्वारी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि एक समय उन्होंने उज्जैन में चाय-नाश्ते की होटल का संचालन करते हुए एक व्यवसायी की भूमिका निभाई है। किसी भी




कार्य व्यवसाय को परिश्रम और संयम के साथ साफ-सुथरे ढंग से संचालित कर आत्मनिर्भर होने की भावना किसी भी व्यवसायी या उद्यमी को जीवन में सफलताएं दिलवाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मंत्रीगण द्वारा आयकर की राशि जमा किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। आज विधानसभा में राज्य सरकार के इस निर्णय का सदस्यों द्वारा मेजें थपथपाकर स्वागत किया गया। स्पीकर श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने विशेष उल्लेख कर इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने स्वयं भी इनकम टैक्स खुद जमा करने के संकल्प से अवगत करवाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वे भी अपना आयकर स्वयं जमा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में टोल नाकों से जुड़ी व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसी तरह एक महत्वपूर्ण निर्णय में प्रदेश में पेपर लीक के मामलों में दोषी व्यक्ति को दस वर्ष की सजा का निर्णय लिया गया है। विधान सभा में किसी भी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सदैव चर्चा के लिए तैयार हैं। माननीय सदस्यों द्वारा संयम और मर्यादा से सभी नियमों के पालन के प्रति गंभीर रहते हुए व्यवहार किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने एमएसएमई समिट में श्री राहुल पांडे, श्री रोहित सोमानी, श्री अर्पित जैन और अन्य उद्यमियों का सम्मान किया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया गया।

# करौली में बोलेरो और ट्रक की भिड़ंत में नौ की मौत

करौली। करौली में करौली-मंडारायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास सोमवार शाम करीब पांच बजे बोलेरो और ट्रक की भिड़ंत में दो बच्चों व छह महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हो गई। बोलेरो सवार चार लोग घायल हैं। गाड़ी में 13 लोग सवार थे।




जिला पुलिस अधीक्षक ब्रजेश ज्योति उपाध्याय के अनुसार करौली-मंडरायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन के अनियंत्रित होने से हादसा हुआ है। सभी घायलों को करौली जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने नौ लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में से सात लोग मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के रहने वाले थे। घायलों में भी दो लोग श्योपुर के हैं। वहीं 02 मृतक राजस्थान के करौली जिले के खिरकन गांव के रहने वाले थे। खिरकन निवासी एक बच्ची सहित दो लोग घायल हैं। गंभीर रूप से घायल एक महिला, एक युवक और एक बालिका को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में रेफर किया गया है। वहीं एक तीन वर्षीय बच्ची का करौली के जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

हादसे की सूचना मिलते ही कलेक्टर नीलाभ सक्सेना और एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय दुर्घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों की जानकारी ली।

पुलिस के अनुसार मध्य प्रदेश के श्योपुर के रहने वाले लोगों ने कुछ दिन पहले ही सेकेंड हैंड बोलेरो खरीदी थी। वे करौली जिले के खिरकन गांव से अपने रिश्तेदारों को लेकर कैला देवी के दर्शन करने गए थे। बोलेरो का पूजन कराने के बाद खिरकन गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया।

हादसे में करौली जिले के सपोटरा के खिरकन गांव निवासी कटोरी (65) पत्नी बृजमोहन और रंजीत उर्फ टिल्लू (12) पुत्र बारेलाल मीणा की मौत हुई। वहीं खिरकन गांव निवासी घायल मुस्कान (16) और रंजीत (28) को जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया है।

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कलेक्टर नीलाभ सक्सेना से फोन पर बात कर घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ घायलों का इलाज कराने के निर्देश दिए।




## पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कोठी में बंद किया आमरास्ता,खुलवाने के लिए नगर वासियों ने एसडीएम को दिया गया ज्ञापन

### शीघ्र रास्ता न खुलने पर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की दी गई चेतावनी

दैनिक कैसरिया हिन्दूस्तान/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान मो, 8889486368

*लहार नगर के मुख्यमार्ग से वार्ड 12 के लिये आने जाने के लिये मैने रोड से जुडा रास्ता था जिस पर अतिक्रमण कर पूर्व विधायक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह की कोठी का निर्माण हो गया और रास्ता कोठी के अंदर ही गायब हो गया उक्त रास्ते को खुलवाने के लिए लहर नगर के वरिष्ठ जनों द्वारा जिला कलेक्टर महोदय के नाम लहार एसडीएम को ज्ञापन दिया गया है और उक्त 30 फुट के रास्ते को खुलवाने की मांग की गई है साथ ही नगरवासियों ने शीघ्र रास्ता न खुलने पर अहिंसाआत्मक रूप से प्रशासन का विरोध करने की भी दी चेतावनी

# ये कहां का नियम... !अपराधी स्वयं ही बना फरियादी

## सहायक भूमि संरक्षण कार्यालय में हुए लाखों के गबन मामले में लगभग छः माह बाद भी नहीं हुई मुख्य दोषियों पर कार्यवाही

आलोक भारद्वाज/भिण्ड।


मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों पर भले वर्तमान सरकार अंकुश लगाने के पुरजोर प्रयास करे परंतु उक्त दोनों पर अंकुश लग पाना नामुमकिन ही है।ऐसा मामला भिण्ड जिले के सहायक भूमि संरक्षण कार्यालय में देखा गया जहाँ संयुक्त संचालक कोष लेखा द्वारा आयुक्त कोष लेखा भोपाल के निर्देशन में जाँच की गई,जाँच दल द्वारा की गई जाँच में राशि अट्ठावन लाख तैतीस हजार चार सौ पचहत्तर(5833475/-)रुपए का गबन होना पाया गया।उक्त जाँच दल द्वारा जो निष्कर्ष निकाला गया उसमें बिंदु क्रमांक 1 में साफ साफ उल्लेखित है कि यदि आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा मध्यप्रदेश कोषालय संहिता 2020 का पालन किया जाता तो उक्त गबन नहीं होता।वहीं जाँच उपरांत निष्कर्ष के बिंदु क्रमांक 7 में उल्लेख किया गया कि कार्यालय सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी भिण्ड में वित्तीय वर्ष 2018-19 से 25/09/2023 में सेवानिवृत्त अथवा कार्यरत आहरण एवं संवितरण अधिकारी(बिल अप्रूवर) एवं लेखा शाखा प्रभारी(बिल क्रियेटर)द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का दुरुपयोग कर उक्त गबन किया गया है।तदुपरांत कार्यालय जिला कोषालय भिण्ड से दिनांक 01/11/2023 को संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास चम्बल संभाग मुरैना को पत्र जारी कर तत्काल एफआईआर दर्ज कराने हेतु भिण्ड कलेक्टर द्वारा आदेशित भी किया जा चुका था।

### संयुक्त संचालक ने मामले के दोषी को ही दिए एफआईआर दर्ज कराने के आदेश

भिण्ड कलेक्टर के आदेशानुसार जिला कोषालय द्वारा तत्काल उक्त गबन में दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने हेतु संयुक्त संचालक कृषि को पत्र भी जारी किया गया जिसका हवाला देते हुए संयुक्त संचालक ने अपनी जिम्मेदारी से मुँह मोड़ते हुए सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी आर.एस शर्मा को ही मामले के दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराने का आदेश जारी कर दिया जबकि उक्त मामले में आर.एस शर्मा स्वयं ही दोषी है।

### सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी ने अपने बचाव में नियमविरुद्ध तरीके से अपने ही कनिष्ठों से करा डाली जाँच

विभाग में हुए गबन के मामले में संयुक्त संचालक कृषि द्वारा दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आदेश प्राप्त करते ही सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी के



कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, कोष एवं लेखा
ग्वालियर एवं चम्बल संभाग
(न्यू राजस्व भवन, चन्द्रवदनी नाका ग्वालियर)

:: सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला भिण्ड में संदिग्ध/गबन के भुगतानों का जांच प्रतिवेदन::

आयुक्त कोष एवं लेखा, भोपाल के पत्र क्रमांक SFIC/CN253772/GO.RT612/2023/DTA/E-FILE No DTA/1/2/00037/2023-O/O Dy.Dir-DTA दिनांक 12.09.2023 के द्वारा सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला भिण्ड के (DDO Code 0401402014) में हुए राशि रु. 50,89,016/- के Suspicious Fraudulent भुगतानों तथा अन्य भुगतानों की जांच पत्र के अनुसार किये जाने हेतु निर्देशित किये जाने पर संयुक्त संचालक, कोष एवं लेखा, ग्वालियर के आदेश क्रमांक/SFIC/2023/3545 दिनांक 13.09.2023 द्वारा उक्त भुगतानों की जांच की जाकर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु निम्नानुसार जांच दल का गठन किया गया :-

1. श्री पवन कुमार शर्मा, सहायक संचालक, ग्वालियर — प्रभारी अधिकारी
2. श्री वीर सिंह, सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण अधिकारी, ग्वालियर — सदस्य
3. श्री सुरेन्द्र कुमार जैन, सहायक कोषालय अधिकारी, भिण्ड — सदस्य
4. श्री विजय कुमार जैन, सिस्टम मैनेजर, भिण्ड — सदस्य
5. श्री योगेन्द्र बरसेना, सहायक वर्ग-3, कार्यालय कोषालय भिण्ड — सदस्य

जाँच दल प्रभारी श्री पवन कुमार शर्मा, सहायक संचालक ,कोष एवं लेखा ग्वालियर के निर्देशन में जाँच दल कार्यालय सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी उप संभाग जिला भिण्ड में दिनांक 18.09.2023 को उपस्थित होकर जाँचदल द्वारा जाँच का कार्य कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के आधार पर प्रारम्भ किया गया।
कार्यालय जिला कोषालय अधिकारी भिण्ड के पत्र क्रमांक/कोषालय/स्था0/2023/964-965 भिण्ड दिनांक 13.09.2023 के द्वारा उक्त बैंक खातें होल्ड किये जाने हेतु संबंधित बैंक को पत्र भेज कर बैंक खातें होल्ड किये जाने का लेख किया गया है

परिशिष्ट-1

कार्यालय सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला भिण्ड में वर्ष 2018-19 से 2022-23 तक की अवधि में क्रियेटर, वैरीफायर एवं अनुमोदितकर्ता के नाम चाहे जाने पर उनके द्वारा निम्नानुसार जानकारी उपलब्ध कराई गई :-

| क्र | क्रियेटर का नाम | कार्यरत अवधि | वेरिफायर का नाम | कार्यरत अवधि | अनुमोदन कर्ता(डीडीओ) | कार्यरत अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 |
| 1 | संजीव श्रीवास्तव सहा.वर्ग 02 | 01.04.2018 से 02.2021 | - | - | श्री वीरेंद्र सिंह तोमर | 31.07.2017 से 30.04.2021 |
| 2 | श्री प्रदीप शर्मा लेखापाल | 02.2021 से 04.11.2022 | - | - | श्री जय सिंह तोमर | 01.05.2021 से 30.09.2021 |
| 3 | श्री भानु प्रताप सिंह भदौरिया सहा.वर्ग 03 | 04.11.2022 से निरंतर | - | - | श्री राम सुजान शर्मा | 01.10.2021 से निरंतर |

पद पर आसीन दोषी रामसुजान शर्मा ने प्रभारी उपसंचालक कृषि भिण्ड की हैसियत से षणयंत्रपूर्वक बिना किसी वरिष्ठ कार्यालय के आदेश के वाबजूद स्वयं बचाव के उद्देश्य से नियमविरुद्ध तरीके से पुनः जांच दल गठित कर अपने ही अधीनस्थ वरिष्ठों को दरकिनार कर कनिष्ठों से जांच करा ली जिसमें वर्ग 3 के कर्मचारियों द्वारा कूटरचित जाँच प्रतिवेदन तैयार किया गया जबकि संयुक्त संचालक कोष लेखा की जाँच उपरांत इस जाँच का कोई भी महत्व नहीं है अतः उक्त कूटरचित जाँच प्रतिवेदन के आधार पर मामले के स्वयं दोषी रामसुजान शर्मा द्वारा पुलिस प्रशासन को भी गुमराह करते हुए स्वयं अपराधी से फरियादी बनकर थाना शहर कोतवाली में कूटरचित तरीके से कराई गई जाँच प्रतिवेदन के आधार पर एफआईआर कराई गई जबकि संयुक्त संचालक कोष लेखा की जाँच स्वयं के बचाव हेतु छिपाई गई जिसमें गबन मामले में पाए गए दोषी अधिकारी एवं कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई जबकि एफआईआर दर्ज कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे।

### *संयुक्त संचालक ने मामले पर दिया गोलमोल जवाब*

मामले के दोषियों के विरुद्ध अबतक एफआईआर दर्ज न होने की बात पर संयुक्त संचालक कृषि ने अपना पल्ला झाड़ते हुए राज्य स्तर से गठित जांच दल का हवाला दे डाला जबकि संयुक्त संचालक कोष लेखा की जांच उपरांत दोषियों के विरुद्ध एफआईआर के निर्देश दिए गए थे जिसका पालन संयुक्त संचालक कृषि द्वारा स्वयं भी नहीं किया गया था।

### *इनका कहना है*

उक्त मामले में राज्य स्तर से दल गठित हुआ है जो जाँच कर प्रतिवेदन संचालक कृषि को प्रस्तुत करेगा।

*डी.एल.कोरी*
*संयुक्त संचालक कृषि चम्बल संभाग*

## नए कानून की जानकारी के लिए थाने प्रांगण में बैठक आयोजित

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

अंबाह । नए कानून बनकर आज लागू होने पर जानकारी देने के लिए थाना प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय मुख्य न्यायाधीश सोलंकी के अलावा डीएसपी रवि भदोरिया, एबीपी गणेश सिंह तोमर, एबीपी रामसेवक मिश्रा, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष बलवंत सिंह तोमर तथा सचिन तिवारी नगर निरीक्षक सतेंद्र सिंह कुशवाहा सिंह थे।




इसके उपरांत शहर के गणमान्य नागरिक तथा बहुत संख्या में अभिभाषक उपस्थित थे। जिसमें नया कानून लागू होने पर जानकारी प्रदान की गई तथा कुछ धाराएं कम की गई। डीएसपी रवि भदोरिया ने बताया कि अब फरियादी कहीं से भी अपनी एफ आई आर कर सकता है, मगर 3 दिन के उपरांत थाने में आकर उसे ओरिजिनल दस्तक करने के उपरांत ही एफ आई आर फाइनल मानी जाएगी। तथा कानून में कुछ नए अपडेट्स लिए गए हैं जिसमें दंड संहिता की जगह न्यायिक सहायता लागू की गई। पहले मुजलिम उपस्थित न होने पर कार्रवाई नहीं हो पाती थी मगर अब मुलजिम के न होने पर पूर्ण कार्रवाई होगी और फैसला भी होगा। सजा होने के उपरांत गिरफ्तार होने पर उसे जेल भेज दिया जाएगा। मुख्य उद्बोधन माननीय सोलंकी ने कहा कि कानून में पारदर्शिता लाई गई है न्याय प्रक्रिया का लाभ अब शीघ्र मिल करेगा। फैसला होने में ज्यादा लंबा समय नहीं लगेगा तथा साक्षी के रूप में पुलिस सही बयान वीडियोग्राफी से किया करेगी जिससे फरियादी या गवाह अपने बयान से मुकर नहीं सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन बच्चू लाल गुप्ता ने की तथा आभार प्रकट नगर निरीक्षक सतेंद्र सिंह कुशवाहा ने किया।

# पेड़ ही जीवन का आधार, करें पौधारोपण

### अंजनी माता मंदिर परिसर में हुआ पौधरोपण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान / संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी 7354490175 भितरवार रिपोर्ट

भितरवार।जिस तरह से प्रदूषण बढ़ रहा है। वातावरण को दूषित होने से बचाने में पौधों की अहम भूमिका होती है।परंतु बीते कुछ समय से जिस तरह से पौधों की संख्या कम हुई है। उससे वातावरण दूषित हुआ है। वातावरण को दूषित होने से बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। अधिक वन क्षेत्र होगा तो बरसात भी अधिक होगी। जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए जरूरी है। यह बात मुरार तहसीलदार मस्तराम गुर्जर ने अपने गृहनगर मगरौनी में स्थित अंजनी माता मंदिर परिषर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में कही ।सोमवार को पर्यावरण प्रेमी रविन्द्र यादव के सहयोग से अंजनी माता मंदिर परिसर में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जिसमें विभिन्न प्रकार के एक सेकड़ा पौधे लगाएं गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार मस्तराम गुर्जर ने कहाकि वृक्ष जीवन का अभिन्न अंग है ये हमे प्राणवायु प्रदान करतें हैं। धरती के तापमान को नियंत्रित करतें है। इसलिये हर व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी लें। तभी हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने से रुकती हैं प्राकृतिक आपदाएं



पौधे लगाने से पर्यावरण संतुलन में रहता है। इससे बाढ़, अकाल,भूस्खलन आदि प्राकृतिक आपदाएं नहीं आती। वहीं पौधारोपण का पुण्य एक यज्ञ के बराबर मिलता है। इसलिये प्रत्येक नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिये।

उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों से ही हमारा अस्तित्व है।यदि हम पौधरोपण के बाद इनका संरक्षण भी करना चाहिये। क्योंकि यही पेड़-पौधे हमारे जीवन की रक्षा करते हैं।इस मौके पर पर्यावरण प्रेमी रविन्द्र यादव ने पौधारोपण अभियान की विस्तृत जानकारी दी इस मौके पर अनेक लोग उपस्थित थे।

## हवन पूजन और छात्र छात्राओं के सम्मान के साथ अशोका ग्लोबल स्कूल में मना प्रवेशोत्सव

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

अम्बाह। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त अशोका ग्लोबल स्कूल अम्बाह ने हवन पूजन और छात्र छात्राओं के सम्मान के साथ प्रवेशोत्सव मनाया। इस अवसर पर स्कूल को विशेष रूप से सजाया गया था। प्रवेश द्वार पर जैसे ही विद्यार्थीयों ने स्कूल में प्रवेश किया वहां पर मौजूद शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनका पुष्पहार, रोली और चावल से तिलक कर अभिनंदन किया। इससे छात्र छात्राएं बेहद खुश दिखाई दिए। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में हवन-यज्ञ और पूजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों और समस्त स्टाफ ने भागीदारी की। इस अवसर पर हाई स्कूल परीक्षा 2024 में अम्बाह शहर में प्रथम और जिले में तृतीय स्थान पर रही विद्यालय की छात्रा सिद्धि तोमर पुत्री अजीत सिंह तोमर को विद्यालय संचालक अशोक सिंह तोमर और सीमा तोमर ने साइकिल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के अलावा डा.अनुराग तोमर , छात्रा के माता-पिता और दादा रविन्द्र सिंह तोमर मौजूद रहे।




# अंदौरा में आरसीसी निर्माण में भृष्टाचार की पोल खोलती लगभग 3 माह में जर्जर सडक

**बांदा - कमासिन ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंदौरा में सचिवालय से डामरीकरण तक आरसीसी रोड का निर्माण किया गया है। लाखों की लागत से बनी इस आरसीसी सडक की हालत खराब हो गई है।**

आरसीसी निर्माण में पडे मशालें की उखड रही गिट्टियां और धूल बनकर उड रही सीमेंट और बालू आरसीसी निर्माण के समय जिम्मेदारों द्वारा की गई कमीशनखोरी और सरकारी धन के दुरुपयोग की पोल खोल रही है। जिससे लाखों की लागत से बनी सडक खस्ता हो गई है।

वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इस आरसीसी का



निर्माण लगभग 3 माह पहले हुआ था लेकिन यह बहुत जल्द जर्जर हो गयी है जिससे लगता है यह बहुत ज्यादा दिनों तक नहीं चल पायेगी। यह सडक गांव की मुख्य सडक है लेकिन इसका निर्माण डामरीकरण तक नहीं किया गया है जिससे इस आरसीसी और डामरीकरण को आपस में न जुडने से बीच मे ही लगभग 15 मीटर खाली छोड दिया गया है। जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीच की जगह छूटने से डामरीकरण और आरसीसी निर्माण का लोगों को कोई फायदा नहीं मिल रहा है और लोगों ने जर्जर हुई आरसीसी की जांच तथा बीच के इस दलदल भरे रास्ते को सही कराने की मांग की है।

# जांजगीर चांपा कलेक्टर : आकाश छिकारा ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

## कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए दिए निर्देश, *जनदर्शन में कुल 94 आवेदन हुए प्राप्त

**समाचार*जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़**

रिपोर्टर संतोष प्रधान

जांजगीर-चांपा 01 जुलाई 2024/ कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थानों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

जनदर्शन में बलौदा विकासखंड के ग्राम खिसोरा निवासी श्री सोनाईचंद सोनवानी द्वारा राजस्व रिकार्ड दुरूस्तिकरण कराने, तहसील पामगढ़ के ग्राम लोहर्सी निवासी श्री अरूण कौशिक द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, तहसील नवागढ़ के ग्राम घुठिया की प्रतिभा द्विवेदी द्वारा अतिक्रमण हटवाने एवं नक्शा दुरूस्तिकरण कराने, तहसील सारागांव के ग्राम कमरीद निवासी श्रीमती पीतरबाई द्वारा राशन कार्ड बनावाने, जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत तुस्मा निवासी श्रीमती सरिता साहू द्वारा एपीएल राशन कार्ड का पीडीएफ दिलाने, नगर पंचायत खरौदा निवासी श्री पुरूषोत्तम साहू द्वारा अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।






# जिलाधिकारी श्री नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में हार्पर क्लब बाँदा में वन महोत्सव 'पेड़ लगाओ-पेड बचाओ' के अन्तर्गत किया गया

*बांदा* - कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण को बचाने एवं संतुलित रखने के लिए वृक्षों का रोपण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 01 जुलाई से 07 जुलाई, 2024 तक वृक्षारोपण में जन सहभागिता के द्वारा अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण किया जाना है। उन्होंने कहा कि मा0प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि सभी लोग एक वृक्ष अपनी माँ के नाम रोपित कर उसकी सुरक्षा करें। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत शासन द्वारा जनपद के निर्धारित लक्ष्य 64 लाख वृक्षों के रोपण किये जाने के अनुसार वन विभाग व अन्य विभागों तथा जन सहयोग से लगाया जायेगा। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को वृक्षों को रोपित कर उनको सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक उपाय किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास

अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने हार्पर क्लब में वृक्षारोपण भी किया। मुख्य विकास अधिकारी श्री वेद प्रकाश मौर्य ने कहा कि वर्षा के मौसम में वृक्षा रोपण कारगर रहता है। उन्होंने वृक्षों एवं पानी को बचाने पर जोर देते हुए कहा कि अमृत सरोवरों व तालाबों तथा खेत में मेड के किनारों में वृक्षारोपण किया जाए, जिससे जल संरक्षण में भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में डीएफओ श्री अरबिन्द कुमार ने कहा कि पर्यावरण के असंन्तुलन को बचाने के लिए वृक्षों का रोपण किया जाना अत्यन्त आवश्यक है, सभी लोगों को वृक्षों की अहमियत को जानते हुए छात्र/छात्राओं को वृक्षों के महत्व के बारे में जागरूक करें। जलवायु परिवर्तन व ग्रीष्म ऋृतु के बढने से वृक्षों को लगाया जाना अति उपयोगी है। उन्होंने विद्यालयों में छात्र/छात्राओं, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं विभागीय अधिकारियों से अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण जन सहयोग से कराये जाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 श्री राजेश कुमार, डीसी मनरेगा, हार्पर क्लब के उपाध्यक्ष श्री राघवेन्द्र शर्मा, श्री मनोज जैन, श्री राज कुमार राज, श्री अमित सेठ सहित हार्पर क्लब के पदाधिकारी तथा आर्यकन्या इण्टर कॉलेज की छात्रायें एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।







# लहार थाना परिसर में नवीन अधिनियमो पर परिचर्चा का हुआ आयोजन*

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान मो, 8889486368

***थाना प्रभारी ने अपराधियों को गिरफ्तार कर नगर में हो रही अपराधिक घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने का दिया आश्वासन***

नवीन आपराधिक अधिनियमो पर आधारित सम्बाद परिचर्चा का आयोजन लहार नगर थाना परिसर में सम्पन्न हुआ,समस्त विभागों के अधिकारियों समेत लहार नगर के गणमान्य ब्यक्ति पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे,सम्बाद परिचर्चा में लहार एसडीओपी,लहार थाना प्रभारी,लहार तहसीलदार,एडवोकेट सोसिएसन अध्यक्ष विकास विरथरे आदि ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नए कानून की जानकारी से अवगत कराया इसी जन संवाद परीचर्चा में थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा ने नगर वासियों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की भी विनम्र अपील की एवं व्यापारियों को अपने मकान दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का भी सुझाव दिया व्यापार मंडल अध्यक्ष बबलू महंत ने नगर में लगे शासकीय सीसीटीवी कैमरे खराब होने की भी बात उपस्थित प्रशासन के जिम्मेदारों से कही लेकिन उस पर जिम्मेदारों द्वारा कोई संतुष्टि जनक जवाब नहीं दिया गया थाना प्रभारी द्वारा आमजन से नगर में अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर लॉक लगाकर खड़ा करने की भी बात कही गई लेकिन लहार नगर के बाजार में वहान कहां खड़े किए जाएं इसके लिए कोई जगह प्रशासन द्वारा सुनिश्चित नहीं की गई,ना ही नगर में पार्किंग का कोई इंतजाम है ऐसी स्थिति में वाहनों को कहां खड़ा करें यह भी एक लोगों के लिए समस्या है कार्यक्रम में मौजूद लहार विधानसभा के भाजपा के वरिष्ठ नेता केदार सिंह राजावत ने यातायात व्यवस्था के सुविधा जनक इंतजाम एवं मार्केट में खरीदारी करने आने वाले लोगों के वाहनों को सही स्थान पर खड़े करने के लिए मार्केट में अलग-अलग जगह स्थान सुनिश्चित करवाने के लिए उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों से कहा,कुछ दिनों से लहार नगर में चल रही लूटपाट,चोरी,गोली कांड जैसी घटनाओं पर बोलते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा और घटनाओं का पूरी सत्यता के साथ सार्वजनिक रूप से खुलासा किया जाएगा

# कुलपति होंगे कुलगुरू, इस शब्द में सम्मान और आत्मीयता का भाव है: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### गौवंश परिवहन और ट्यूब वेल खुला छोड़ने वालों को नहीं बख्शेंगे

भोपाल -/- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नागरिकों के कल्याण और उन्हें अपनी संस्कृति से जुड़ने से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। निरंतर लिए जा रहे ऐसे फैसलों से विभिन्न क्षेत्रों में व्यवस्था से जुड़े आवश्यक सुधार भी हो रहे हैं, इस क्रम में विश्वविद्यालयों के कुलपति को कुलगुरू का संबोधन देने का निर्णय लिया गया। इस संबोधन में आत्मीयता, स्नेह और सम्मान का भाव भी निहित है। राज्य मंत्री परिषद द्वारा इन निर्णय का अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज टीवी चैनल प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि जुलाई माह में ही गुरू पूर्णिमा पर्व भी आ रहा है। मध्यप्रदेश में कुलपति को कुलगुरू बनाने के निर्णय के संबंध में अन्य राज्यों द्वारा भी जिज्ञासा व्यक्त करते हुए इस निर्णय का प्रारूप चाहा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गोवध की मंशा से गौवंश के परिवहन का अवैध कृत्य करने वाले वाहन कई बार न्यायालय से छूट जाते हैं। नियमों के उल्लंघन पर पकड़े गए वाहनों के प्रकरण में वाहनों को राजसात करने की कार्रवाई की जाएगी। वाहन जब्त होंगे, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि ट्यूब वेल खनन के बाद बिना ढक्कन के खनन स्थल होने से छोटे बच्चों की असामयिक मृत्यु का कारण बन जाते हैं। ऐसे मामले सामने आते रहते हैं। प्रायः बच्चों को बचाया जाना मुश्किल होता है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। दोषी लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर दर्ज करने और जुर्माना लगाने की कार्रवाई करेंगे। ट्यूब वेल खनन के बाद उसे छोड़ देने वाले व्यक्तियों की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।



# अवैध रूप से भण्डारित 2550 घनमीटर रेत जब्त

### जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण के खिलाफ विशेष मुहिम जारी

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण के खिलाफ विशेष मुहिम जारी है। इस कड़ी में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर गई खनिज विभाग की टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। इस टीम ने डबरा तहसील के अंतर्गत महाराजपुर गाँव के समीप दो स्थानों पर अवैध रूप से भण्डारित लगभग 2550 घनमीटर रेत जब्त किया। साथ ही इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# थाना तेंदुआ पुलिस ने एक जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार कर के भेजा जेल

**पुलिस थाना तेंदुआ जिला शिवधरी (म.प्र.)**

केसरीया हिंदुस्तान

शिवपुरी। पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री अमन सिहं राठौड़, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी एवं श्रीमान अनुविभागिय अधिकारी पुलिस कोलारस द्वारा चलाए जा रहे जिला बदर के आरोपियों के चौकिंग अभियान के पालन में दिनांक 30.06.2024 को दौराने जिला बदर चौकिंग मुखबिर द्वारा सूचना पर से जिला बदर आरोपी उम्मेद पुत्र कैलाश धाकड उम्र 49 साल निवासी ग्राम दीगोदी द्वारा श्रीमान जिला दण्डाधिकारी महोदय शिवपुरी के आदेश का उल्लघन करना पाया जाने से तथा जिला बदर अवधि पूर्ण होने से पहले ही थाना क्षेत्र में घूमते पाय जाने से उक्त जिलाबदर आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध धारा 14 रा.सु.अधि 1990 पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय कोलारस में पेश किया जा रहा हैं।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. विवेक यादव, सउनि राजपाल सिहं यादव, प्र.आर. 281 आदेश धाकड, प्र.आर. 351 बलवन्त पाल, का.आर. 883 अनूपजाट, आर 1001 पवन जाट, आर1115 आशीष पाराशर, आर. चालक 85 लोकेन्द्र झाला की सराहनीय भूमिका रही है।



# वात्सल्य स्कूल में धूमधाम से मना प्रवेशोत्सव

***अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट***

*विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, परिसर में रोपे पौधे*

अम्बाह । वात्सल्य इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल चांद का पुरा में प्रवेशोत्सव बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। गर्मियों की लम्बी छुट्टियों के पश्चात जैसे ही नन्हें मुन्ने विद्यार्थी आज स्कूल पहुंचे। वहां पहले से ही मौजूद शिक्षक - शिक्षिकाओं ने उनका रोली अक्षत और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पहले ही दिन स्कूल का बहुत ही खुशनुमा और आत्मीय स्वागत से भरपूर




माहौल पा कर विद्यार्थी बेहद खुश नजर आए। विद्यार्थीयों ने अपनी -अपनी कक्षाओं में पहुंच कर गुरुओं का आशीर्वाद लिया और अपने साथियों को नव सत्र की शुभकामनाएं दीं । इसके बाद सभी ने बारी बारी से गर्मियों में बिताए गए अपने अवकाश के क्षणों को सभी के साथ साझा करते हुए बताया कि उन्होंने कौन कौन सी रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता की। इस अवसर को और अधिक यादगार बनाने के लिए सभी विद्यार्थियों ने शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ मिलकर परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग एक दर्जन पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नितिन सिंह तोमर ने सभी को नव सत्र की शुभकामनाएं दीं और विभिन्न क्षेत्रों में अब्बल रहने की कामना की ।

# प्रबुद्धजन बोले शहर को हरा-भरा करने में बढ़चढ़कर देंगे योगदान

## वृहद स्तर पर वृक्षारोपण एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' विषय पर हुआ सार्थक संवाद

**दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-**

ग्वालियर -/* वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कर ग्वालियर को हरीतिमा की चादर ओढ़ाने में समाज का सरकार को पूरा सहयोग मिलेगा। यह भरोसा कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर बाल भवन में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ विषय पर आयोजित हुए संवाद कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों ने दिलाया। विभिन्न संगठनों ने पौधे रोपने व उनकी रक्षा करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है। संवाद के दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपयोगी सुझाव दिए।

जिला प्रशासन ने ग्वालियर शहर व शहर के नजदीक 150 ऐसे स्थान चिन्हित किए हैं, जहाँ कोई भी नागरिक या संगठन पौधे रोप सकता है। नगर निगम द्वारा जमुनाबाग नर्सरी से निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जायेंगे। ग्वालियर शहर में 10 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में कुल मिलाकर लगभग 15 लाख पौधे इस साल रोपने की कार्ययोजना बनाई गई है।

सोमवार को बाल भवन के ऑडिटोरियम में वृक्षारोपण जैसे पुनीत उद्देश्य को लेकर आयोजित हुए संवाद में शहर के जनप्रतिनिधिगण, व्यापारिक, सामाजिक व स्वयंसेवी संगठन, सेवाभावी नागरिक, पर्यावरण व प्रकृति प्रेमी, शांति समिति के सदस्यगण, प्रबुद्ध नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधिगणों ने भाग लिया।

### एकजुटता की ताकत से वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनायें : कलेक्टर श्रीमती चौहान

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि प्रकृति के अत्यधिक दोहन व दुरुपयोग से पर्यावरण की दशा बिगड़ी है। वृक्षारोपण के जरिए पर्यावरण में सुधार लाने के लिये शासन-प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। पर इसके लिए केवल सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, जब समाज के सभी अंग मिलजुलकर सहयोग करेंगे तभी सफलता मिलेगी। उन्होंने एकजुटता की ताकत से ग्वालियर में वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा चिन्हित स्थलों पर शहरवासी अपने माता-पिता व अन्य परिजनों के नाम से भी पौधे रोप सकते हैं।






### पहाड़ियाँ, विकसित व अविकसित पार्क सहित अन्य स्थल पौधरोपण के लिये चिन्हित

नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह संवाद के दौरान जानकारी दी कि ग्वालियर शहर में इस साल 10 लाख पौधे रोपने की कार्ययोजना तैयार की गई है। शहर के 250 अविकसित पार्क व 100 विकसित पार्क में पौधरोपण कराया जायेगा। साथ ही सड़क मार्गों के डिवाइडर, मुक्तिधाम व कब्रिस्तान इत्यादि स्थानों पर भी पौधे रोपे जायेंगे। इसके अलावा कैंसर, कलेक्ट्रेट, गोपाचल, श्रद्धा पर्वत, मानपुर एवं सिरोल इत्यादि पहाड़ियों सहित शहर के अन्य स्थलों को भी वृक्षारोपण के लिये चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर के चिन्हित स्थलों में विभिन्न संस्थायें अपनी सुविधा के अनुसार पौधे रोप सकती हैं। इसके लिए जमुनाबाग नर्सरी से निःशुल्क पौधे प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति पाँच पौधे निःशुल्क प्राप्त कर सकेगा।

### छोटे पौधे देकर बड़े पौधे प्राप्त करें

सफल वृक्षारोपण के लिए विख्यात गुरुद्वारा समिति के पदाधिकारी श्री एच एस कोचर ने संवाद में भरोसा दिलाया कि गुरुद्वारा समिति ग्वालियर को हरा-भरा करने में पूरा सहयोग करेगी। साथ ही कहा कि उनकी संस्था से कोई भी व्यक्ति या संगठन छोटे पौधे देकर बड़े पौधे प्राप्त कर सकता है।

### दाना-पानी संस्था ने लिया पौधों के रख-रखाव का जिम्मा

दाना-पानी संस्था के अध्यक्ष श्री राज चड्डा ने पौधों को पानी देने व उनकी रखवाली कर पेड़ बनाने का जिम्मा लिया है। विवेकानंद नीडम से कलेक्ट्रेट के पीछे होकर हाईवे की ओर वाले सड़क मार्ग पर पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने नए पौधे रोपने के साथ-साथ पुराने पेड़ों को बचाने की बात भी प्रमुखता से रखी।

### इन्होंने भी दिए उपयोगी सुझाव

चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री प्रवीण अग्रवाल ने पौधरोपण के लिये एरिया निर्धारित कर विभिन्न संगठनों को सौंपने का सुझाव दिया। उन्होंने कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स वृक्षारोपण और रूफ वाटर हार्वेस्टिंग में शहरवासियों को अच्छा काम करके दिखायेगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अभय चौधरी ने कहा कि पुराने अनुभव बताते हैं कि जिन लोगों ने केवल सरकार पर निर्भर न रहकर बल्कि पर्यावरण की रक्षा के प्रति अपना दायित्व समझकर पौधे रोपे हैं उन्हें ज्यादा सफलता मिली है। उन्होंने वृक्षारोपण में हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। ग्वालियर के फेंफड़े संस्था से जुड़े श्री बृजराज सिंह ने तिघरा जलाशय के कैचमेंट एरिया में पौधरोपण करने का सुझाव दिया।

जीवाजी क्लब व कैट संस्था के प्रतिनिधि श्री दीपक पमनानी ने कहा कि वे अपनी संस्था के सहयोग से न केवल पौधे रोपेंगे बल्कि अगली साल उन पौधों के साथ फोटो भी सार्वजनिक करेंगे।


संवाद कार्यक्रम में जेसीआई संस्था की श्रीमती अंजली गुप्ता बत्रा, लायंस क्लब के डॉ. रजनीश नीखरा, वरिष्ठ पत्रकार श्री देव श्रीमाली, सत्य सांई ग्रुप की श्रीमती नीतू गुप्ता, भारत विकास परिषद के श्री गिर्राज दानी, ट्री आर्मी के श्री विजय, महाकाल सेवा समिति के श्री पुष्पेंन्द्र सिंह तोमर, नेहरू युवा केन्द्र की सुश्री नेहा जादौन सहित बजरंग भक्त मण्डल के श्री अमल गर्ग एवं सुश्री दीक्षा दुबे सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधिगणों ने वृक्षारोपण के संबंध में उपयोगी सुझाव दिए। साथ ही वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने की बात कही।

### वायुदूत एप पर पौधे के साथ अपना फोटो करें अपलोड, वाटर हार्वेस्टिंग भी अपनाएँ

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने संवाद के दौरान जानकारी दी कि रोपे गए प्रत्येक पौधे की निगरानी हो सके इसके लिये सभी लोग प्ले स्टोर से वायुदूत एप अवश्य डाउनलोड करें। इस एप पर पौधा रोपते समय, रोपने के एक महीने बाद, तीन महीने बाद व एक साल बाद अपनी सेल्फी लेकर अपलोड करें। उन्होंने वर्षा जल संरक्षण के लिये सार्वजनिक व निजी भवनों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने का आह्वान भी संवाद कार्यक्रम के दौरान किया। उन्होंने वाटर हार्वेटिंग मॉडल का एक वीडियो दिखाकर कहा कि यह मॉडल मात्र 2500 रूपए में लगवाया जा सकता है।

आरंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संवाद कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों का स्वागत सीड बॉल (बीज युक्त मिट्टी की बॉल) सौंपकर किया गया। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान सहित अन्य प्रबुद्धजनों ने बाल भवन के उद्यान में पौधरोपण भी किया।

# नर्सिंग घोटाले और नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने धरना देकर सौंपा ज्ञापन



**सीधी।**

प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले एवं पेपर लीक घोटालों को लेकर युवाओं को न्याय दिलाने हेतु प्रदेश कांग्रेस जीतू पटवारी के निर्देशन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में कांग्रेस ने कलेक्टर कार्यालय के समक्ष धरना.प्रदर्शन, पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित कर चिकित्सा मंत्री के इस्तीफा, नर्सिंग घोटाला और नीट पेपर लीक की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन कलेक्टर माध्यम से सौंपा गया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रहे शिक्षा घोटालों से सत्तारूढ़ प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। भाजपा राज में परीक्षाओं पर शिक्षा माफिया का कब्जा है, वो भाजपा की सह पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है देश में प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता पूरी तरह समाप्त हो गई है। परीक्षाओं के पेपर लीक होना इस सरकार में आम बात हो गई है। नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ 24 लाख बच्चों का भविष्य अंधेरे में धकेला गया है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार पेपर लीक रोकने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। पुलिस हवलदार, नर्सिंग घोटाला, डेयरी अधिकारियों, सूबेदार उपनिरीक्षक भर्ती में घपले हुये, वन रक्षक, आरटीओ विभाग में भर्ती में घपले हुये। पटवारी भर्ती घोटाला, प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाला हुआ है। पेपर लीक का कलंक प्रदेश पर लगा है। उक्त कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष दिनेश पाठक ने किया।

### इन्होंने भी किया संबोधित

पूर्व अध्यक्ष चिंतामणि तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, संभागीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू, जिला उपाध्यक्ष आकाश सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, एनएसयूआई अध्यक्ष सौरभ सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष यज्ञराज साहू, इंटक अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह सहित अन्यजन शामिल रहें। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद सिंह शेर, विधानसभा प्रभारी नवीन सिंह, हरिहर सोनी, वरिष्ठ पार्षद विनोद मिश्रा, सहित कांग्रेस पदाधिकारी युवा कांग्रेस एनएसयूआई महिला कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित आमजन शामिल रहें।

# नवीन अपराध अधिनियम 2023 लागू, जिला स्तरीय कार्यक्रम मानस भवन में आयोजित





## पुलिस अधीक्षक ने जन जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**सीधी ।**

सोमवार को लागू हुये नवीन आपराधिक अधिनियम.2023 को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त थानो में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यालय स्तर पर जिले के मानस भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य जिला न्यायाधीश संजीव पाण्डेय की अध्यक्षता एवं कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा व वन मण्डल अधिकारी क्षितिज कुमार के उपस्थिति में आयोजित हुआ।

पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिको को नवीन प्रक्रियाओं के तहत हुए बदलाव से अवगत कराकर उनके फायदे के बारे में बताया गया कि अब हम सभी नवीन कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी है। कानून में जो मूल परिवर्तन हुये है उनका नागरिको पर क्या प्रभाव पड़ेगा के संबंध में संबोधित किया गया। अभी तक हम अंग्रेजो के समय में बने भारतीय दण्ड संहिता का प्रयोग कर रहे थें, जिनमें काफी विसंगतिया थी लेकिन अब लागू हो रहा नया कानून भारत के लोगो को न्याय देने वाला है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश संजीव पाण्डेय द्वारा बताया गया कि हमारे पास जितनी भी धाराएं 1860 से चली आ रही है अभी तक लगभग वही हैं लेकिन उनकी जगह अब तीन नये कानून मिले है जो भारतीयों को न्याय दिलायेगे।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने अपने उद्बोधन में बताया कि लागू हो रहे नवीन कानून जन हितैशी हैं, जिनका हमे पालन कराना है। मंच का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित लोगो के प्रश्नो का उत्तर दिया गया एवं अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### थाना चौकी क्षेत्र में आयोजित हुआ कार्यक्रम –

जिला मुख्यालय के कार्यक्रम के साथ ही जिले के अलग.अलग थानो में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें थाना बहरी अंतर्गत थाना बहरी सभागार में निरीक्षक राकेश बैस एवं शासकीय विद्यालय बहरी के शिक्षक छात्र एवं गणमान्य नागरिक व मीडियाकर्मियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

थाना रामपुर नैकिन अंतर्गत सामुदायिक भवन रामपुर नैकिन में न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी परमानन्द सनोडिया, एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी, निरीक्षक सुधांशु तिवारी एवं तहसीलदार रामपुर नैकिन नितीन जोध चौकी पिपरावए खड्डी का स्टॉफव विद्यालय के शिक्षक छात्र एवं गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना मझौली अंतर्गत पुलिस थाना मझौली में एसडीओपी सुश्री रोशनी सिंह, उनि दीपक बघेल चौकी मडवास, पथरौला का स्टॉफव विद्यालय के शिक्षक छात्र एवं गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना कुसमी अंतर्गत पुलिस थाना कुसमी परिसर में उनि भूपेश बैस, विद्यालय के शिक्षक छात्र एवं गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना अमिलिया अंतर्गत सामुदायिक भवन में निरीक्षक राजेश पाण्डेय विद्यालय के शिक्षक छात्र एवं गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना कमर्जी अंतर्गत पुलिस थाना कमर्जी परिसर में उनि. पवन सिंह विद्यालय के शिक्षक छात्र एवं गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना चुरहट अंतर्गत सामुदायिक भवन में निरीक्षक पुष्पेन्द्र मिश्रा, चौकी सेमरियाए बम्हनी का स्टॉफव विद्यालय के शिक्षक छात्र एवं गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तीन राज्यों में चला अभियान

## मानव तस्करी के आरोपियों को पकड़ने में मिली सफलता




**सीधी।**

पीड़ितो को त्वरित न्याय दिलाने की मंशा लिये पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा एवं उनकी टीम के द्वारा सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं। ऐसे ही एक प्रकरण में कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत आवेदक द्वारा मानव तस्करी की शिकायत दर्ज कराई गयी। जहॉ वरिष्ट अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कुसमी थाना प्रभारी भूपेश बैस एवं उनकी टीम के द्वारा तकनीकी दक्षता एवं सूझ बूझ का परिचय देते हुए देश के कोने कोने में छूपे बैठे आरोपियों को खोजकर सीधी लाया गया एवं विधि अनुसार कार्रवाई जारी है।

मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि सीधी जिले के कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवती को आगरा उत्तर प्रदेश के सगुनापुर में 1लाख रूपए में बेचने का मामला सामने आया था। इसके बाद एसपी ने तत्काल टीम गठित की और थाना प्रभारी को तत्परता से जांच करने के निर्देश दिए थे। जहॉ देरी ना करते हुए कुसमी पुलिस ने त्वरित रूप से खोजबीन की कार्यवाही शुरू कर दी। जिसके बाद चारों आरोपियों को अलग.अलग राज्यो से गिरफ्तार कर लिया है। जिसमे दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया था एवं दो आरोपियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाई की जा रही है। बताया गया कि उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के अलग अलग क्षेत्रों से उक्त घटना में शामिल आरोपियों को कड़ी मशक्कत के बाद कुसमी पुलिस को पकड़ने में सफलता हॉथ लगी है।

### मानव तस्करी के बने आरोपी –

कुमसी पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर सुरेंद्र पिता सकसूदन सिंह 41 साल निवासी चगोहर, धर्मराज उर्फ दीपू पिता राम कृपाल सिंह 28 साल निवासी चमोहर, सीता देवी उर्फ मुन्नीबाई पिता स्वर्गीय श्याम लाल सिंह 43 साल निवासी फ्तेहपुर सीकरी आगरा उत्तर प्रदेश, राजवीर सिंह उर्फबास पिता मेंबर सिंह 37 साल निवासी सगुनापुर थाना केरावली उत्तर प्रदेश के नाम शामिल हैं। उक्त आरोपियों के विरूद्ध कुसमी थाना में अपराध क्रमांक 112/24, धारा 366, 342, 376/2, 376क, 370, 34 आईपीसी के तहत प्रकरण पंजीवद्ध हुआ है।

### तीन राज्यों में चला अभियान –

पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं कुसमी डीएपी रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भूपेश बैस टीम का नेतृत्व करते हुए महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश में आरोपियों के खोज बीन हेतु अभियान चलाया। जिसमें एएसआई नंद प्रकाश सिंह, एएएसआई जेएन श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक भूपेश कर्चुली, प्रधान आरक्षक बलवीर वरखरे, आरक्षक दिनकर दुबे, आरक्षक दिनेश सिंह, साइबर सेल सीधी से प्रधान आरक्षक आनंद कुशवाहा, आरक्षक प्रदीप मिश्रा, आरक्षक कृष्ण मुरारी भूमिका सराहनीय रही।

# नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता के तहत जिले में पहली एफआईआर दर्ज

**सीधी।**



नवीन आपराधिक अधिनियम 2023, 1 जुलाई से देशभर में लागू हो गया है। जिसके तहत तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम अस्तित्व में आ गये हैं। भारतीय न्याय संहिता के तहत सीधी जिले में पहली एफआईआर जिले के चुरहट थाने पर दर्ज की गई है। जो फरियादी आशीष कुमार पाण्डेय पिता राम रंगीले पाण्डेय उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम सहवानी कला थाना अमिलिया जिला सीधी का रहने वाला है। आवेदक ने चुरहट पुलिस को बताया कि सोमवार की दोपहर वह अपनी मारूती अल्टो कार से सीधी से रीवा जाने के लिए निकला था। दोपहर करीब 12.30 बजे के लगभग जैसे ही ग्राम बढ़ौरा बाजार के पास पहुँचा तो पीछे तरफ से महालक्ष्मी बस का चालक तेज गति लापरवाही पूर्वक उपरोक्त बस को चलाते हुए लेकर आया और मेरी कार में पीछे से जोर से ठोकर मार दिया। बस की ठोकर लगने से मेरी कार अनियंत्रित होकर रोड के किनारे दाहिने तरफ जाकर पलट गई। इतने में आस पास के कुछ लोग जिसमें संदीप द्विवेदी निवासी सरई भी आ गए थे। उन्होने मुझे गाड़ी से बाहर निकाला। एक्सीडेंट के कारण मेरी की कार में काफी क्षति हुई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना चुरहट में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस में दीक्षारंभ समारोह का हुआ शुभारंभ

सीधी। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में सत्र 2024-25 के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के उन्मुखीकरण एवं महाविद्यालय से परिचय हेतु तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आज शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम सीधी जिले के अपर कलेक्टर राजेश शाही के मुख्य आतिथ्य एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी के सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

अपर कलेक्टर राजेश शाही ने छात्र-छात्राओं को परिश्रम, अनुशासन, धैर्य एवं समर्पण पर जोर देते हुए नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी.के. सिंह ने महाविद्यालय के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन का उद्देश्य, महाविद्यालय की विकास यात्रा एवं इस सत्र से प्रारंभ हो रहे नवीन पाठ्यक्रमों तथा इसके पीछे मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की मंशा इत्यादि की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

तीन दिवस तक चलने वाले दीक्षारंभ कार्यक्रम के प्रथम दिवस के दोनों सत्रों में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सिंह ने सत्र 2024-25 के लिए नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं से आग्रह किया है कि 2 एवं 3 जुलाई को भी सुबह 9 बजे महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में उपस्थित होकर करियर उन्नयन एवं महाविद्यालय के संबंध में दी जाने वाली सभी जानकारी को प्राप्त करें तथा सभी नव प्रवेशित छात्र-छात्राएं अधिक से अधिक संख्या में महाविद्यालय आए जिससे दीक्षारंभ कार्यक्रम के माध्यम से दी जाने वाली सभी जानकारियों का लाभ ले सकें।



केसरिया हिन्दुस्तान

# तीन नए कानूनों को लेकर के पुलिस तैयार

## अलीगंज कोतवाली में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

*केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव*

एटा अलीगंज देशभर में आज से भारतीय दंड संहिता(द्धक्ष्ट) की जगह भारतीय न्याय संहिता (क्चहस), क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (क्चहस्स ) और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (क्चक्र) लागू हो गया है जिसे लेकर पुलिस विभाग के द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है इसी कड़ी में आज कोतवाली अलीगंज परिसर में भी पुलिस विभाग के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम रखा गया था। इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रतीक त्रिपाठी, एव क्षेत्राधिकारी सुधांशु शेखर और कोतवाली प्रभारी अमित कुमार के द्वारा कोतवाली परिसर में मौजूद जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों को संबोधित करते हुए आज से देश में लागू हुए नवीन न्याय सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई सोमवार को अलीगंज कोतवाली परिसर में आम जनों को नवीन न्याय सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकार सुधांशु शेखर ने बताया। कि जो पुराने कानून हमारे देश में लागू थे वह ब्रिटिश शासन काल से चले आ रहे थे अब आधुनिकता का समय है और सभी चीज डिजिटल हो रही है जिसको देखते हुए ही नवीन कानून में बदलाव किया है अब किसी भी फरियादी को फरियाद लेकर पुलिस थाना जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी फरियादी चाहे तो ऑनलाइन




फोन रिकॉर्ड ईमेल या फिर व्हाट्सएप से सूचना देकर एफआईआर दर्ज करवा सकता है इसके लिए फरियादी को ऑनलाइन सूचना देने के तीन दिन के बाद कोतवाली जाकर आवेदन की कॉपी में हस्ताक्षर करने होंगे अलीगंज पुलिस ने बताया कि आज से देश में नवीन न्याय सहायता लागू हो गई है जिसको लेकर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है जिसके लिए समय-समय पर अलीगंज पुलिस के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहेगा। इसके अलावा अलीगंज कोतवाली प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि नए कानून से सभी लोगों को त्वरित न्याय के अलावा समय सीमा के भीतर लोगों को न्याय मिल पाएगा।

# प्राथमिक पाठशाला शंकरपुर में प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया बच्चों का तिलक किया सम्मान ,हलुवा भी खिलाया




*दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान (जालौन) से जिला रिपोर्टर सुयश पाण्डेय की रिपोर्ट*

कुठौंद जालौन! आज 1 जुलाई 2024 को प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं का शिक्षण कार्य प्रारंभ हो गया हैं! पहले दिन आए छात्र-छात्राओं का प्रधानाध्यापक अजय कुमार पांडे के द्वारा छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर सम्मान किया गया ! सरकार द्वारा चलाई जा रही शिक्षा नीति के अनुसार विद्यालय में शिक्षा दीक्षा का बड़े ही सकुशल तरीके से छात्र छात्राओं को शिक्षा ग्रहण कराई जाती है और इनके उज्जवल भविष्य को बनाने के लिए शिक्षकों द्वारा पूरे दायित्व का निर्वाहन किया जाता हैं! विद्यालय में उपस्थित सहायक अध्यापक अपर्णा सिंह अक्षय कुमार रूपाली तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री विश्व मोहिनी शुक्ला, साहियका माया देवी भी मौजूद रही!



## ग्राम राजापटना, खजुरिया से वन विभाग द्वारा मगरमच्छ का किया गया

### सफल रेस्क्यू, ग्रामीणजन सुरक्षित

दमोह ~ 01 जुलाई 2024 राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो

जिले के ग्राम राजापटना के समीप आज रात्रि 03 बजे ग्रामीणों द्वारा एक मगरमच्छ कच्ची सड़क पर देखे जाने की सूचना वन परिक्षेत्र अधिकारी दमोह विक्रम चौधरी को उनके मोबाईल पर प्राप्त हुई। जैसे ही सूचना प्राप्त हुई वन विभाग का अमला तुरन्त हरकत में आया और वन मण्डल अधिकारी एम.एस. उइके के निर्देशन में ग्राम राजापटना के समीप खजुरिया स्थल पहुंचकर ग्रामीणों को सर्तक रहने की जानकारी दी गई, साथ ही साथ वन अमले के अधिकारियों और कर्मचारियों की सतत् निगरानी में मगरमच्छ को पकड़कर लोहे के पिजरे में बंद कर सफल रेस्क्यू करके सिंगौरगढ़ स्थित तालाब में छोड़ा गया। उक्त सम्पूर्ण रैस्क्यू में उप वन मण्डल अधिकारी आर.सी. चौबे, वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम चौधरी, कार्यवाहक वनक्षेत्रपाल सिंगौरगढ एम.ए. कुरैशी एवं आशीष श्रीवास्तव, कार्यवाहक वनपाल कौशल सिंह, किशोर सिंह, शिवसिंह का योगदान रहा।

## भोजपुर पुलिस ने नगर में रैली निकालकर नागरिकों को तीनों नए कानून से अवगत कराया

भोजपुर। सोमवार को भोजपुर थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह द्वारा 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में थाना भोजपुर परिसर




पर पुलिसकर्मी, संभ्रांत व्यक्तियों, अधिवक्ताओं व आम जनमानस के साथ गोष्ठी कर जागरूक किया गया तथा आमजन को जागरूक करने हेतु नगर पंचायत भोजपुर में रैली निकालकर लोगों को तीनों नए कानून के बारे में अवगत कराया। इस दौरान थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार,एस एस आई मुरलीधर चौहान, उपनिरीक्षक सुनील राठी, उपनिरीक्षक राजकिशोर, उपनिरीक्षक अनिल गोस्वामी,पूर्व सभासद सज्जाद हुसैन, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी जफर अंसारी, समाजसेवी कासिम उर्फ कांता,व पुलिसकर्मी और भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## थाना पहाड़ी सहित जनपद के समस्त थानों में नये भारतीय कानून लागू होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

*ब्यूरो रमेश रैकवार चित्रकूट*

चित्रकूट पहाड़ी थाना मे जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी लवकुश चतुर्वेदी, कोपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी की उपस्थिति में थाना पहाड़ी में आज से लागू होने वाले नये भारतीय कानून के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में




सहायक शासकीय अधिवक्ता(फौजदारी) सुशील कुमार सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह द्वारा आमजनमानस को भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के सम्बन्ध में जागरुक किया गया ।

इसी क्रम में थाना राजापुर में क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अध्यक्षता में एवं जनपद के अन्य थानों में प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों की अध्यक्षता में कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजनमानस को भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के सम्बन्ध में जागरुक किया गया ।

# डॉक्टर्स दिवस : अमनदीप ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर अपने डॉक्टरों को सम्मानित किया

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार ब्यूरो अमृतसर पंजाब*

अमृतसर, 1 जुलाई~

विशेष रूप से संगठन और सामान्य रूप से समाज के लिए अपने डॉक्टरों की विशिष्ट सेवाओं के लिए उनके प्रति कृतज्ञता के भाव में, अमनदीप ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने अपनी सभी शाखाओं में भारत के सबसे प्रसिद्ध डॉक्टरों में से एक डॉ बीसी रॉय की याद में 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाकर उन्हें सम्मानित किया।

अमनदीप ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स से जुड़े सभी डॉक्टरों के परिवारों को गिफ्ट हैम्पर्स बांटे गए, ताकि उन्हें ऐसे प्रतिभाशाली डॉक्टर्स देने के लिए धन्यवाद दिया जा सके, जिन्होंने ग्रुप को चिकित्सा और शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में उस ऊंचाई तक पहुंचने में मदद की है जिस पर आज वह खड़ा है, और समाज के लिए वरदान साबित हुए हैं। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों को गुलाब की कलियाँ भेंट



की गई, और उन्हें बहुत ही सम्मान के साथ उनकी ओपीडी में ले जाया गया। इस अवसर पर केक काटने की रस्म भी निभाई गई।

÷यह हमारे प्रतिष्ठित डॉक्टरों, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में महान नवाचार किए हैं, जिससे उन्हें वैश्विक चिकित्सा और शल्य चिकित्सा क्षेत्र में अलग पहचान बनाने में मदद मिली है, को धन्यवाद देने का हमारा तरीका था। हमें उनके साथ जुड़ने पर गर्व है और उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए हम उनके आभारी हैं। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं,÷ डॉ अवतार सिंह, चीफ ऑर्थोपेडिक सर्जन, अमनदीप अस्पताल, अमृतसर, ने कहा ।

ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट, प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, फुट केयर आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध चिकित्सकों और सर्जनों से सुसज्जित अमनदीप ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की अमृतसर, पठानकोट और तरनतारन में चार शाखाएं हैं, और उत्तर भारत में कई ओपीडी क्लीनिक हैं।

# शॉर्ट फिल्म के माध्यम से दी गई नए कानून की जानकारी

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*
मो.7509091263

नवीन आपराधिक कानून लागू हैं। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम तीनों नये कानून को लाने का उद्देश्य जाँच और न्याय प्रणाली को पारदर्शी, सहज और सुलभ बनाना है। सोमवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पुलिस लाइन छतरपुर में पुलिस उप महानिरीक्षक ललित शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, न्यायालय अधिवक्ता संघ, अभियोजन अधिकारी, जनप्रतिनिधियों, इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट मीडिया की उपस्थिति में नए कानून के संबंध में जानकारी देने जनजागरूक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा कार्य प्रणाली व भूमिका को बताया गया। न्यायालय, अभियोजन अधिकारी व अधिवक्ता संघ द्वारा नए कानून के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक श्री जैन द्वारा नए कानून से संबंधित शार्ट फिल्म, प्रेजेंटेशन, इमेज प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किए गए। नए कानून संबंधी चित्र व तुलनात्मक धाराओं के पंपलेट वितरित किए गए। नए कानून में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य और दस्तावेजी साक्ष्य को सामान रूप से महत्व दिया जाएगा। इलेक्ट्रानिक यंत्र के माध्यम से कथन लेख किए जायेंगे, समन की तामीली होगी। साक्षी के कथन लेख किए जाने है, अगर वह कहीं बाहर है, तो उसके कथन आडियो-वीडियो के माध्यम से लिये जा सकते है। इसी प्रकार बलात्कार के प्रकरण की पीड़ित महिला के कथन भी लिए जा सकते है। भारतीय न्याय संहिता में 33 धाराओं में सजा एवं 83 धाराओं में जुर्माना बढ़ाया गया है, 12 नयें अपराध जोड़े गये है। 10 साल से अधिक दण्ड वाले अपराधी को फरार होने पर उदघोषित करने का प्रावधान है। मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक यंत्र से लिए गए साक्ष्य मान्य होंगे एवं घटना स्थल की वीडियोग्राफी होगी। संज्ञेय अपराध के घटित होने पर कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करा सकता है। किसी बालक को भाड़े पर अपराध करने के लिए लेगा वह 10 वर्ष तक के कारावास एवं जुर्माने से दण्डित होगा। भीड़-भाड़ द्वारा अपराध किए जाने पर नया अपराध माँब लिंचिंग के नाम से जाना जाएगा। भारतीय न्याय संहिता में बालिका के साथ बलात्कार करने पर आरोपी को मृत्युदण्ड की सजा का प्रावधान किया गया है। झपटमारी (चौन स्नेचिंग) को नए कानून में अपराध के रूप में चिन्हित किया गया। ऐसा उदघोषित आरोपी फरार हो जाता है या विदेश चला जाता है, तो भी प्रकरण का विचारण न्यायालय में लगातार होगा, जिससे फरियादी को शीघ्र न्याय प्राप्त होगा।

वर्तमान में सामुदायिक सेवा को भी दण्ड के रूप में जोड़ा गया। न्याय के लिये सरकार आडिग ब्रिटिश कानून में आतंकवाद के खिलाफ कोई प्रावधान नही था, नये कानून में सजा का प्रावधान किया गया। जिसमें मृत्युदण्ड तक सजा का प्रावधान किया गया है।

राजद्रोह की जगह अब देशद्रोह को नये कानून में आपराधिक रूप में बताया गया। देशद्रोह का अपराध भारत की सम्पूर्ण एकता अखण्डता को खतरे में डालने वाले कार्यों पर केंद्रित है। सशक्त जांच के लिए गंभीर आपराधिक मामलों में सुबूत जुटाने के लिए क्राइम सीन पर फोरेंसिक विशेषज्ञों का जाना अनिवार्य। अपराध के शिकार महिला और बच्चों को सभी अस्पतालों में फर्स्ट एड या इलाज निशुल्क मिलने की गारंटी होगी। गवाहों की सुरक्षा व सहयोग के लिए सभी राज्य सरकारें विटनेस प्रोटेक्शन प्रोग्राम लागू करेंगी। नए कानून में मामूली अपराधों के लिए दंडस्वरूप सामुदायिक सेवा की विधा शुरू। समाज के लिए सकारात्मक योगदान देकर दोषी अपनी गलतियों को सुधारने का काम करेगा। सुनवाई में देरी से बचने और न्याय की त्वरित बहाली के लिए कोई अदालत किसी मामले को अधिकतम दो बार ही स्थगित कर सकेगी। सभी कानूनी कार्यवाही इलेक्ट्रानिक माध्यमों से हो सकेगी। पीड़ित महिला की अदालती सुनवाई महिला मजिस्ट्रेट ही करेगी। अन्यथा संवेदनशील मामले में किसी महिला की उपस्थिति में पुरुष मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज होगा। 15 साल से कम आयु, साठ साल से अधिक और दिव्यांगों व गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन में पेश होने से छूट होगी। उन्हें पुलिस की मदद अपने निवास स्थान पर ही मिलेगी।

# सीईओ एवं उपयंत्री के संरक्षण मे भ्रस्टाचार पर डाला जा रहा पर्दा

अखण्ड प्रताप सिंह केसरिया हिंदुस्तान

संभागीय ब्यूरो

ब्योहारी। जनपद पंचायत ब्योहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत चचाई मे पूर्व सरपंच सरला बैस एवं प्रभारी सचिव श्याम दास कोल द्वारा अगनबाड़ी, पीसीसी सड़क और नाली निर्माण कराने के नाम पर फर्जी बिलो के आधार पर उपयंत्री से सांठ - गांठ कर राशि का बंदर बाट कर लिया गया था जिसके संबंध मे जानकारी लगते ही समाचार प्रकाशित किया गया जिस संबंध मे सीईओ ब्योहारी द्वारा वर्तमान सरपंच एवं सचिव से मौखिक रूप से जानकारी लेने के बाद उस पर पर्दा डालने के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्योहारी द्वारा वर्तमान सरपंच, सचिव एवं उपयंत्री को पत्र क्रमांक 292 दिनांक 22/06/2024 को तीन दिवस का अल्टीमेटम देते हुए वस्तु स्थित की जानकारी हेतु पत्र जारी कर दिया गया और आज दिनांक तक कोई कार्यवाही भ्रस्टाचारियों के खिलाफ नहीं की गयी।

### कार्यवाही न कर दिया जा रहा संरक्षण –

सरपंच सरला बैस बाणसागर भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र बैस की पत्नी है और मध्य प्रदेश सहित केंद्र मे भाजपा की सरकार है जिस कारण सरपंच एवं सचिव पर कार्यवाही करने के बजाया सीईओ एवं उपयंत्री द्वारा जिस कार्य का पैसा निकला है उस पर लीपा पोती कर पूर्ण कराये जाने की औपचारिकता करते हुए मामले को रफा दफा कराने का प्रयास किये जाने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया जा रहा है। इस संबंध मे ग्रामीणों द्वारा जिले के उच्चाधिकारियो से समाचार के माध्यम से जांच करा कर कार्यवाही की मांग की गयी।

# कैरियर काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञों के लिए आवेदन आमंत्रित

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*

मो.7509091263

मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा शिक्षित बेरोजगार आवेदको, के लिये एवं विद्यालयों महाविद्यालयों तथा तकनीकी महाविद्यालयों के अध्यनरत छात्र छात्राओं को रोजगार, स्वरोजगार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करने के उददेश्य से चलाई जा रही कैरियर काउंसलिंग योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिये कैरियर काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञों का पैनल तैयार करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। कैरियर काउंसलर के लिए मनोविज्ञान विषय में स्नाकोत्तर अथवा काउंसलिंग में पी.जी. डिप्लोमा एवं किसी शासकीय निजी संस्था में छात्र एवं छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने का 01 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। संबंधित विषय में विशेषज्ञता एवं मार्गदर्शन के क्षेत्र में 01 वर्ष का अनुभव के साथ प्रतियोगिता परीक्षाओ, प्रवेश परीक्षाओ, रक्षा सेवा, प्रशिक्षण संस्थाओं, व्यावसायिक पाठ्यक्रमो, छात्रव्रत्तिया, विदेश शिक्षा एवं संस्थान, शासकीय एवं निजी क्षेत्र में नौकरियों, स्वरोजगार योजनाओ, कौशल पाठ्यक्रमों, नेटवर्किंग द्वारा नौकरी, पाठ्यक्रमो की जानकारी देना। योग्यताधारी आवेदक अपना आवेदन नाम पता जन्मतिथि, शैक्षिणिक योग्यता अनुभव मोबाइल नं0 रोजगार पंजीयन पूर्ण वायोडाटा दिनांकः 12 जुलाई शाम 5रू00 बजे तक कार्यालयीन दिवसो में समस्त प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति के साथ जिला रोजगार कार्यालय, शासकिय आई. टी. आई. परिसर में महोबा वाय पास रोड छतरपुर में जमा कर सकते है।


# नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

*मैहर संवाददाता पुष्पेंद्र कुशवाहा*

पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सुधीर अग्रवाल के निर्देशन , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार वैश्य , स्ड्डह्र(क्क) अमरपाटन श्री शिव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमरपाटन निरी0 के0पी0 त्रिपाठी के नेतृत्व मे आरोपियो पर नकेल कसने के तारतम्य मे नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- पीड़िता द्वारा थाना अमरपाटन में रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि जब मैं अपने घर से स्कूल एवं कोचिंग सेंटर जाती हूं तो विपुल सिंह ,ओम प्रताप सिंह रास्ते में मिलते हैं और मुझसे गंदी गंदी बाते कर गंदे इशारे करते है । जिनको कई बार मना किया जो नहीं मानते और धमकाते है कि मेरे खिलाफ रिपोर्ट करोगी तो तुम्हे और तुम्हारे घरवालो को जान से खत्म


जिला मैहर, दिनांक 30/06/24

पुलिस थाना अमरपाटन
जिलाः- मैहर (म.प्र.)

*नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार*

पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सुधीर अग्रवाल के निर्देशन , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार वैश्य , SDO(P) अमरपाटन श्री शिव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमरपाटन निरी0 के0पी0 त्रिपाठी के नेतृत्व मे आरोपियो पर नकेल कसने के तारतम्य मे नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- पीड़िता द्वारा थाना अमरपाटन में रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि जब मैं अपने घर से स्कूल एवं कोचिंग सेंटर जाती हूं तो विपुल सिंह ,ओम प्रताप सिंह रास्ते में मिलते हैं और मुझसे गंदी गंदी बाते कर गंदे इशारे करते है । जिनको कई बार मना किया जो नहीं मानते और धमकाते है कि मेरे खिलाफ रिपोर्ट करोगी तो तुम्हे और तुम्हारे घरवालो को जान से खत्म कर देंगे। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 333/24 धारा 354(घ),506,34 ताहि 7/8 पाक्सो एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

दौरान विवेचना आज दिनांक 30.06.2024 को आरोपी ओम प्रताप उर्फ सुधांशू सिंह पिता पुष्पेन्द्र सिंह उम्र 23 साल नि0 भीषमपुर थाना अमरपाटन को गिरफ्तार किया गया है ।

सराहनीय भूमिका_निरी0 के0पी0 त्रिपाठी थाना प्रभारी अमरपाटन, उनि. आकाश बागड़े, उनि0 के0एल0 वर्मा, सउनि. समरजीत कोल, आर0 896 विकाश शिवहरे, आर0 368 जितेन्द्र कुमार

*सुरक्षा के साथ सहायता को तत्पर*
*जिला पुलिस मैहर*

कर देंगे। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 333/24 धारा 354(घ),506,34 ताहि 7/8 पाक्सो एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

दौरान विवेचना आज दिनांक 30.06.2024 को आरोपी ओम प्रताप उर्फ सुधांशू सिंह पिता पुष्पेन्द्र सिंह उम्र 23 साल नि0 भीषमपुर थाना अमरपाटन को गिरफ्तार किया गया है ।

### सराहनीय भूमिका

निरी0 के0पी0 त्रिपाठी थाना प्रभारी अमरपाटन, उनि. आकाश बागड़े, उनि0 के0एल0 वर्मा, सउनि. समरजीत कोल, आर0 896 विकाश शिवहरे, आर0 368 जितेन्द्र कुमार

# ग्राम प्रधान विजेता चौहान ने संत रविदास मंदिर के प्रति दिखाई आस्था, अपने निजी खर्च से रविदास मंदिर में सौन्दर्यकरण सहित कराए अनेको कार्य



*अनिल वर्मा/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

हरिद्वार/ ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम रानीमाजरा में ग्राम प्रधान विजेता चौहान ने संत रविदास मंदिर के प्रति आस्था दिखाई है। जिसमे रानीमाजरा ग्राम प्रधान विजेता चौहान ने प्रधानपति चरण सिंह चौहान की देख-रेख में अपने निजी खर्च से गाँव मे स्थित संत रविदास मंदिर का सौन्दर्यकरण सहित अनेको कार्य कराए है। आपको बतादें की हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा के गांव रानीमाजरा में संत रविदास मंदिर स्थापित है, जोकि लगभग पांच बीघा से भी अधिक जमीन में स्थापित है। यह संत रविदास मंदिर पिछले कई वर्षो से झाड़-फूंस से घिरे हुए बाउंडरी जैसे कई अनेको कार्यो व सौन्दर्यकरण न होने के कारण खस्ता हालत में था। जिसको लेकर ग्रामीणों व संत रविदास के अनुयायियों द्वारा लगातार मंदिर में अधूरे पड़े कई कार्यों व मंदिर की बाउंडरी सहित भराव कराए जाने की मांग की जा रही थी। वही ग्रामीणों का कहना था कि मंदिर के सामने नाला होने के कारण अनुयायियों को मंदिर में पूजा अर्चना करना पड़ा ही कठिन हो रहा है। ग्राम प्रधान विजेता चौहान व प्रधानपति चरण सिंह चौहान ने बताया कि मंदिर में इन सभी कार्यो को कराए जाने को लेकर अथक प्रयास किए जा रहे थे। जिसमें किसी भी योजना के तहत मंदिर में यह कार्य न होने से हताश होकर स्वयं ही निजी खर्च से इन कार्यो को कराया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रधान द्वारा स्वयं ही निजी खर्च से पांच बीघा जमीन का भराव, बाउंडरी, नाली व नालो की चार पुलिया सहित चार गेट का कार्य कराया गया है। यह कार्य प्रधानपति चरण सिंह चौहान की देख-रेख में पूर्ण कराया गया जोकी लगभग छह लाख रुपये की लागत से सम्पूर्ण हुआ है। वही ग्राम प्रधान विजेता चौहान व प्रधानपति चरण सिंह चौहान द्वारा कराए गए इस सराहनीय आस्था भरे कार्य की ग्रामीणों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

# श्री काली मैया मंदिर रोड एवं द्वार का भाजपा एमएलसी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल बिश्नोई व सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया ने किया लोकार्पण

**एम एल सी सलिल विश्नोई ने मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग के माध्यम से 1 करोड़ रुपए दिलाए जाने की घोषणा**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान औरैया से ब्यूरो चीफ विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 1 जुलाई। आवास विकास जन कल्याण समिति के तत्वाधान मे गत दिवस श्री काली मैया मंदिर रोड एवं द्वार का लोककर्पण भाजपा एमएलसी एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल बिश्नोई ने सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया ,भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता,नगर पालिका चेयरमैन अनूप गुप्ता की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया।

सदर विधायक गुड़िया कठेरिया द्वारा आवास विकास को गड्ढा मुक्त एवं जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए अधिकतम प्रयास करने का वादा किया और दीनदयाल उपाध्याय पार्क में मूर्ति अनावरण करने का एक माह के अंदर का आश्वासन दिया नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि सलिल बिश्नोई एवं सदर विधायक गुड़िया द्वारा किए गए कार्यों का आभार व्यक्त किया वही आवास विकास को जल्द ही नगर पालिका के द्वारा हैंडोवर लेकर प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ कॉलोनी बनाने का वादा किया व काली माता मंदिर रोड के दोनों तरफ नालो




का निर्माण करने का नगर पालिका अध्यक्ष जी द्वारा आश्वासन दिया गया।भाजपा जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता द्वारा सीवर लाइन की समस्या को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर उसे दुरुस्त करने का आश्वासन दिया गया। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद सलिल बिश्नोई द्वारा आवास विकास कॉलोनी को सबसे बेहतर कॉलोनी बनाने की ओर प्रयास जारी रखने के लिए कहा गया शीघ्र ही आवास विकास द्वारा आवास विकास कॉलोनी औरैया को नगर पालिका औरैया को हैंडोवर करने के लिए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया ।लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एम एल सी सलिल विश्नोई ने मंदिर परिसर में अपनी यादों को ताजा करते हुए कहा कि 24साल पहले मंदिर पर आया था,आज जब रास्ते में आ रहा था तो सोच रहा था कि बारिश में इस मंदिर पर कार्यक्रम कैसे होगा ,आज मंदिर का काया कल्प देखकर बहुत ही अच्छा लगा।मंदिर की व्यवस्था से अभिभूत व अपनी मिट्टी की याद ताजा कर समारोह के मुख्य अथिति एम एल सी सलिल विश्नोई ने मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए शीघ्र ही शासन से पर्यटन विभाग के माध्यम से एक करोड़ रुपए दिलाए जाने की घोषणा की।उक्त जानकारी वरिष्ठ बीजेपी नेता दिनेश मिश्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है

आवास विकास के महामंत्री विशाल कुमार पोरवाल एवं देवमुनि पोरवाल द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का तिलक कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया व आवास विकास जन कल्याण समिति के सभी सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर एस एस परिहार ने की व कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट देवेंद्र त्रिपाठी ने किया।



## उपमुखिया सद्दाम ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया

एस एस रिज़वी ज़िला ब्यूरो चीफ गया (केसरिया हिंदुस्तान)

गया जिला के प्रखंड इमामगंज अंतर्गत झिकटीया पंचायत के मुखिया सद्दाम ने बीते सोमवार को घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। दरअसल इमामागंज प्रखंड के बड़का करासन के मोड़ पर झीकटिया के बदरुवा टोला वार्ड नंबर 3 के गणेश दास पिता स्वर्ग रामवृक्ष दास जो मछली का कारोबार करते है। मछली को मोटर साईकिल से ले जाने के क्रम में वह सड़क पर गिर गए जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। जिससे उनके पैर हाथ में गंभीर चोट आ गया। तब झीकटिया के पंचायत के उप मुखिया को जानकारी हुई तो अपनी गाड़ी से आनन फनान में घटनास्थल पर पहुंच कर उन्हे उठाया और इमामगंज हॉस्पिटल में ले जा के भर्ती किया । जिसके बाद घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडीकल रेफर किया गया।

इस कार्य के लिए लोगो ने उप मुखिया सद्दाम खा की सहराना कर रहे है। हालाकि उप मुखिया सद्दाम हमेशा जनता के लिए खड़े रहते हैं हाल ही में उन्होंने नल जल के मुद्दे को गंभीरता से उठाया और पानी से त्रस्त जनता को जल पहुंचाया। इनकी आवाज का ऐसा प्रभाव हुआ की आधिकारी ने अविलंब जल की व्यवस्था करवाई। आगे भी ऐसा ही रहा तो इन्होंने घोषणा किया है की नल जल पीएचईडी विभाग के खिलाफ़ बड़े आंदोलन की तैयारी करेंगे।

## शाहरुख खलील ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

नगीना=नगीना रायपुर मार्ग पर नुमाइश प्रदर्शनी का उद्घाटन चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के पुत्र शाहरुख खलील ने फीता काटकर किया। इस मौके पर पूर्व सभासद नफीस कुरेशी ने बताया कि प्रदर्शनी में बच्चों के लिए विशेष झूले वह आम जरूरत का सभी सामान मिलेगा इस मौके पर भाजपा नेता बदर



मुनीम, सभासद मोहम्मद राशिद, सभासद मोहम्मद शारिक, सभासद गोपाल शर्मा, सभासद मकसूद उस्मानी, सभासद उस्मान जैदी ,रवीश सुल्तान, अंजार सैफी, आदि उपस्थित रहे।

## सड़कों के गड्ढे बने यात्रियों की परेशानियों का सबब

दमोह, 1 जुलाई 2024. राजेश, कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तानजिले भर में बनी सड़कों का हाल किसी से छुपा नहीं है बड़े-बड़े गड्ढे लोगों की परेशानियों का सबब बने हुए हैं, इन गड्ढों में गिरकर बाइक सवार अक्सर घायल



हो जाते हैं इसकी जानकारी जिला प्रशासन के साथ-साथ जिले के आला अधिकारियों को भी है लेकिन सड़कों की सुधार पर अभी तक किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया है शहर के मुख्य मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं जिला मुख्यालय पर बने पथरिया फाटक के ओवर ब्रिज का हाल भी किसी से छापा नहीं है जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे जो बारिश के पानी में राहगीरों को भ्रमित कर देते हैं और राहगीर अपनी बाइक या वाहन को सड़क पर इन गड्ढों में से निकलते हैं और अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं जिससे ही इन्हें गंभीर चोट आ जाती है जिसकी जानकारी जिले के आला अधिकारियों को भी है इसको लेकर इसी वार्ड के लोग सड़कों पर उतर आए थे लोगों को आश्वासन देकर अपने-अपने घर भेज दिया लेकिन आज तक इस और किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया अब देखना यह होगा कि प्रशासन कोई बड़े दुर्घटना होने का इंतजार कर रहा है या फिर शीघ्र ही दिन में कोई सुधार कार्य भी किया जाएगा

# भारतीय किसान संगठन के पदाधिकारियो ने प्रदेश अध्यक्ष की सुरक्षा की मांग करी

लखीमपुर खीरी आज दिनांक 1.7.2024 को भारतीय किसान संगठन के लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा की देखरेख में जिला अध्यक्ष सद्दाम रहमानी के नेतृत्व में भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ को सुरक्षा दिए जाने के संबंध में भारत सरकार के माननीय गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी महोदय खीरी को सौंपा गया इससे पहले जिला अध्यक्ष सद्दाम रहमानी की अध्यक्षता में संगठन की एक बैठक हुई इस दौरान जिला अध्यक्ष सद्दाम रहमानी ने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ को अराजक तत्वों से जान का खतरा है प्रदेश अध्यक्ष मूल रूप से जनपद एटा की ग्राम पंचायत परोली सुहागपुर मजरा मतबरिया थाना जैथरा के मूल निवासी हैं। वर्तमान में लखीमपुर खीरी में रहते हैं। वही के कुछ अराजक तत्व प्रदेश अध्यक्ष जी की हत्या कर देना चाहते हैं। मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने कहा की श्री देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ जी की पुश्तैनी संपत्ति एटा में है वहां अध्यक्ष जी की मां और उनके परिवार ने मिलकर भगवान महादेव जी का एक मंदिर अपनी निजी



जगह घर में बनवाया था उस मंदिर से इनके पूर्वजों ने करी 14 बीघा जमीन भी लगाई थी देवेंद्र कुमार पंकज जी के पिताजी का स्वर्गवास बचपन में ही हो गया था और वह लखीमपुर आ कर शिफ्ट हो गए थे जिला एटा में परिवार का भी कोई व्यक्ति नहीं रहता है मंदिर और संपत्ति पर वहां के अराजक तत्वों की नियत खराब है और वह लोग श्री पंकज की हत्या कर संपत्ति हड़प लेना चाहते हैं यहां लखीमपुर खीरी में भी आ कर हत्या का षड्यंत्र कर चुके हैं इसलिए आज हम सब भारतीय किसान संगठन के लोग अपने प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ की सुरक्षा की मांग करते हैं ताकि कोई अनहोनी न होने पाए। अगर सुरक्षा देने में हीला हवाली हुई तो हम सब मिल कर संयुक्त किसान संगठन के लोग धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। प्रदेश सचिव कामिल उस्मानी ने कहा कि इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष जी ने गृहमंत्री महोदय और मुख्यमंत्री महोदय को पत्र भी लिखा है मगर अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है हमारे संगठन के लोगों ने पहले भी ज्ञापन प्रेषित किया है मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई अगर जल्दी ही सुरक्षा व्यवस्था नहीं कराई गई तो किसान संगठन आंदोलन करेंगे। इस दौरान पिंटू वर्मा अमित वर्मा दीपक रस्तोगी शैलेश शर्मा रामजी वर्मा राम सागर गौतम शिवा रस्तोगी सौरभ वर्मा आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# थाना कुठौंद में संशोधित किए गए नए कानून पर चर्चा बैठक का हुआ आयोजन



***क्षेत्राधिकारी द्वारा नए कानून के संबंध में बैठक में आए संभ्रांत व्यक्तियों तथा समस्त स्टाफ को दी जानकारी***

*दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान (जालौन) से जिला रिपोर्टर सुयश पाण्डेय की रिपोर्ट*

कुठौंद जालौन! थाना परिसर कुठौंद क्षेत्राधिकार राम सिंह यादव तथा थाना अध्यक्ष कृष्ण पाल सरोज के द्वारा कानून संशोधन की जानकारी देने के लिए बैठक का आयोजन किया गया !जिसमें में केंद्र सरकार द्वारा किए गए नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 तुलनात्मक धारा नवीनतम के बारे में जानकारी दी गई जिसमें बताया गया कि 1860 में भारतीय दंड संहिता कानून बनाया गया था उसका संशोधन केंद्र सरकार द्वारा करने के बाद भारतीय न्याय संहिता 2023 की कानून प्रणाली 1 जुलाई 2024 से लागू कर दी गई है जिसमें बताया गया जैसे की मृत्यु दहेज उत्पीड़न की पहले की धारा 304 थी अब उसे संशोधन करके धारा 80 लागू की गई है! धारा 307 की जगह अब धारा 109 लागू की गई हैं! धारा 420 की जगह धारा 318 लागू की गई है! धारा 411 की जगह धारा 317 लागू की गई है !धारा 504, 506 की जगह धारा 351( एक )धारा 351 (4 )लोक शांति भंग करने को प्रकोपित करने के आशय से शासय अपमान भारतीय न्याय संहिता 2023 जो लागू की गई है वह धाराऐं एक से लेकर 358 तक को नया रूप दिया गया है! 1860 में भारतीय दंड संहिता की धाराएं 491 लागू की गई थी! अब केंद्र सरकार द्वारा 133 धाराओं को काम कर दिया गया है! अब हम सभी नागरिकों को नए कानून का पालन करते हुए अपना जीवन यापन करना होगा और इसी के साथ-साथ पुलिस विभाग को भी नए कानून का सम्मान सहित पालन करना होगा!

# जबेरा विधानसभा के नगर तेंदूखेड़ा में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना की तैयारी प्रारंभ



**आवेदन 3 जुलाई तक जबेरा जनपद एवं तेंदूखेड़ा जनपद में स्वीकृत किये जायेंगे**

दमोह ~01 जुलाई 2024 राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निर्देशन में जबेरा विधानसभा के नगर तेंदूखेड़ा में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह /निकाय योजना की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। तैयारियों का जायजा लेने राज्यमंत्री श्री लोधी के अनुज सत्येंद्र सिंह अधिकारीयों व जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यस्थल पर पहुंचे, जहां सुव्यवस्थित कार्य योजना बनाकर कार्यक्रम को लेकर स्थान को चयनित कर तैयारियां शुरू करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्री लोधी ने कहा कि राज्यमंत्री जी का प्रयास है कि मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह अधिक से अधिक संख्या में संपन्न हो, जिससे गरीब परिवारों के लिए लाभ प्राप्त हो सके।।

विदित है कि 14 जुलाई 2024 को विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है इसके आवेदन 3 जुलाई तक जबेरा जनपद एवं तेंदूखेड़ा जनपद में स्वीकृत किये जायेंगे।

# अशोक कुमार वर्मा ने ग्रहण किया उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह कि रिपोर्ट

झाँसी। भारतीय रेलवे भंडार सेवा के अधिकारी अशोक कुमार वर्मा ने उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का अतिरिक्त कार्यभार संभाला।इससे पहले श्री वर्मा दिनांक 05/01/2024 से केंद्रीय रेलवे विद्युतीकरण संगठन, (कोर) प्रयागराज के महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। अशोक कुमार वर्मा 1987 बैच के अधिकारी हैं। और उन्होंने विभिन्न पदों पर भारतीय रेलवे की सेवा की है। श्री वर्मा ने उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पश्चिम रेलवे के बेंगलुरु मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने पहले रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक रेलवे स्टोर के रूप में भी काम किया है। आज औपचारिक रूप से उत्तर मध्य रेलवे में कार्यभार संभालने के बाद अशोक कुमार वर्मा ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। सभी मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि रेलवे की कार्यप्रणाली में समय पालनता और संरक्षा सबसे महत्वपूर्ण मापदंड हैं। उन्होंने सभी संरक्षा नियमों और सावधानियों को बार-बार दोहराने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री वर्मा ने आगे कहा कि कार्य स्थल पर संरक्षाऔर कर्मचारियों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि रेल मदद यात्रियों की शिकायतों के समाधान का एक कारगर साधन है, इसका समुचित उपयोग किया जाना चाहिए।बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने जोन में चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की। अशोक कुमार वर्मा ने परियोजनाओं के बारे में विस्तृत पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन देखने के बाद कहा कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान समुचित योजना बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि संरक्षा, यात्री सुविधा और भविष्य की परिचालन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्यों की योजना बनाई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्य उचित विचार-विमर्श के बाद और ग्राहकों की आकांक्षाओं के अनुरूप किए जाने चाहिए। बैठक के प्रारंभ में अपर महाप्रबंधक श्री ए के सिन्हा ने नए महाप्रबंधक का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने अपना परिचय भी दिया।

## सपा सुप्रीमोअखिलेश यादव का मनाया गया 51 वां जन्मदिन,कटा केक, हुआ वृक्षारोपण

*केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव*

अलीगंज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव का 51 वां जन्मदिन सोमवार को अलीगंज में धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने केक काट कर फल वितरण किये तथा वृक्षारोपण किया



गया। अलीगंज पार्टी कार्यालय पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया।

पार्टी कार्यालय किला रोड एस डी गेस्ट हाउस में सैनिक प्रकोष्ठ की टीम व पार्टी के कार्यकर्ताओं व नेताओं की मौजूदगी में केक काटा गया। कार्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। शाक्य ने कहा कि हम सभी को 2027 में अखिलेश यादव को दोबारा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है।

साथ ही 7 तारीख तक चलने वाला पीडीए पखवाड़ा भी शुरू हुआ है जिसके तहत पौधरोपण किया जाएगा। हम सभी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नेताओं से कहना चाहता हूं कि पड़ा पखवाड़ा के तहत चलाए जा रहे हैं अभियान में सभी लोग वृक्षारोपण करें इस अवसर

सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव विनोद यादव,मुकेश यादव जिला सचिव युवजनसभा, गौरव यादव, ग्रीश यादव, हरीकिशन राजपूत फौजी, जितेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह,अनिल यादव, राजीव, राजवीर सिंह शाक्य, सुभाष शाक्य, भूपेंद्र शाक्य, डॉ संदीप यादव,पंकज यादव प्रधान, जसवीर यादव, देवेंद्र सिंह, अजय वीर सिंह, के अलावा सैकड़ो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और नौजवान साथी उपस्थित रहे।

# नियम-संयम से रहने पर साधना जल्दी और अच्छी बनती है

## बम्बई के सेठ ने बताया निजी अनुभव, बाबाजी के आश्रम पर कोई दो महिना रह ले तो पेट भरने को हमेशा कमा लेगा और बड़े से बड़ा अपराधी माला पकड़ लेगा

रेवाड़ी (हरियाणा) बड़े-बड़े अपराधियों के हाथ में भी माला पकड़ा देने वाले, बच्चों में अच्छे संस्कार डालने वाले, जिनके मुख्य आश्रम का पता बाबा जयगुरुदेव आश्रम, जयगुरुदेव नगर, पिंगलेश्वर रेलवे स्टेशन के सामने, मक्सी रोड़, उज्जैन (मध्य प्रदेश) है, ऐसे इस समय के पूरे समरथ सन्त सतगुरु दुःखहर्ता, बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि बहुत संयम-नियम से साधकों को रहना चाहिए। जो संयम और नियम से रहते हैं, उनकी साधना जल्दी, अच्छे से बनती है। यहां तक कि कहा गया कि सतसंगी, भजनानंदी ही क्यों न हो, उसके यहां खाओ, पियो तो उसको भी अपने भजन में से देना पड़ेगा। यह लेना-देना तो होता ही होता है। कर्मों का लेना-देना तो चलता ही चलता है। यह तो नियम के अंतर्गत आ गया जैसे यहां लेना-देना होता है, जिसका लेते हो तो उसको देते हो, किसी को देते हो तो उससे लेते हो, किसी को खिलाते हो तो उसके घर जाने पर वो आपको खिलाता है, रिश्तेदार रिश्तेदार के यहां जाता है तो उसका स्वागत सत्कार उसी तरह से होता है। तो यह लेना-देना है। तो लेने-देने का तो यह संसार ही है। इस लेना-देना में कर्मों की अदायगी होती है। अब वो कर्म तो आ ही जाते हैं तो बताया गया आपको, कर्म फांस छूटे नहीं, कर्म फांस कैसे छूटता है? गुरु के आदेश से, गुरु की बताई हुई युक्ति से, उपाय से छूटता है। समय-समय पर गुरु युक्ति बताते रहते हैं। जो जैसा होता है, उसको उस तरह का उपाय बताते रहते हैं। जैसे कोई छोटा बच्चा है, बहुत ज्यादा वजन उठा कर नहीं ले




जा सकता है तो उसको हल्का-फुल्का काम बता देते हैं कि तो चल ये यही काम करले। देखो गुरु महाराज (बाबा जयगुरुदेव जी) आश्रम पर श्रमदान सेवा कराते थे तो छोटे-छोटे बच्चे आते थे, मिट्टी ढ़ोने लगते, करने लगते थे तो गुरु महाराज कहते थे इस (बच्चे को) को एक (मिट्टी का) ढेला दे दो, कहते थे इसको दे दो, ले जा कर वहां डाल आओ, तो उससे वही काम कराते थे। उस सेवा (करने) से जो फल मिलता है, वह उस बच्चे को मिलता रहा। क्या फल मिला उसको? उसके संस्कार ही इस तरह के बने कि हमको सेवा करनी चाहिए और सेवा की आदत बन जाती है। जो अपने घर में झाड़ू लगाता है, कहीं भी झाड़ू लगाने में संकोच नहीं करेगा। और जो कभी झाड़ू लगाता ही नहीं, कोई काम नहीं करता, वह कहीं कुछ सीख भी नहीं पाता है। और वो तो इंतजार करता रहेगा कि हमारा कोई (दुसरा) काम कर दे, हमारा बिस्तर कोई लगा दे, हमारा बिस्तर कोई उठाकर हमारे साथ चले। अगर ऐसे लोग भी आ जाते हैं जो कुछ जानते समझते नहीं, नौकर सारा काम करते हैं, वो तो इंतजार करते हैं, उनको बताना पड़ता है कि ऐसे करो, वैसे करो। दूसरे का देख करके करते हैं। यह करते हैं तो हमको भी इसी तरह काफिले में करना चाहिए। लखनऊ में वाजिद अली बादशाह पर जब हमला हुआ तो भागे नहीं, पकड़े गए। तो लोगों ने पूछा आप क्यों नहीं भगे? बोले, कोई जूता पहनाने वाला नहीं था। जूता पहनता तब तो मैं भग जाता। ऐसे ही समझ लो आप कि वो कुछ सीख ही नहीं पाते, जान ही नहीं पाते। लेकिन जो सीख जाते हैं, उनको मालूम हो जाता है सब, वो तो कहीं भी सेट हो जाते हैं। पुरानी बात है, आश्रम पर बम्बई के एक बड़े सेठ आये थे, एक हफ्ता रहे, सब देखते रहे कहां क्या होता है। वो भी लगे सेवा में, मक्का की गुड़ाई में, पसीने से तर हो गए, क्योंकि कभी किये नहीं थे, सेवा में पिछड़ें तो बगल वाले उनका साथ दें। जब बम्बई लौटे, साथियों ने पूछा कहां एक हफ्ता बाबाजी के यहां बर्बाद किया? क्या जानकारी मिली? बोले मैंने दो चीजें देखा। वहां आश्रम पर अगर कोई दो महिना रह ले तो भूखा नहीं मरेगा, पेट भरने को अपना कमा लेगा, वहां कोई शर्म लिहाज नहीं रह जाता है। वहां तो सब काम सब लोग करते हैं। तुमने क्या किया? बोले मक्के की गुड़ाई कर के आये। दूसरी चीज? बम्बई के सभी बदमाश, चोर, माफिया, डकैत, सभी अपराधियों को वहां बाबाजी के यहां दो महीना कर दिया जाय तो सब सुधर जायेंगे, जो असलहा लिए रहते हैं, गोली चला देते हैं, सब माला पकड़ लेंगे। ऐसे बाबा हैं, न विश्वास हो तो पता देता हूँ, खुद देख आओ।

### *साधना में शरीर और मन को साधना होता है*

अब तो साधना कुछ है नहीं ज्यादा, कुछ नहीं। दो चीज तो साधना है। शरीर को साधो और शरीर जब सध जाएगा तो मन को साधो। शरीर और मन सध गया तो सब सध गया। तब फिर समझो सब बात बन जाएगी। तो अभी आप शरीर को बैठने की आदत डालो, घाट पर बैठो चाहे (अंदर में कुछ दिव्य) दिखाई पड़े न, दिखाई पड़े लेकिन जगह न छोड़ो, बैठने की आदत न छोड़ो, अंदर में घाट न छोड़ो। कहा गया है- पड़ा रहे दरबार में, धक्का धनी का खाए, कभी तो गरीब नवाजे, जो दर छाड़ न जाए।

# भ्रष्टाचार पर बात करोगे तो मुकदमा कायम होगा, जुड़वानी सरपंच सचिव की तानाशाही से परेशान पंचायत

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

आखिर आज के लोकतंत्र में ग्रामीण क्षेत्रो में सरपंच पंच उपसरपंच क्यो चुनता है। तमाम लोग इस महाकुंभ में हिस्सा लेते है लेकिन गाँव की जनता उनमें से एक व्यक्ति को ही जिससे उसे उम्मीद होती है कि ये व्यक्ति हमारे गाँव का उचित विकास कर जन सुविधाओ का विस्तार करेगा। लेकिन जब वही चुना हुआ व्यक्ति मनमानी पर उतारू हो जाय जन भावनाओं के विपरीत तानाशाह बन जाये तो ऐसे में ग्रामीण की जनता अपने आप को ठगा महसूस करने लगती है उसे लगता है कि हमने गलत चुनाव कर लिया। लेकिन जब वह व्यक्ति भ्रष्टाचार में उतारू हो जाय तो गाँव की जनता प्रताड़ित होने लगती है। ऐसा ही मामला मैहर के जुड़वानी ग्राम पंचायत से सामने आ रहा है जहां सरपंच और सचिव की मनमानी भ्रष्टाचार से परेशान ग्राम के पंच उपसरपंच प्रशासन के समक्ष लिखित शिकायत देकर किये जा रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा शासन की मंशा अनुरूप कार्य कराए जाने की मांग की है। लिखित शिकायत में आरोप लगाते हुए कहा है कि सरपंच और सचिव कार्य तो तमाम तरह के कर रहे है लेकिन इसके आय व्यय की जानकारी किसी को नही देते। मनरेगा के तहत जो कार्य ग्रामीणों से कराए जाने चाहिए



उन्हें मशीनों व बाहरी लोगों से कराए जा रहे है मस्टररोल फर्जी भरकर पैसा आहरित किया जा रहा है जो सरपंच सचिव की तानाशाही को प्रदर्शित करता है। पंचों का निर्धारित मानदेय नही मिल पा रहा। भ्रष्टाचार युक्त किये जा रहे कार्यो की शिकायत या जांच की बात जब सचिव से की जाती है कितना पैसा आया कहा कितना व्यय हुआ इसकी जानकारी जब सचिव से माँगी जाती है तो कार्य मे बाधा डालने हारिज एक्ट जैसे मामलों में फसा देने की धमकी दी जाती है। ग्रामीण सरपंच सचिव की मनमानी से खासे परेशान है और मामले की लिखित शिकायत जिला कलेक्टर मैहर को सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। देखना लाजमी होगा ग्रामीणों की गंभीर शिकायत पर जिला प्रशासन क्या संज्ञान लेता है।

## बाड़ी की बिटिया महिमा चौधरी की गौरवशाली उपलब्धि, ष्ठस्क्कके पद हुआ चयन

### मेरी बिटिया मेरा अभिमान- पिता दिलीप चौधरी

शैलेन्द्र चौहान भोपाल संभाग रिपोर्टर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान बाड़ी, नगर की होनहार बिटिया महिमा चौधरी की कड़ी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति के फलस्वरूप ष्ठस्क्क( उप पुलिस अधीक्षक ) के पद पर चयन होना बहुत ही गौरवपूर्ण उपलब्धि है। बिटिया महिमा चौधरी की इस उल्लेखनीय सफलता पर परिवार सहित समस्त बाड़ी नगरवासियों में बहुत ही खुशी एवं हर्ष का माहौल है। इसी क्रम में बिटिया महिमा चौधरी के सम्मान में नगरवासियों द्वारा चल समारोह निकाला गया जो प्रिया स्टेशनरी से प्रारंभ हुआ महिमा चौधरी का नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। ढोल नगाड़ों के साथ भव्य जुलूस में नगर के गणमान्य नागरिकों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर अपनी लाड़ली बेटी का स्वागत किया। बिटिया महिमा चौधरी के पिताजी शासकीय शिक्षक है जो बाड़ी के समीप एक छोटे से ग्राम भिस्टी के निवासी हैं एवं माताजी संगीता चौधरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। सामान्य परिवार की बिटिया द्वारा इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करना निश्चित ही गौरवपूर्ण विषय है। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री दुर्गेश नामदेव, विशिष्ठ अतिथि श्री के के नामदेव एवं श्री सुमेर सिंह ठाकुर रहे। सभी अतिथियों ने अपने आशीर्वचन में बिटिया महिमा चौधरी के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। सभी अतिथियों द्वारा महिमा बिटिया की इस उल्लेखनीय सफलता की भरसक प्रसन्नता व्यक्त की गई।श्री मुकेश टैगोर ने महिमा बिटिया चौधरी को नवीन प्रतियोगी छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। जीवन में निराश हुए बिना सकारात्मक ऊर्जा से ही गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की जा सकती है।



## जिला मंत्री विछडा वर्ग मोर्चा सत्यम नागर का जन्मदिन मनाया गया बड़े ही धूमधाम से

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान राजू मेहरा भोपाल.9425727854

भोपाल।। पिछला वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री सत्यम नागर ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ वृक्षारोपण किया फिर नागर को अपने जन्मदिन का केंद्रीय मंत्री द्वारा आशीर्वाद लिया दिन भर बधाई देने वालों का सिलसिला चलता रहा साथ ही क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री एवं हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा का आशीर्वाद लिया इस अवसर पर लोक स्वस्थ एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल से भैंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की मुख्य रूप से उपस्थित साथीगण साथ रहे विछडा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित चौहान. हर्राखेड़ा पंचायत सरपंच मचलसिह मालवीय .मोंटी नागर. गोलू मालवीय .आदि लोग मौजूद रहे नागर का जन्मदिन जगह जगह केक काटकर एवं मिठाइयां वाटकर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया



### कोर्ट परिसर में वृक्ष रोपण किया

रिपोर्टर = दिनेश शुक्ला

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री उमेश पांडव के मार्गदर्शन में आज दिनांक 1/2/2024 दिन सोमवार को तहसील विधिक सेवा समिति आलोट द्वारा न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश संदीप कुमार सोनी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड अनुप्रिया पाराशर व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड गवेन्द्र सिसोदिया, समीक्षा सिंह अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड अरहम खान आकांक्षा गर्ग संजय शाक्य अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आलोट सुनील जायसवाल थाना प्रभारी आलोट थाना प्रभारी लाल आबकारी थाना प्रभारी आलोट ब्रांच मैनेजर बैंक ऑफ़ बडोदा आदि द्वारा न्यायालय परिसर में पौधे रोपे गए



# जिला पंचायत सीईओ ने शिक्षक को किया सेवा से बर्खास्त

दैनिक केशरिया हिंदुस्तान

संभागीय ब्यूरो चीफ-पुरषोत्तम साहू

*सागर- * शासकीय माध्यमिक शाला धनौरा विकासखण्ड खुरई में संविदा शाला शिक्षक वर्ग 2 के पद पर संविदा शाला शिक्षक श्री मुकेश कुमार जैन पिता श्री अजित कुमार जैन को नियम 2005 के नियम-6 (8) एवं (9) एव करार की शर्ते क्रमांक 01 से 16 तक के निर्देशों के तहत नियुक्ति प्रदान की गई थी। करार की शर्तों के पालन में श्री जैन ने दिनांक 12.07 2013 को संविदा शाला शिक्षक श्रेणी 2 के पद पर शासकीय माध्यमिक शाला धनौरा में कार्यभार ग्रहण किया।

श्री मुकेश कुमार जैन दिनांक 12.07.2013 से 23.06.2014 तक संस्था में उपस्थित रहें एवं दिनांक 24.06.2014 से बिना सूचना के संस्था से अनाधिकृत रहने पर प्राचार्य शासकीय उमावि गढीला जागीर के द्वारा कार्यालय में श्री जैन के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य के प्रतिवेदन के अनुसार श्री जैन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए सेवा समाप्ति के संबंध में अंतिम अवसर दिया गया। श्री जैन द्वारा अपना पक्ष प्रतियोत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया।

संबंधित द्वारा दिनांक 05.03.2019 आवेदन में शारीरिक रूप से अस्वस्थ्य होने का लेख करते हुए कार्य पर उपस्थित नहीं हो पाया एवं कर्तव्य पर उपस्थित होने की अनुमति चाही गई। आवेदन के साथ अस्वस्थ्य होने संबंधी कोई प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं किए गये। संविदा करार शर्तों के अध्याधीन लंबे समय से अनाधिकृत अनुपस्थित होने के कारण श्री जैन को अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं कराया जा सकता।

मध्यप्रदेश पंचायत संविदा शाला शिक्षक (नियोजन एवं संविदा शर्त) 2005 में दी गई शर्तों के अनुसार श्री जैन की संविदा शाला शिक्षक वर्ग-2 के पद की सेवाए जिला पंचायत के लिए और उसकी ओर से शासन के बीच निष्पादित हुई है। श्री जैन द्वारा कराए की शर्तों एवं निबंधनों के तहत पंचायत विभाग की सेवा करने हेतु सहमति दी है कि अपना संपूर्ण समय सेवा के कर्तव्यों के प्रति समर्पित करूगां। तथा अपने स्वयं को किसी व्यापार, कारोबार या जीविका में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में नहीं लगाऊंगा, और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से पहले अनुज्ञा अभिप्राप्त किए बिना अनुपस्थित नहीं रहूंगा। यदि कोई अवचार करता हूं या इस संविदा के निबंधनों या अपने कर्तव्यों या समय-समय पर सौंपे गये किन्हीं कर्तव्यों का जानबूझकर उल्लंघन या उसकी उपेक्षा करता हूं तो मेरी सेवाएं किसी भी समय बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकेंगी। पंचायत ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल राजपत्र क्रमांक/202/भोपाल दिनांक 06 मई 2005 (संशोधन नियम राजपत्र दिनांक 24 अप्रैल 2008) में उल्लेखित संविदा करार शर्तों का उल्लंघन करने के परिणाम श्री मुकेश कुमार जैन (संविदा शाला शिक्षक वर्ग -02 शासकीय माध्यमिक शाला टीलाबुजुर्ग विकासखण्ड राहतगढ़ को संविदा शाला शिक्षक वर्ग -02 के पद से पृथक किया गया है।

## शहर के भरहुत नगर स्थित घनी आबादी के बीच मकान बने सचदेव इलेक्ट्रॉनिक गोदाम लगी भीषण आग

*सतना जिला ब्यूरो चीफ मनीष शुक्ला 7049698876

सतना। भरहुत नगर बैंक कालोनी में बनाए गए विद्युत गोदाम में लगी अचानक भीषण आग, मकान में बनाया गया था इलेक्ट्रानिक गोदाम, घनी आबादी के बीच बनाया गया यह गोदाम, मौके पर अभी तक करीब 40 दमकल पानी लग चुका है, लेकिन अभी तक आग 90 त्न कंट्रोल में है, लगातार दमकल विभाग द्वारा आग बुझाने का प्रयास जारी है, यह गोदाम सचदेव सेल्स कॉर्पोरेशन का गोदाम है, इसके संचालक हैप्पी सचदेव है, शहर के अंदर व्यापारियों द्वारा मकान में गोदाम संचालित किए जा रहे हैं, यह शहर की इलेक्ट्रानिक गोदाम में आग लगने की हाल में दूसरी घटना है, लेकिन निगम प्रशासन इनको गंभीरता से लेना पड़ेगा, क्यों अधिकांश गोदामों में फायर सुरक्षा के कोई भी उपकरण मौजूद नही है, ऐसे में वो दिन दूर नहीं जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना बनकर सामने आए।



## नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

सतना जिला ब्यूरो चीफ मनीष शुक्ला 7049698876

पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सुधीर अग्रवाल के निर्देशन , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार वैश्य , स्ष्ठह्र(क्क) अमरपाटन श्री शिव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमरपाटन निरी0 के0पी0 त्रिपाठी के नेतृत्व मे आरोपियो पर नकेल कसने के तारतम्य मे नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- पीड़िता द्वारा थाना अमरपाटन में रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि जब मैं अपने घर से स्कूल एवं कोचिंग सेंटर जाती हूं तो विपुल सिंह ,ओम प्रताप सिंह रास्ते में मिलते हैं और मुझसे गंदी गंदी बाते कर गंदे इशारे करते है । जिनको कई बार मना किया जो नहीं मानते और धमकाते है कि मेरे खिलाफ रिपोर्ट करोगी तो तुम्हे और तुम्हारे घरवालो को जान से खत्म कर देंगे। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 333/24 धारा 354(घ),506,34 ताहि 7/8 पाक्सो एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

दौरान विवेचना आज दिनांक 30.06.2024 को आरोपी ओम प्रताप उर्फ सुधांशू सिंह पिता पुष्पेन्द्र सिंह उम्र 23 साल नि0 भीषमपुर थाना अमरपाटन को गिरफ्तार किया गया है ।

### सराहनीय भूमिका

निरी0 के0पी0 त्रिपाठी थाना प्रभारी अमरपाटन, उनि. आकाश बागड़े, उनि0 के0एल0 वर्मा, सउनि. समरजीत कोल, आर0 896 विकाश शिवहरे, आर0 368 जितेन्द्र कुमार

# नवीन विधि संहिता एवं प्रावधानों की जानकारी हेतु कार्यक्रम आयोजित हुआ

*रघुनाथ सेन जिला रिपोर्ट*

### आईजी इंदौर ज़ोन (ग्रामीण) भी श्री अनुराग ने नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी

### कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं आमजन सम्मिलित हुए

धार 01 जुलाई, 2024

देश भर में एक जुलाई से लागू हुई नवीन विधि संहिता के संदर्भ में आज धार जिला मुख्यालय पर पुलिस थाना नौगांव परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजित जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता धार विधायक नीना विक्रम वर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा, आईजी इंदौर ज़ोन (ग्रामीण) अनुराग, विधिक सेवा सचिव उमेश सोनी, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एडीएम अश्विनी कुमार रावत सहित अन्य अधिकारीगण, एनसीसी के बच्चे एवं आम नागरिक




सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईजी इंदौर ज़ोन (ग्रामीण) श्री अनुराग ने जन सामान्य को नए कानून एवं उसके प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए कानून का मुख्य उद्देश्य त्वरित न्याय देना है। किसी भी थाने पर जीरो एफआईआर दर्ज कराई जा सकेगी। पीढ़ित ऑनलाइन माध्यम से भी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। कानून अंतर्गत नवीन प्रावधानों में अनुसंधान प्रक्रिया एवं साक्ष्य अभिलेखन में डिजिटल प्रणाली के प्रयोग को अपनाया गया है, जैसे जब्ती की कार्यवाही की ऑडियो - वीडियोग्राफी कराना। पीड़ित को विवेचना की प्रगति से अवगत कराया जाएगा। बदलते आपराधिक स्वरूप को देखते हुए नवीन परिभाषाओं एवं विवेचना में तकनीक का प्रयोग होगा। उपरोक्त बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए आईजी श्री अनुराग द्वारा भारतीय न्याय संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्य नवीन बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला गया। तीनों नवीन कानून की प्रमुख बातों को उल्लेखित करते हुए कार्यक्रम स्थल पर प्रावधानों संबंधी जानकारी की प्रदर्शनी लगाई गई थी।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

# ऑनलाइन जुए की लत ने युवक को बनाया हत्यारा



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/** मनोज सिंह/जिला ब्यूरो

टीकमगढ़।घटना का विवरण- दिनांक 26.6.24 को थाना देहात में सूचना प्राप्त हुई कि थाना देहात अंर्तगत कारी रोड पर आलमपुर गांव के पास तलैया में एक छोटी बच्ची का शव पड़ा हुआ है उक्त सूचना पर तत्काल देहात थाना पुलिस के द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर तलैया से शव निकाला, शव की पहचान आभ्या कुशवाहा पुत्री अरविंद कुशवाहा उम्र 5 साल निवासी ग्राम आलमपुरा थाना देहात की होना पाया गया, शव के सर में मृत्यु कारित चोटें होना पाए जाने पर तत्काल थाना देहात में अपराध क्रमांक 242/24 धारा 302, 201 ताहि. का कायम किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देश- उक्त घटना को पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी द्वारा गंभीरता से लेते हुए उक्त अज्ञात हत्या आरोपी का खुलासा कर गिरफ्तार करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक रवि गुप्ता एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आनंद राज के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम, एफएसएल टीम, साइबर टीम द्वारा कड़ी मेहनत एवं लगन से कार्य करते हुए हत्या के अज्ञात आरोपी का खुलासा कर आरोपी अभिषेक कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया।

घटना का कारण आरोपी द्वारा ऑनलाइन ट्रेडिंग साइट पर रुपए हार जाने एवं उसपर लाखों रुपए कर्ज हो जाने से आरोपी द्वारा अपहरण कर हत्या करने की साजिश रची गई ताकि फिरौती में लाखों रुपए मांग सके।

तरीका ए वारदात आरोपी द्वारा गांव में बच्ची को अकेला पाकर टाफी का लालच देकर उसे अपनी दुकान में बुलाकर, उसका मुंह दबा दिया और अपने हाथ के कड़े से उसके सर पर वार कर हत्या कर दि, फिर बच्ची को एक बोरी में डालकर अपनी मोटरसाइकिल से गांव के पास के तालाब में फेंक दिया।

**आरोपी का विवरण-अभिषेक पिता अशोक कुशवाहा उम्र 18 साल निवासी ग्राम आलमपुरा थाना देहात जिला टीकमगढ**

सराहनीय योगदान सराहनीय योगदान उक्त अज्ञात हत्या का खुलासा एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय, निरीक्षक रवि गुप्ता, निरीक्षक आनंद राज, उप निरीक्षक नीतू खटीक, उप निरीक्षक मनोज द्विवेदी, उप निरीक्षक रघुराज सिंह, उप निरीक्षक मयंक नगायच, सहायक उप निरीक्षक रेवाराम, सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक- रज्जन रैकवार, अनिल शर्मा, तरवेज अली, रहमान खान, शैलेंद्र चौधरी, मोईन खान, रघुराज, अजय, शकील, आरक्षक अवनीश, अरबाज, मनोज, कपिल महिला आरक्षक ज्योति यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# उमा ने सुधारी अपने परिवार की आर्थिक स्थिति और दिया अपने पति को रोजगार में सहयोग

**जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मो. 9424075866

धार- महिला विकास संस्था से जुड़कर आज कई महिलाएं अपने आत्मनिर्भर बनी है और अपने परिवार की आर्थिक स्थिती सुधार कर अपने पति को भी रोजगार और अन्य कार्यो में सहयोग कर रही है ! उमा बताती है मेरा इट बनाने का व्यवसाय है में और मेरे पति हम इट बनाने का कार्य करते है में कम स्थर से इट व मटके तेयार करती थी जिससे मेरा घर खर्च भी नही निकलता था फिर मेने सोचा की व्यवसाय को बढाया जाये लेकिन हमारे पास इतने पेसे नही थे की हम इट के लिए कच्चा माल खरीद सके फिर एक दिन मेरे गॉव में रहने वाली सुनीता दीदी जो की महिला विकास संस्था की सदस्य है उन्होंने बताया की आप स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपना व्यवसाय को बड़ा सकते है उनकी बात मुझे अच्छी लगी और में स्वयं सहायता समूह से जुड़ गई समूह से जुड़कर मुझे सोसायटी से 40 हजार रुपये का ऋण मिला जिससे मेने इट का कच्चा माल ख़रीदा और इट बनाना शुरु की जिससे मुझे 20 हजार रुपये तक की अच्छी आमदनी होने लगी और समूह से लिया गया ऋण भी पूरा कर दिया फिर मेने सोचा की इट व दीये बनाने की मशीन खरीद ले लेकिन मेरे पास 20 हजार रुपये ही थे फिर मेने समूह से 2 लाख रुपये का ऋण लिया जिससे मेने मशीन खरीदी और मशीन से इट व दिये बनाना शुरु किया जिससे मेरा व्यवसाय बढने लगा और मुझे 50 हजार तक की अच्छी आमदनी होने लगी ! स्वयं सहायता समूह से जुड़कर मेने आज अपना व्यवसाय को बढाया जिससे मुझे अच्छी आमदनी होने लगी ! महिला विकास संस्था से जुड़कर आज कई महिलाएं अपने व्यवसाय को बड़ा कर अपनी आमदनी को बढ़ावा दे रही है।





## एमपीईबी की अपनी 42 वर्षों की शासकीय सेवा से सेवानिवृत हुए श्री प्रह्लाद यादव

**जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मो. 9424075866

धार जिला मुख्यालय व बदनावर में आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में अपने उद्बोधन में अधिकारियों ने कहा

सेवानिवृत्ति एक बड़े यूग का अंत है लेकिन यह आपके जीवन में नए अध्याय की शुरुआत है- बृजमोहन गुप्ता (कार्यपालन यंत्री) सभी वर्ग के कर्मचारियों का विशेष ध्यान रख पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करते थे यादव - श्री भारिया जी (विजिलेंस कार्यपालन यंत्री) अपने शासकीय कार्य के साथ सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में भी विशेष रूची रखते हैं श्री यादव देव शर्मा (सहायक यंत्री बदनावर शहर संभाग) आदि अधिकारी कर्मचारियों ने अपने श्री प्रहलाद यादव के सेवा काल के दौरान अनेक अनुभव को साजा कर पुरानी यादें ताजा की कर श्रीफल पुष्पमाला व साफा बांधकर सम्मान कर विदाई दी । श्री यादव शासकीय कर्मचारी होने के साथ ही श्री गणेश व्यायाम शाला के उस्ताद, श्री लक्ष्मी गौशाला के ट्रस्ट, एवं श्री आनंदेश्वर महादेव मंदिर के पूर्व अध्यक्ष थे। कार्यक्रम में उपस्थित राजेंद्र सिंह चौहान (जोनल सचिव फेडरेशन) प्रेम रावल (धार साख समिति) के अध्यक्ष योगेंद्र परमार,सतीश राठौड़, जयराम डोडिया,रमेश बोडाना,जगदीश पवार, लोकेश सरोता, भेरूलाल शर्मा, श्री मिश्रा (कनिष्ठ यांत्रिक कोद),रमेश परमार, श्रीधर व्यास, भगवान सिंह पवार, राजेश प्रजापत मनीष शर्मा मनोज बैरागी यश गुर्जर,लोकेंद्र सिंह पवार, वीरेंद्र, सिंह पवार चेतन यादव, ओमप्रकाश गुर्जर,हरी यादव,अजय चौहान,विशाल बैरागी रवि पवार आदि साथी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अवैध शराब की बिक्री करने वाला आरोपी चढ़ा चितरंगी पुलिस के हत्थे

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**

सिंगरौली/- नशे के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार को अवैध शराब बिक्री की सूचना पर चितरंगी पुलिस टीम ग्राम धबई से एक आरोपी को सात कार्टून देशी प्लेन मदिरा के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।मिली जानकारी के अनुसार जैसे ही चितरंगी पुलिस आरोपी के ठिकाने पर पहुंची तब पुलिस टीम को देखकर आरोपी भागने लगा पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। जिसका नाम पता पूछा गया जो अपना नाम इन्द्रजीत साहू पिता रामसजीवन साहू उम्र 24 वर्ष सा. धवई थाना चितरंगी जिला सिगंरौली का होना बताया गया।मुखबिर के बताये अनुसार तलासी ली गई आरोपी के कब्जे से 07 कार्टून में देशी प्लेन मदिरा ( 330 पाव कीमती 23,100/- रूपये ) बरामद हुई।आरोपी इन्द्रजीत साहू पिता रामसजीवन साहू उम्र 24 वर्ष सा.धवई थाना चितरंगी द्वारा शराब बिक्री करने के संबंध में वैध कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर अपराध धारा कायम कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया।उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक,बीपी कोल,उमेश तिवारी,राममिलन तिवारी,प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत मिश्रा,महिला आरक्षक प्रतिमा टोप्पो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के तहत दस हजार से एक लाख रुपये तक का प्राप्त कर सकते है ऋण

रायसेन( मदन राजपूत ब्यूरो चीफ केसरिया हिंदुस्तान )मप्र शासन द्वारा संचालित की जा रही डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना का लाभ लेकर जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार पुरूष, महिलाएं स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं।योजना के तहत आवेदक को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए उद्योग सेवा एवं व्यवसाय क्षेत्र की समस्त परियोजनाओं में बैंकों के माध्यम से 10 हजार रू से एक लाख रू तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। मप्र शासन की ओर से योजना के तहत स्वीकृत इकाई की लागत पर 07 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अधिकतम 5 वर्षो तक ब्याज अनुदान दिया जाएगा।डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा वह अनुसूचित जाति वर्ग का सदस्य हो।आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष के मध्य होनी चाहिए और आवेदक पूर्ण में किसी बैंक या शासकीय संस्था से डिफाल्टर नहीं होना चाहिए।योजना का लाभ लेने हेतु आवेदक को न्यूतनम 5वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए तथा आय सीमा का कोई बंधन नहीं है। इसके अतिरिक्त आवेदक वर्तमान में राज्य शासन एवं केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही नहीं होना चाहिए।योजना के तहत ग्यारंटी फीस मप्र शासन द्वारा दी जाएगी। योजना के तहत आवेदक ह्यड्डद्बड्डह्यह्ल.द्वश्चशठ्ठ-द्यद्बठ्ठद्ग.द्दश1.द्बठ्ठ पर आवेदन कर सकते हैं।डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कलेक्ट्रेट कार्यालय कमरा नम्बर 56 में सम्पर्क किया जा सकता है।

# नए कानूनों को लेकर हुई बैठक

## एसडीएम, एसडीओपी एवं एडीपीओ ने प्रबुद्धजनों को दी जानकारी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्योरो चीफ

मंडलेश्वर। स्थानीय थाना परिसर में सोमवार से लागू हुए नए कानूनों को लेकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी दीपक यादव ने परिचर्चा की शुरुवात में विषय संबंधी जानकारी दी। एसडीओपी मनोहर सिंह गवली ने जानकारी देते हुए बताया की भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई की मध्यरात्रि से सम्पूर्ण देश में लागू हो चुके है। आजादी के 75 वर्ष के बाद अमृतकाल में अंग्रेजो के बनाए कानूनों से भी आजादी मिल गई है। उक्त तीनों नए कानूनों के साथ सम्पूर्ण कानून की विभिन्न धाराओं की जानकारी प्ले स्टोर पर उपलब्ध एप पर मौजूद है। इस जानकारी को कोई भी एप के माध्यम सेबोराप्त कर सकता है। एडीपीओ प्रकाश सोलंकी एवं प्रदीप अलावा ने उपस्थित प्रबुद्धजनों को विभिन्न कानूनों की जानकारी सरल भाषा में देते हुए बताया की अब भारतीय नागरिक कही से भी ई एफआईआर दर्ज करवा सकता है। बस उसे अगले 3 कार्य दिवस में थाने पर उपस्थित होकर उस ई एफआईआर की पुष्टि करना होगी। जिससे उस एफआईआर पर आगामी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। भविष्य में इन नवीन कानून के लगी होने से इलेक्ट्रोनिक साक्ष्य को भी मान्यता मिलेगी। कुछ धाराएं भी बदल गई है जैसे पूर्व में हत्या के लिए 302 धारा के अंतर्गत सजा का प्रावधान था अब नए कानून के अनुसार धारा 103 के अंतर्गत न्याय होगा। पूर्व के दंड विधान से अब समाज को संविधान पर आधारित न्याय की अवधारणा मिलेगी।



वही कार्यक्रम के अंतिम उद्बोधन में एसडीएम अनिल कुमार जैन ने बताया की लगभग 150 वर्षो से अधिक पुराने अंग्रेजो के कानून में परिवर्तन किया है। जिसे नया भारत नया विधान कहा गया है। भारतीय दण्ड संहिता को अब भारतीय न्याय संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम को बनाई धाराओं के अंतर्गत परिभाषित किया गया है। नवीन न्याय व्यवस्था में 511 धाराओं के स्थान पर 326 धाराएं हो गई है। कुछ कानूनों को भी नए नाम से परिभाषित किया गया है जैसे राजद्रोह को समाप्त कर देशद्रोह अपराध कानून लागू किया गया है। नवीन कानून व्यवस्था को महिलाओं एवं बच्चो के प्रति अधिक हितैषी बनाया गया है।

प्रबुद्धजनों में शामिल राजीव काले ने उक्त नया भारत नया विधान की समर्थन करते हुए कहा की भारत की 150 वर्ष से अधिक पुरानी अपराधिक न्याय प्रणाली को प्रथम बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीयता, भारतीय संविधान और आम जनता के हित की परवाह करने वाली व्यवस्था के रूप में लागू किया गया है। इससे नागरिकों में कानून के प्रति विश्वास, अपराध पर नियंत्रण एवं समतामूलक समाज के निर्माण वाली नई न्याय व्यवस्था बनेगी। अन्य प्रबुद्धजनों में नप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि हरी गाडगे, पार्षद कमलेश भार्गव, व्यापारी संघ अध्यक्ष विजय पाटीदार, गणेश पाटीदार, नवीन अग्रवाल, महेंद्र सोलंकी, विजय बड़ोले, रीटा जोशी, मंजुला मेवाड़े सहित अन्य उपस्थित थे।

# सेवानिवृत प्राचार्य की धूमधाम से हुई विदाई,मनाया गया सम्मान समारोह



**सेवानिवृत प्राचार्य में कर्तव्यनिष्ठा सहित धैर्यवान के गुण मौजूद थे- पूर्व विधायक अमर सिंह**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/चितरंगी- शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितरंगी में कार्यरत रहते हुए अधिवर्षीकी आयु पूर्ण कर चुके प्राचार्य सत्यभान सिंह 30 जून 2024 को सेवानिवृत हुए,जिनके सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह कार्यक्रम विद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया।सम्मान समारोह में श्री सिंह का पुष्पगुच्छ,माल्यार्पण से स्वागत किया गया।वहीं शाल व श्रीफल एवं रामचरितमानस,आम का पौधा भेंट किया गया।श्री सिंह की गाजे-बाजे के साथ निज निवास चितरंगी तक पैदल चलते हुए धूमधाम से विदाई की गई।सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत प्राचार्य सत्यभान सिंह तथा विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष चितरंगी सियादुलारी,पूर्व विधायक चितरंगी अमर सिंह,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कौशल प्रताप सिंह,उपसरपंच चितरंगी सुरेश गुप्ता,उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य जगजीवन भारती,पूर्व सेवानिवृत प्राचार्य एसबी सिंह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें प्राचार्य सच्चिदानंद पांडेय मंचासीन रहे।

वहीं प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल खटाई जयकांत कुमार,प्राचार्य हाई स्कूल नौडिहवा पोंड़ी कामता प्रसाद तिवारी,बीआरसी सियाराम भारती, प्रधानाध्यापक कमला प्रसाद बैस,गुलाब प्रसाद जायसवाल, हरिमंगल सिंह,लक्ष्मण सिंह,रमाशंकर बैस,धर्मपाल सिंह,रामगोपाल गुप्ता, शिवकुमार सिंह,पद्माकर मिश्रा, पारसलाल सिंह,अंशुमान सिंह,अनीश विश्वकर्मा,कयूम शेख,वीरभद्र जायसवाल,मिथिलेश जायसवाल दीपक प्रसाद गुप्ता,राजमणि बैस,खड़क सिंह,विनोद कुमार सिंह,उमाकांत जायसवाल, सत्यनारायण,मुकेश,अरविंद जाय,चंद्रशेखर,चंद्रकुमार,शर्मिला सिंह,सुनीता पांडेय,मीरा सिंह,सविता सिंह,सुधा सिंह,कृष्णा दुबे,सरोज साहू सहित सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें।सभी के द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत प्राचार्य के कार्यों की सराहना की गई एवं उनके उत्तम स्वस्थ्य जीवन के साथ-साथ दीर्घायु होने की शुभकामनाएं भी दी गई।

# बेतपुर जंगल के वृक्ष कटाई पर रोक नहीं लगी तो धरने पर बैठेंगे: महंत देवस्वरूपानंद

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/मनोज सिंह/ जिला ब्यूरो

टीकमगढ़। विशेष गरुवंश जल एवं पर्यावरण बचाने के लिए पद यात्राओं के साथ जन जागरण करता हूँ एवं बौद्धिक, आंदोलन आदि के रूप में सेवा कार्य करता हूँ जो 15 सालों से कर रहा हूँ। मेरा राष्ट्र धर्म प्रकृति के लिए संम्पर्ण जीवन समर्पित है, ग्राम बैदपुर जिला टीकमगढ़ में जंगल को काटकर प्रकृति को नष्ट करने की सूचना समाचार पत्रों व सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई थी, उक्त विषय में मेरे द्वारा जिला वन अधिकारी महोदय टीकमगढ़ से फोन पर लंबी वार्ता हुई लेकिन उनका वृक्षों को बचाने के लिए कोई भी संतोषजनक उत्तर नहीं था, न ही वे समस्या के समाधान करने में सक्षम दिखे। प्रकृति पेड़ पौधे, जंगल नदी तालाव हमारे राष्ट्र की धरोहर है इन्हें बचाकर रखना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है जैसा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा एवं महामहिम राष्ट्रपति जी के द्वारा तथा प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री के द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए अनेक प्रकार से प्रयास किये जा रहे है वृक्ष केवल प्राणवायु ही नहीं देते वृक्ष जीव जन्तु एवं पक्षियों का घर भी होता हैं इसलिए किसी भी जीव को बेधर करने का हमारा संविधान भी अनुमति नहीं देता, अगर वैदपुर का जंगल काटा जायेगा तो छोटे बड़े पौधे मिलाकर लगभग 25 हजार वृक्ष काटे जाने की संभावना है जिसमें हजारों जीव जन्तु जर पक्षी धर असंतुलित हो जायेगे और आने वाले समय में पक्षियों की प्रजाति विलुप्त हो जायेगी। साथ ही पर्यावरण भी होगा प्रकृति जीव मानव के लिए आपसे विनम्र आग्रह है कि बैदपुर का जंगल कटने से रोके ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश सार्थक हो और आगे भी पेड़ पौधे जंगल नदी तालबों के प्रति जन मानस की आस्था एवं बनी रहे। व्यक्तिगत तौर पर मैं वृक्षों के कटने की खबर से बहुत पीडित हूँ तथा आमजन मानस भी दुखी है।



अतः श्रीमान जी आपसे विनम्र आग्रह है कि 24 घंटे के पूर्व बैदपुर जंगल को नष्ट होने से बचाने तत्काल रूप से मौके पर रोक लगाने की कृपा करें अन्यथा मैं स्वयं व अन्य सामाजिक संगठन समाजसेवी हेतु संयुक्त कलेक्टर कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण तरीके धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होऊंगा महंत देवस्वरूपानंद के साथ ज्ञापन देने में मौजूद रहे मुकेश, अमान सिंह, महेंद्र रिछारिया, हरिराम कुशवाहा, लक्ष्मन कुशवाहा भईयाराम यादव सहित कई लोग मौजूद रहे

# एक ओर जहां सरकार, सामाजिक संगठन और पर्यावरण प्रेमी नागरिक पर्यावरण सुधार के लिए वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्वों का गिरोह धड़ल्ले से हरे भरे वृक्षों को काटकर लकड़ी के अवैध व्यवसाय में लिप्त

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

**आशीष शर्मा सनावद**

गत रविवार को असामाजिक तत्वों के गिरोह ने स्थानीय सूत मिल ग्राउंड पर लगे तीन विशाल छायादार वृक्षों की बलि ले ली। वृक्ष काटने वाले गिरोह के सदस्यों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि दिनदहाड़े कटर मशीन से तीन हरे भरे वृक्ष काट दिए। जागरूक नागरिकों ने वृक्षों को कटते देख फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। वृक्ष काटने की खबर फैलते ही पर्यावरण प्रेमी नागरिकों में आक्रोश फैल गया और जनप्रतिनिधियों को फोन लगाकर वृक्ष काटने वाले गिरोह के सदस्यों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की। उधर पुलिस को आता देख गिरोह के सदस्य कटर मशीन लेकर फरार हो गए। वृक्ष काटने की खबर मिलते ही विधायक सचिन बिरला और नगरपालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने तत्काल पुलिस और वन विभाग को फोन कर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए कहा। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिर्ला ने पटवारी को बुला कर वृक्ष काटने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पंचनामा बनाया और वृक्षों की काटी गई लकड़ी को नगरपालिका में जमा करवाया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि नपा परिषद ने वृक्ष काटने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करने का आवेदन किया है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि और पर्यावरण प्रेमी नागरिकों ने आम जन से आव्हान किया है कि जहां भी वृक्ष कटता हुआ देखें तो इसकी खबर तत्काल पुलिस और वन विभाग को दें। नागरिकों ने वृक्ष काटने वाले कतिपय असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग शासन प्रशासन से की है।



# कुछ ही माह में जनता के दिलो में जगह बना चुके थे कमिश्नर जामोद, रीवा संभाग के लिये किया गया स्थानांतरण

## स्थानांतरण रुकवाने नेताओं ने किया पत्राचार, तीन माह में श्री जामोद के प्रयास से व्यवस्थाओं में आया था सुधार

**जब संभागायुक्त बीएस जामोद नें शहडोल संभाग का पदभार ग्रहण किया था। उसके बाद से जनता को संभाग की तस्वीर बदलती हुई दिखाई देने लगी थी। और उन्हें यह लगने लगा था कि एक लंबे अरसे के बाद हमें ऐसा कमिश्नर मिला है जो हर क्षेत्र में व्यवस्थाओं को सुधारने का काम कर रहे हैं।और उनका फोकस शहडोल संभाग में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। और वह स्वयं संभाग भार के स्कूलों का जा करके निरीक्षण भी कर रहे थे।लेकिन उनके अल्प कार्यकाल में ही स्थानांतरण रीवा कर दिया गया।जिसके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कमिश्नर का स्थानांतरण रोकने हेतु मुख्यमंत्री को पत्र लिखा।लेकिन जनता को यह उम्मीद नहीं थी कि यहां के सांसद,विधायक आगे नहीं आएंगे अगर वह आगे आए होते तो निश्चित ही संभाग वासीयों को आज यह दिन ना देखना पड़ता।**

गजेन्द्र परिहार

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश तिवारी,एवं भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ मप्र के प्रदेश सह संयोजक चन्द्रेश द्विवेदी



एड व प्रदेश सह संयोजक पदम खेमका ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर शहडोल कमिश्नर बीएस जामोद का रीवा किया गया स्थानांतरण निरस्त किए जाने की मांग किया है।भाजपा नेताओं ने कहा कि शहडोल कमिश्नर के रूप मे मार्च 2024 मे बी एस जामोद की पदस्थापना की गई थी। लगभग 03 माह के अल्प कार्यकाल मे कमिश्नर बी एस जामोद का ट्रांसफर रीवा कर दिया गया।

### शिक्षा एवं राजस्व में सुधार

शहडोल कमिश्नर रहते हुए बी.एस जामोद द्वारा शहडोल संभाग में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें संभाग के सभी शिक्षक प्रशिक्षित किए गए।उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हेतु प्रयास किए गए। कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा राजस्व न्यायालय की व्यवस्था में सुधार हेतु अभिनव पहल करते हुए कई उपखंड न्यायालयों एवं तहसील न्यायालयों का औचक निरीक्षण कर जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।कमिश्नर जामोद की सक्रियता से संभाग में राजस्व,शिक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था में व्यापक सुधार देखा जा रहा है।

नेताओं ने किया पत्राचार

अचानक श्री जामोद के स्थानांतरण से उनके द्वारा सम्भाग के लिए विकास के लिए जो गति दी गई थी उसमें निश्चय ही थोड़ा अवरोध पैदा हुआ है।शहडोल संभाग के सभी क्षेत्रों में कार्यो को गति आई थी तथा अवैध कार्यो को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई की गई थी जिसका जिलेभर की जनता ने स्वागत भी किया था।भाजपा नेता कैलाश तिवारी एवं चन्द्रेश द्विवेदी ने मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अपेक्षा की है कि आदिवासी बहुल शहडोल संभाग को विकास की गति दे रहे कमिश्नर जामोद का रीवा कमिश्नर के रूप में किया गया स्थानांतरण निरस्त किया जाए तथा उन्हें शहडोल में ही पदस्थ रहने दिया जाए। शहडोल संभाग लंबे समय तक अतिरिक्त प्रभार में रहा है ऐसे में कमिश्नर कोर्ट में लगे प्रकरणों में भारी विलंब हुआ था और अब फिर से वही स्थिति आ जाएगी जो की चिंता जनक है आम जनता उसमें परेशान होगी।



## जिले में भारतीय न्याय संहिता में पहला मुकदमा

शहडोल। जिला शहडोल में नवीन अपराधिक अधिनियम भारतीय न्याय संहिता के तहत थाना जयसिंहनगर में फरियादी पीड़ित का सड़क दुर्घटना संबंधी रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया गया है। सोमवार को फरियादी मोतीलाल नामदेव पिता रामप्रसाद उम्र 42 निवासी कनाड़ी खुर्द, थाना जयसिंहनगर द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपार्ट लेख कराया कि आरोपी एमपी 04 एफपी 5039 टैंकर के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर टैंकर द्वारा फरियादी के भाई की मोटर सायकल को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया है। पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक के निर्देशन में थाना जयसिंहनगर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281,125(।) एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत आरोपी एमपी 04 एफपी 5039 टैंकर के चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# एसडीएम, स्कूल कॉलेज में लगे बसो की चेकिंग के कार्य की निगरानी करें :कलेक्टर

### सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ करें निराकरण –कलेक्टर

### खंड शिक्षा अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कलेक्टर ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी



शहडोल। कलेक्टर तरुण भटनागर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि पूरे प्रदेश में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत समस्त विभाग दिए गए लक्ष्य के अनुसार पौधारोपण करना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने कहा है कि यह अभियान एक विशेष अभियान है इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी। इस अभियान के कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि पौधारोपण करके मेरी लाइफ पोर्टल पर अपलोड करना होगा। कलेक्टर तरूण भटनागर ने कहा है कि मेरी लाइफ पोर्टल में लॉगइन करके पौधारोपण की फोटो या वीडियो अपलोड करना होगा। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय परिसर में पौधे लगाना सुनिश्चित करें तथा अपने मैदानी कर्मचारी को भी पौधे लगाने हेतु निर्देशित करें उन्होंने कहा है कि जिस विभाग को जितना पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है उसे समय अवधि में पूरा करके जानकारी प्रेषित करें। कलेक्टर ने समस्त मुख नगर पालिका अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देश दिए हैं कि वह भी अपने अधीनस्थ ग्राम सचिव एवं वार्ड प्रभारी की पौधारोपण की निगरानी हेतु ड्यूटी लगाएं एवं दिए गए लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

### स्कूल कॉलेजों में लगी बसों की करें चेकिंग

बैठक में कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह यातायात परिवहन विभाग द्वारा स्कूल, कॉलेज की बसों की फिटनेस जाँच की निगरानी करें. उन्होंने कहा है कि स्कूल कॉलेज की बसों की स्थिति, इंजन की स्थिति, ड्राइवर एवं क्लीनर की मेडिकल जांच, बसों की फिटनेस के दस्तावेज इत्यादि की अच्छी तरह से जांच हो यह सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित किया है कि सवारी बसों की भी जांच हो तथा निर्देशित करें की क्षमता से ज्यादा सवारी ना हो तथा सभी बसें निर्धारित समय में चले।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर तरूण भटनागर ने सीएम हेल्पलाइन की भी समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन की स्थिति संतोषजनक नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा है कि आपके द्वारा शिकायतों का निराकरण न करने के कारण आपकी ग्रेडिंग नीचे रह जाती है। जिसके फसस्वरूप जिले की भी ग्रेडिंग नीचे रह जाती है। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण कर अपने ग्रेडिंग में सुधार लाने हेतु उचित एवं परिणाम मूलक कार्यवाही करें।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर तरूण भटनागर ने बैठक में खंड शिक्षा अधिकारियों की उपस्थिति नहीं होने पर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि आप बैठक में समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को उपस्थित होने के लिए ताकिंत करें अन्यथा खंड शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ आप पर भी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे स्वयं एवं खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षा विभाग में प्राप्त शिकायतों का निराकरण करने हेतु शिकायतकर्ता से बात करें एवं उन्हें अपने द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में बताएं एवं संतुष्टि पूर्वक शिकायत को बंद कराना सुनिश्चित करें।

### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

कलेक्टर तरूण भटनागर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा है कि स्वास्थ्य विभाग शिकायतों का निराकरण करने हेतु विशेष कार्यवाही करे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वास्थ्य विभाग में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु प्रभावी कार्यवाही करें एवं अपने अधीनस्थ आमले एवं मैदानी कर्मचारियों की शिकायतों के निराकरण हेतु ड्यूटी लगाएं।

### राजस्व विभाग की समीक्षा

कलेक्टर तरुण भटनागर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह राजस्व विभाग के कार्य मे प्रगति लाएं। उन्होंने कहा है कि सीमांकन बटांकन एवं नामांकन के कार्यो को प्राथमिकता के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त तहसीलदार को निर्देश दिए हैं कि वह प्रत्येक सप्ताह पटवारियों की बैठक ले एवं पटवारियों को प्रत्येक सप्ताह का लक्ष्य भी निर्धारित करें तथा समीक्षा की करें। उन्होंने कहा है कि निर्धारित लक्ष्य को पूरा न करने पर पटवारियों के पर कड़ी कार्यवाही करें अन्यथा आपके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कलेक्टर शहडोल के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर एवं फेसबुक पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शिकायतकर्ता से बात करें उनकी समस्याओं को समझें एवं संतुष्टि पूर्वक शिकायत का निराकरण करें।

### ये रहे मौजूद

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, श्रीमती प्रगति वर्मा, नरेंद्र सिंह धुर्वे, श्रीमती ज्योति परस्ते, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एंटोनियो एक्का, भागीरथी लहरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान, जिला शहडोल में पर्यावरण संरक्षण के लिए जगा रहा अलख



शहडोल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरुआत की गयी है। शहडोल जिले में यह अभियान अब जन-जन का अपना अभियान बन चुका है। प्रदेश में पर्यावरण के संरक्षण के लिए यह अभियान अलख जगा रहा है। हर कोई अपने माँ के लिए पेड़ लगाकर इस अभियान के प्रति अपनी सजगता दिखा रहा है। पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। ये हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं। बल्कि विभिन्न प्रकार के फल-फूल, जड़ी बूटियां और लकड़ियां आदि भी देते हैं। घर के आसपास पौधरोपण करने से गर्मी, भू क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते हैं। इसी तारतम्य में शहडोल जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कलेक्टर तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान प्रचलन में है। इस अभियान में जिले के नागरिक बढ़ चढकर सहभागिता निभा रहे हैं और अपनी माँ के नाम पर और प्रकृति के आंचल को हरा-भरा रखने के लिए पौधरोपण कर रहे हैं तथा रोपे गए पौधों को जीवित रखने का संकल्प ले रहे हैं। इस अभियान के तहत जिले के ग्रोहपारू, बराबहेल्हा, जमुनी, विजयसोता, ग्राम पंचायत बिरौडी, समान, निपनिया, पैरीबहरा, पैलवाह, ग्राम पंचायत खरला सहित अन्य स्थानों पर लोगों ने पौधरोपण किया तथा पौधों की सुरक्षा और उन्हें जीवित रखने का संकल्प लिया।

## कमिश्नर ने नगर वासियों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम व साक्ष्य अधिनियम में संशोधन की दी जानकारी

### कमिश्नर एवं एडीजीपी ने शहडोल नगर में निकाला फ्लैग मार्च





शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद एवं एडीजीपी शहडोल जोन डीसी सागर ने रविवार को शहडोल नगर मे नगर वासियों को भारतीय दंड संहिता के नए बदलाव के बारे में जानकारी देने हेतु फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान कमिश्नर ने नगर वासियों को बताया कि भारत सरकार ने भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम इन नियमों में संशोधन कर नए प्रकार के कानून बनाए गए है जो कि 1 जुलाई 2024 से लागू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब भारतीय दंड संहिता जो कि भारतीय न्याय संहिता कहलाएगी। सीआरपीसी, अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता कहलाएगी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम यह तीनों अधिनियम कल से नए स्वरूप में लागू हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो पुराने कानून थे वह अंग्रेजों के आधार पर बने थे। जो की हमारे देश के नागरिकों के हित में कम थे। उन्होंने बताया कि अब जो नए कानून बनाए गए हैं उनमें हमारे भारतीय नागरिकों के हित की दृष्टि से भारत सरकार ने पूरे मंथन के साथ संशोधन किया है। उन्होंने नागरिकों को उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे पहले पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने जाते थे तो कई बार ऐसा होता था कि हमने बयान कुछ और दिया है और पुलिस ने कुछ और बयान लिखा है। लेकिन अब नए प्रावधानों में हम जो रिपोर्ट दर्ज करवाने जाएंगे तो उसका पूरा वीडियो रिकॉर्ड किया जाएगा और आपके बयान के अनुसार रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। कमिश्नर ने नगर वासियों को बताया कि कई बार ऐसा पाया जाता है कि आप रिपोर्ट दर्ज करने जाते हैं और उस रिपोर्ट की क्या कार्यवाही हुई, इसकी कुछ जानकारी ही नहीं मिलती थी। लेकिन अब नए प्रावधान के अनुसार आपको रिपोर्ट दर्ज करने के 90 दिन में पुलिस आपको आपके केस की जानकारी उपलब्ध कराएगी। फ्लैग मार्च के दौरान कलेक्टर तरूण भटनागर ने भी नागरिकों को कानूनों में हुए नए बदलाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों को बताया कि जो बदलाव हुए हैं वे आम नागरिकों के हित में और न्याय के हित में बदलाव किए गए है। उन्होने बताया कि ऑनलाईन के माध्यम से पुलिस में एफआईआर भी दर्ज करा सकते हैं, जिसकी नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होनें बताया कि जो न्यायालयों में केस चलते हैं उन प्रकरणों का भी समय सीमा में निराकरण करने का प्रावधान है। फ्लैग मार्च के दौरान डीआईजी सविता सोहाने, सहित पुलिस बल भी साथ रहे।

## नीट परीक्षा 2024 के छात्र-छात्राओं को न्याय दिलाने एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर ने दिया ज्ञापन

अखण्ड प्रताप सिंह केसरिया हिंदुस्तान संभागीय ब्यूरो

अनूपपुर जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के जिला अध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति महोदय एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार अनूपपुर को सौंपा गया ज्ञापन में मांग की गई है कि नीट परीक्षा 2024 के छात्र-छात्राओं को न्याय दिलाया जाए एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए की नीट यूजी 2024 की परीक्षा के परिणाम आने के उपरांत पूरे भारतवर्ष में भाजपा शासित केंद्र सरकार के कालांतर में जिन छात्र-छात्राओं ने जिनकी संख्या लगभग 23 लाख है की भविष्य के साथ खिलवाड़ करके पेपर लीक करा कर भारी भ्रष्टाचार को अनजाम दिया गया है जो किसी जघन्य अपराध से काम नहीं है ज्ञापन में कहा गया है कि कई राज्यों में यह गोरख धंधा बिना सत्ता के असिन लोगों के सहयोग से संभव नहीं हो सकता है एन टी ए की भी भूमिका इस पूरे घोटाले में शामिल होने के भी प्रकाश दृष्टिगत हो रहे हैं जैसे लगभग 1565 बच्चों को ग्रेस मार्क देकर उन्हें मेरिट में लाया गया है और जो छात्र वर्षो से मेहनत करके इस परीक्षा में बैठे थे पेपर लीक करके अपने चहितो को करोड़ों रुपए की वसूली कर ईमानदारी से परीक्षा देने वाले बच्चों के उज्जवल भविष्य की हत्या की गई है जो किसी भी स्थिति पर बक्सा नहीं जाना चाहिए केंद्र सरकार में मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा एवं कौशल विभाग के पर्यवेक्षण में और एन टी ए के द्वारा जो की परीक्षा आयोजित करती है इसके पर्यवेक्षण में छात्राओं के उज्जवल भविष्य की हत्या




करने के कारण जल्द से जल्द उनका त्यागपत्र देने की कार्रवाई की मांग की गई और जल्द से जल्द जो दोषी इस पूरे भ्रष्टाचार में शामिल हैं उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाने की कृपा की जाए ताकि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति ना हो सके

### मध्य प्रदेश में हुए नर्सिंग कालेज घोटालों की जांच की जाए

जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर द्वारा मध्य प्रदेश में हुए नर्सिंग कॉलेज घोटाले की जांच की मांग की गई और महामहिम राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार अनूपपुर को सोपा गया ज्ञापन में कहा गया है कि मध्य प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज की मान्यता संबंधी बड़ा घोटाला हुआ है घटना विस्तृत रूप से उजागर हुई है। जिसके लिए मंत्री श्री सारंग सीधे-सीधे जिम्मेवार है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि, मंत्री श्री विश्वास सारंग आज भी अपने पद पर काबिज है। उपरोक्त नर्सिंग कालेज घोटाला छात्र-छात्राओं के भविष्य अंधकार में करने के लिए, चिकित्सा भी शिक्षा विभाग के मुख्य अपर सचिव मोहम्मद सुलेमान तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा आयुक्त निसांत बरबड़े सबके सहित कई अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की भूमिका उजागर हो रही है ऐसी स्थिति में प्रदेश में छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों सहित आम जनता में भारी रोष व्याप्त है अतः महामहिम आपसे निवेदन है कि प्रदेश में हुए, नर्सिंग घोटाले जैसे कलंक की संपूर्ण जाच कराकर कार्यवाही की जाने एवं जांच पूर्ण होने के पूर्व प्रथम दृष्टा अपराध में संलिप्त प्रतीत हो रहे प्रदेश के चिकित्सा मंत्री श्री विश्वास सारंग अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान एवं श्री निशांत बरबड़े को तत्काल निलंबित कर जांच कार्यवाही कराई जाने एवं मंत्री विश्वास सारंग को तत्काल मंत्री पद से निलंबित किया जावे जो की नियोजित होगा। ज्ञापन के पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया जिसमें केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के विरोध में जमकर नारे लगाए गएद्य धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय अवस्थी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामखेलावन राठौर, मुन्ना सिंह आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धामनोद पुलिस ने, मोटर सायकल गिरोह का पर्दाफास कर, पांच आरोपियों को धर दबोचा

### 11 मोटर साईकिले,9 लाख 70 हजार रूपये कीमत की जब्त।*

*धार//धामनोद मध्य प्रदेश//सुनिल निगवाल*

धामनोद// धामनोद पुलिस ने,मोटर सायकल चौरी करने वाले गिरोह का पर्दाफास कर, कुल 5 आरोपीयों से 11 महंगी चौरी की मोटर सायकल बरामद की गई। दरअसल आज दिनांक 28 जून को थाना प्रभारी अमितसिह कुशवाह के द्वारा, सादे कपडे में एक टीम द्वारा, कस्बे में भ्रमण कर , लगातार पूर्व में हुई मोटर सायकल चोरी की




घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक करते पाया गया कि , मोटरसाइकिल चोर , गाडियो की रेकी कर, मोटर सायकल चोरी की घटनाओ को अंजाम दे रहे है। जिसके चलते धामनोद पुलिस की टीम के द्वारा, संदेही प्रियान्शु पर निगरानी रखी गई और उसे दुधी रपट से चोरी की मोटर सायकल सहित धर दबोचा।

गिरफ्तार आरोपी प्रियांशु उर्फ मुन्ना चौहान निवासी भिकनियाखेडी एवं अन्य साथीयों दिपक भाबर, हरेसिंह उर्फ हनी चौहान, विकास उर्फ आकाश चौहान, अखिलेश उर्फ अतुल के द्वारा रेकी कर, थाना क्षेत्र व अन्य जिलो से मोटर सायकल चोरी की गई। पूछताछ के दौरान, कुल 5 आरोपियों के कब्जे से चोरी की 11 मोटर सायकल किमती 9 लाख 70 हजार रूपये की जप्त की गई ।

# केन्द्र सरकार ने बदले अंग्रेजों के बनाए हुए कानून

### 1जुलाई 2024 से नए कानून लागू

बाड़ी, मोदी सरकार द्वारा समय समय पर अनेक परिवर्तनकारी निर्णय लिए गए हैं। इसी क्रम में नए कानून भारतीय न्याय संहिता,भारतीय अपराध संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1जुलाई से लागू होंगे।आज पुलिस थाना बाड़ी से सुबह 11बजे सी एम् राइज स्कूल के एनसीसी के बच्चों एवं पुलिस विभाग द्वारा नए कानूनों के जन जागरण एवं प्रचार प्रसार हेतु नगर में रैली निकाली गई।थाना प्रभारी महोदय के मार्गदर्शन में पुलिस थाना



बाड़ी के समस्त स्टाफ द्वारा बस स्टैंड, बकतरा चौराहा, नगर परिषद भ्रमण के बाद थाना पर समापन हुआ । तहसीलदार एवं थाना प्रभारी द्वारा नए कानूनों की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। नए कानून संबंधी मीटिंग में नगर के गणमान्य नागरिक,डॉक्टर,पत्रकार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,ग्राम कोटवार आदि मौजूद रहे।सी एम राइज स्कूल के एनसीसी के बच्चे खत्म हुआ अंग्रेजी राज के नारे लगाते हुए चल रहे थे। नए कानूनों से जनता को जल्दी और सही न्याय मिलेगा।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल, भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# परियोजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोमवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा लहरपुर तहसील क्षेत्रांतर्गत शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित गांवों मुसियाना, महसी, सरैया, जल्लाहपुर, कोरियनपुरवा, पर्वतपुर, लोनियनपुरवा, मुगलपुर आदि की सुरक्षा हेतु कराए गए स्टड निर्माण की परियोजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से परियोजना के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों समस्याओं का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित भी किया। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय मुसियाना में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ चौकियों एवं राहत शिविरों की समय से स्थापना किए जाने तथा उनमें आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों द्वारा अभी तक की गई तैयारियों की समीक्षा भी की।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए सभी संपर्क मार्गों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए जिससे राहत एवं बचाव के कार्यों में कोई असुविधा न हो। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपातकालीन स्थिति हेतु वाहनों का पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। विद्युत, चिकित्सा, पुलिस आदि विभागों के अधिकारियों को भी तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राहत शिविरों में मानकों के अनुसार सभी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। शौचालय, पेयजल इत्यादि का भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि राहत शिविरों में बेहतर जलापूर्ति हेतु सबमर्सिबल का प्रबंध भी सुनिश्चित किया जाय। विद्युत आपूर्ति आदि के विषय में भी उचित प्रबंध हेतु निर्देश दिए। पशुओं को भी ऊंचे स्थानों पर स्थित आश्रय स्थलों में रखने एवं उनके लिए चारे इत्यादि का भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आपात स्थिति हेतु टेंट, तिरपाल, गद्दे आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लहरपुर को निर्देशित किया कि सभी ड्यूटियां समय से लगाते हुए सभी को उनके दायित्वों के विषय में अवगत करा दिया जाये। सभी संबंधित विभागों से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही सभी राहत शिविरों का स्थलीय निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया। खाद्यान्न एवं भोजन वितरण हेतु भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। नावों एवं नाविकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, खंड विकास अधिकारी बेहटा प्रदीप कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई विशाल पोरवाल, जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन माला बाजपेयी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने आर आर सेंटर में मिट्टी पटाई घोटाला उजागर



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

?रामपुर मथुरा सीतापुर। योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने का काम कर रही है जिससे हर व्यक्ति को सरकार की सुविधाओं का लाभ मिल सके और सरकारी योजनाओ का लाभ ग्राम पंचायतो को मिल सके लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी और कर्मचारी सरकार को पलीता लगाने में कोई को कसर नहीं छोड़ रहे हैं ।जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कदीम का है जहां पर घोटाले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं 26 जून को खबर प्रकाशित हुई थी जिसका शीर्षक था ( हैंड पंप पर खर्च 5¬30 लाख फिर भी तरस रहे पेयजल को ग्रामीण) ग्राम पंचायत में कागजों पर रिबोर व मरम्मत दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। ? जिसकी जांच पूरी नहीं हुई नया खुलासा पुनः सामने आ गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने आर आर सेंटर में मिट्टी पटाई घोटाला सामने उजागर हो रहा है ग्राम पंचायत के दिनेश, जियालाल, समर, संजय, हनीफ , आदि ने बताया कि आर आर सेंटर में लगभग 30 से 40 लेबरों के द्वारा मिट्टी पटाई का कार्य किया गया है जो आर आर सी सेंटर के पीछे से ही मिट्टी खुदवा कर डाली गई है लेकिन सरकारी अभिलेखों के अनुसार लगभग 1,25,000 रुपए विभिन्न फर्मो पर लगाकर बंदर बांट किया गया है यहां तक प्रधान श्रवण कुमार तथा प्रधान के भाई संदीप कुमार के नाम मिट्टी पटाई के नाम काफी पैसा निकाला गया जब कोई फर्म नहीं मिली तो नाग पेंट हार्डवेयर के नाम मिट्टी पटाई का भी पैसा निकल गया । आर आर सी सेंटर में ताला लटक रहा है जबकि यहां पर कूड़ा ढोने वाली गाड़ी भी खरीदी गई है जो प्रधान के घर का कार्य करती है अभी तक आर आर सी सेंटर का प्रयोग नहीं किया गया है ग्रामपंचायत का आलम यह है कि चारों तरफ नालियां बज-बजा रही है रास्तों पर कीचड़ भरा हुआ है कूड़े के ढेर लगे हुए हैं ।लेकिन प्रधान व सेक्रेटरी अपनी जेब भरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं । प्रधान व सेक्रेटरी का आलम यह है कि कानून को ताक पर रखकर मनमाने तरीके से प्रधान श्रवण कुमार के नाम पर 99 00 रुपए निकाले गए तथा स्टेशनरी व फोटो कॉपी के नाम पर भी काफी घोटाला किया गया है। इस तरह से ग्राम पंचायत में प्रधान व सेक्रेटरी के द्वारा जमकर घोटाला किया गया है जो जांच का विषय है...? जब इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार से बात की गई तो बताया जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## सहजनपुर ( गोधना ) गौतम बुद्ध की प्रतिमा क्षतिग्रस्त , जांच की मांग

सिधौली सीतापुर - सिधौली क्षेत्र के सहजनपुर ( गोंधना ) में संदिग्ध परिस्थितियो मे गौतम बुद्ध की मूर्ति तोड़े जाने की घटना की निंदा करते हुए दलित, पिछड़ा , शोषित एकता समिति एंव आईपीएफ ने घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है ।

घटनास्थल पर भारी भीड़ के बीच मौके पर पंहुची आईपीएफ नेता सुनीला रावत , दलित पिछड़ा शोषित एकता समिति के जिलाध्यक्ष अम्बरीष बौद्ध , कानूनविद रेखा अग्निहोत्री , हेमनाथ गौतम , ओपी भारती ने लोगो से बातचीत कर एक मीटिंग की । इसी बीच घटनास्थल पर एसडीएम सिधौली अनिल कुमार पंहुचे। आईपीएफ नेता सुनीला रावत और डीपीएस जिलाध्यक्ष अम्बरीष कुमार बौद्ध , कानूनविद रेखा अग्निहोत्री , राजेश सिद्धार्थ के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल से वार्ता हुई एसडीएम ने दोषियो के खिलाफ शीघ्र कारवाई का अश्वासन दिया । इस अवसर पर सुनीला रावत ने कहा घटनाक्रम की उच्चस्तरीय जांच कराये जाने की मांग की , जिलाध्यक्ष अम्बरीष कुमार बौद्ध ने दोषियो के खिलाफ शीघ्र कारवाई की मांग की ।

## सीतापुर रेंज ने वन महोत्सव का किया शुभारंभ

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर ।

वन महोत्सव का शुभारंभ आज जुलाई की पहली तारीख को सीतापुर वन विभाग के सीतापुर रेंज के अंतर्गत 11वीं वाहिनी पीएसी पौधशाला में किया गया। जिसमें एनसीसी कैडेट को वन विभाग के अधिकारियों द्वारा पौधशाला व वृक्षारोपण की तकनीकी जानकारी दी गई। सुयश श्रीवास्तव, रेंज फ़ॉरेस्ट ऑफिसर (सीतापुर रेंज)ने कैडेट्स को बताया कि वृक्षारोपण की नींव पौधशाला है और यदि पौधशाला हमारी अच्छी है तो निश्चित रूप से वृक्षारोपण सफल होते हैं । पौधशाला में मौके पर एनसीसी कैडेट्स को थैला भरने का कार्य, सिंचाई व निराई गुड़ाई शिफ्टिंग ग्रेडिंग की तकनीकि जानकारी दी गई।मौके पर पौधशाला में %% एक पौध मां के नाम%% पर वृक्षारोपण हेतु सभी बच्चों को एक-एक पौधे दिये गये। कार्यक्रम में उप प्रभागीय निदेशक विकास यादव, क्षेत्रीय वन अधिकारी सुयश श्रीवास्तव, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी अभिषेक रंजन पांडेय व वन दरोगा अमित प्रताप सिंह, राम हेत त्रिवेदी, राजकुमार, सुनील राय वनरक्षक, हरिकेश शुक्ला व राजेश कुमार तथा एनसीसी के अधिकारी शामिल थे।



## पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में नवनिर्मित भवन 'अटल भवन' का उद्घाटन किया गया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर । पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा पुलिस कार्यालय में नवनिर्मित भवन ÷अटल भवन÷ का उद्घाटन किया गया। इस दौरान अपर




पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीण रंजन, क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सतीश चंद्र, प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मौंजूद रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन स्थानीय स्तर पर धूमधाम से मनाया गया।

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

महमूदाबाद (सीतापुर)समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन स्थानीय स्तर पर धूमधाम से मनाया गया। सपा कार्यकताओं ने पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा के आवास पर केक काटकर सभी को मिठाई खिलाई।इस अवसर पर मौजूद लोगों ने अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की कामना की। सपा सांसद और प्रमुख अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिन पर मोतीपुर मार्ग स्थित पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा के आवास पर सैडकों सपाई इकट्ठा हुए।पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव के विकास कार्यों, उनके मुख्यमंत्री काल की उपलब्धियां तथा पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए लड़ी जा रही लड़ाई पर प्रकाश डाला। जिसके बाद सभी ने केक काटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। नरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता नगर के स्वाति सेवा सदन, सीएचसी, महिला अस्पताल, न्यू नेशनल अस्पताल आदि में पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए इसके साथ बिसवा मार्ग पर वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद कादिर, ओंकार नाथ, अब्दुल कय्यूम, विक्की जायसवाल,नवनीत शुक्ला, इस्तियाक शाद, धर्मेंद्र, सुबोध यादव, शरद मिश्र, शिवेंद्र, मेराज, लवकुश यादव, अनिल यादव , मोहम्मद आज़ाद, प्रतीक सिंह आदि उपस्थित रहे।

## फाइलेरिया के बारे में किया प्रेरित

सीतापुर। जिले के बिसवा ब्लॉक के कटिया में बने कृषि विज्ञान केंद्र पर डॉक्टर रीमा की अध्यक्षता में पीसीआई अग्रनाइजेशन की तरफ से जिला समन्वयक अंशु मिश्रा के द्वारा केवीके सेंटर पर फाइलेरिया के लक्षण कारण बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी गई और 10 अगस्त 2024 से होने वाले एमडीए प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी गई और लोगो को फाइलेरिया से बचाव की दवा खाने के लिए प्रेरित भी किया गय

# लेखपाल संघ ने उपजिलाधिकारी को मांगपत्र देकर खुलासे की मांग

बिसवां सीतापुर। बीते माह लेखपाल के घर मे दिन दहाड़े हुई चोरी का खुलासा न होने से आक्रोशित लेखपाल संघ ने उपजिलाधिकारी को मांगपत्र देकर खुलासे की मांग की ,अन्यथा की स्थिति मे आगामी चार जुलाई से आंदोलन की बात कही। बताते चले बीते माह की नौ जून को तहसील मे कार्यरत लेखपाल सौरभ सिंह अपने निजी काम से लखनऊ गये थे।घर पर ताला लगा था कि दिन मे चोरो ने लेखपाल के घर का ताला तोड़ कर चोरो ने लाखो के जेवर सहित नकदी पार कर दी थी। उसी दिन साथी लेखपाल की सूचना पर लेखपाल सौरभ सिंह तत्काल वापस आये तो देखा की बाहर लगा ताला टूटा पड़ा है अंदर अलमारी का लाकर तोड़कर उसमे रखी नकदी सहित जेवर गायब मिला।उसी दिन पीड़ित लेखपाल के द्वारा थाने मे तहरीर दी गई ,लेकिन कोतवाली बिसवां पुलिस के द्वारा रिपोर्ट दर्ज नही की गई थी। पुलिस की कार्यवाही और रिपोर्ट न दर्ज किये जाने से खफा लेखपालों ने तहसील इकाई लेखपाल संघ की अगुवाई मे जिलाधिकारी से मुलाक़ात कर आप बीती बताई थी ।जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद बिसवां कोतवाली पुलिस के द्वारा बारह जून को अज्ञात के खिलाफ चोरी की धाराओं मे मुक़ददमा लिखा गया था। अभी तक चोरी के उक्त प्रकरण का खुलासा न होने के चलते लेखपालों मे आक्रोश व्याप्त है। वही मांग पत्र मे पूर्व मे लेखपाल की तहसील कार्यालय से चोरी हुई मोटरसायकिल यूं पी 34,ए एम् 8948 के सम्बन्ध मे भी किसी प्रकार की कार्यवाही न होने से लेखपाल खफा है। जिससे लेखपाल संघ बिसवां ने पुलिस को चार जुलाई तक मोहलत देते हुये घटना की खुलासे की मांग करते हुए घटना के अविलम्ब खुलासा किये जाने की मांग की ,लेखपाल संघ बिसवां ने मांगपत्र मे कहा है यदि उक्त तिथि तक कार्यवाही नही की गई तो लेखपाल संघ सम्पूर्ण कार्य का बहिस्कार कर आंदोलन करेगा।

वही लेखपाल संघ इकाई बिसवां के महामंत्री नीलेश यादव ने बताया कि कोतवाली की बाउंड्रीवाल से हमारे साथी लेखपाल का आवास है वहा दिन मे हौसला बुलंद चोरो ने घर का ताला तोड़कर दिन दहाड़े लाखो के जेवर और नकदी उठा ले गये पुलिस ने चार दिन बाद जिलाधिकारी के आदेश के बाद रिपोर्ट लिखी तब से लेकर आज तक कोतवाली पुलिस हाथ पे हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा की उपजिलाधिकारी को मांगपत्र के माध्यम से हमने अपनी पीड़ा बता दी है ।यदि पुलिस खुलासा नही करती तो हम लेखपाल साथी आंदोलन करेंगे हमने अपने जिला इकाई के अध्यक्ष को भी बिसवां इकाई के निर्णय से अवगत करा दिया है।

## जिला कारागार सीतापुर में भारतीय न्याय प्रणाली के तीन नए कानूनों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सीतापुर । जिला कारागार सीतापुर में जेलर अरविंद श्रीवास्तव द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नरेंद्र नाथ त्रिपाठी के निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेन्द्र कुमार अवस्थी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुजीत बाजपेई, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल शुभांशी तिवारी व अंकुर वर्मा उपस्थित रहे तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल और साथ ही महावीर जी विधि महाविद्यालय के अध्यापक रामानुज पांडे ने भी भाग लिया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कारागार में बंद कैदियों और वहां कार्यरत कर्मचारियों को भारतीय न्याय प्रणाली में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनों से अवगत कराना था। नए कानूनों के अंतर्गत आने वाले प्रावधानों और उनके प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की गई। बृजेन्द्र कुमार अवस्थी ने नए कानूनों की आवश्यकता और उनके कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। श्री सुजीत बाजपेई ने नए कानूनों के तहत कैदियों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के प्रावधानों पर प्रकाश डाला। शुभांशी तिवारी और अंकुर वर्मा ने कैदियों को नए साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत दी गई राहतों और प्रावधानों की जानकारी दी। इसके अलावा प्रिया पटेल ने नए कानूनों के तहत महिलाओं और बच्चों के लिए प्रदान की गई सुरक्षा उपायों के बारे में चर्चा की।इस कार्यक्रम के माध्यम से कारागार के कैदियों और कर्मचारियों को नए कानूनों के प्रति जागरूक किया गया और उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का सफल आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला कारागार प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम रहा।

## विकास खंड बिसवां में बिना कार्य के हो गया भुगतान'

सीतापुर। विकास खंड बिसवां की ग्राम पंचायत न्यामतपुर में मनरेगा कार्यो में जमकर घोटाला किया जा रहा है, मनरेगा से चलाये जा रहे कार्यो में फर्जी श्रमिक हाजिरी लगाकर सरकारी धन का बंदरबांट तो किया ही जा रहा था, लेकिन ग्राम पंचायत में बिना कार्य के भी भुगतान प्रक्रिया जारी है, नसीम के खेत से रसीदन के खेत तक चकबन्ध निर्माण कार्य पर कार्य कराया नही गया लेकिन भुगतान करा दिया गया, उक्त कार्य का 22 लाख 3 हजार 5 सौ 15 रुपये का स्टीमेट बनाया गया, उसके बाद इस कार्य पर फर्जीवाड़े का खेल खेला जाना शुरू किया जाने लगा, इस पूरे प्रकरण में रोजगार सेक से लेकर बीडीओ तक सभी के सहयोग से बिना कार्य हुए ही आधे से ज्यादा का भुगतान कर दिया गया, क्योकि भुगतान होने की प्रक्रिया में सबसे पहले रोजगार सेवक काम प्रारम्भ कराके हाजिरी दर्ज करनी पड़ती है, व मास्टर रोल भर के तकनीकी सहायक को देना होता है, लेकिन तकनीकी सहायक ने ऐसा न करके सिर्फ कागजो पर हाजिरी भर के कागजो की खानापूर्ति कर तकनीकी सहायक को दे दिया, उसके बाद काम की तकनीकी सहायक को मौके पर जाकर कार्य को देख कर एम बी करनी होती है, एम बी होने के पश्चात एपीओ के द्वारा भली भांति जांच कर भुगतान के लिए बीडीओ को भेज दिया जाता है, फिर बीडीओ के डोंगल से भुगतान होता है, अब ऐसे में बात हजम नही होती कि जब इतने जिम्मेदारो के द्वारा जांच पड़ताल की जाती है, फिर आखिर चूक कंहा और किससे हुई, या फिर सभी ने मलकर खेल किया है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी-बिसवां ने बताया कि 'जांच कराई जाएगी यदि काम नही हुआ है तो कार्यवाही करके रिकवरी कराई जाएगी।'



-------------

## खनन अधिकारी हुई सख्त सीज की जेसीबी व डम्पर

सीतापुर। रामकोट में क्षेत्र में लगातार हो रहे खनन की शिकायत के बाद खनन अधिकारी ने संज्ञान लिया, बताते चले कि दिन गुरुवार को प्रकाशित खबर शीर्षक ष्खनन माफियाओं ने खड़ी फसल पर दौड़ाए डम्परष् के बाद खनन अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए खनन के प्रयोग किये गये जेसीबी व एक डम्पर को गुरुवार को पकड़ कर सीज किया, व दिन शुक्रवार को पीड़ित किसान के प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए मौके पर जाकर अवैध नन किये गए गाटा संख्या 702 की क्षेत्रीय राजस्व लेखपाल से नाप करावा कर कार्यवाही को आगे बढ़ाया।वही खनन अधिकारी द्वारा खेत मालिक को मौके पर बुलाया गया खेत मालिक नही गया न ही मिट्टी उठाने के कोईकागज दिखा सके खनन अधिकारी द्वारा जल्द ही नोटिस भेजा जाएगा।वही जिस किसान की फसल को खनन माफियाओं ने नष्ट किया है पीड़ित किसान ने बताया कि अभी मेरे द्वारा जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक व खनन अधिकारी की शिकायत की गई है व आगे खनन से सम्बंधित अन्य 11 विभागों को भी अवगत कराके दबंग दीपांशु सिंह व अन्य खनन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की जाएगी।?-------------------



# शासनादेश की उड़ाई जा रही धज्जियां ऑनलाइन मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति में किया जा खेल

### बीडीओ हरगांव घोटालो में बराबर के हिस्सेदार,सत्ता व पावर की हनक में कर रहे घोटालो पर घोटाले

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर। जारी शासनादेश को ठेंगा दिखा रहे जिम्मेदारो विदित हो कि मनरेगा कार्यो में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए शासन से आदेश जारी किए थे कि मनरेगा में कार्य करने वाले मनरेगा श्रमिको की ऑनलाइन हाज़िरी दर्ज की जाएगी व दिन में दो बार सभी मास्टर रोल पर ऐसा किया जाएगा लेकिन जिम्मेदार शासनादेश की धज्जिया उड़ा मनमाने तरीके से हाजिरी दर्ज कर रहे है, अधिकतर ग्राम पंचायतों में तो फर्जीवाड़ा करने के लिए रात को मात्र एक बार हाजिरी अपलोड कर दी जाती है।

लेकिन जिमेदारो के द्वारा मनमाने तरीके से कार्य कराया जा रहा है, व रोजगार सेवक कार्य बंद होंने के बावजूद भी पुरानी फ़ोटो अपलोड कर श्रमिको की हाजिरी लगाने का काम कर रहे है ।

ग्राम पंचायत पतवारा में चल रहे मनरेगा कार्य देवरहा तालाब खुदाई कार्य पर 55 श्रमिको की फर्जी हाज़िरी दर्ज की जा रही है, काम 3 दिनों से बंद है, उसके बावजूद रोजगार सेवक के द्वारा पुरानी फोटो की फोटो अपलोड कर फर्जीवाड़ा कर रहे है।

ग्राम पंचायत नरियां पर्सिया में मनरेगा से दो कार्य संचालित है, गिरगिटपुर पुलिया से सिद्दीक के खेत तक ड्रेन सफाई कार्य व सिद्दीक के खेत से खत्तीराम के खेत तक ड्रेन सफाई कार्य दोनो कार्य पर 68 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है, वही दोनो कार्यो पर अधिकतम 15 श्रमिको से कार्य कराया जा रहा है, हाजिरी दोनो कार्यो पर लगाई जा रही है, लेकिन कार्य एक काम पर किया जा रहा है,दिन शनिवार तक गिरगिटपुर पुलिया से सिद्दीक के खेत का काम पूरा कर लिया गया था, उसके बावजूद अब भी दोनो कार्यो पर हाज़िरी दर्ज की जा रही है।







विकास खंड बिसवां की ग्राम पंचायत कटिया में सुकलनपुरवा में मनोज के मकान से पेंटेड रोड तक चकबन्ध कार्य पर 74 श्रमिको की फर्जी हाज़िरी दर्ज कर घोटाला किया जा रहा है, ऑनलाइन हाजिरी में पुरानी फ़ोटो को फोटो अपलोड फर्जीवाड़ा किया गया है।

ग्राम पंचायत कामापुर में मनरेगा कार्य महाराणा प्रताप अमृत सरोवर निर्माण कार्य के अंतर्गत चयनित बड़ा तालाब खुदाई कार्य पर 64 श्रमिको की हाजिरी पुरानी फ़ोटो अपलोड कर लगाई जा रही है, काम बंद चल रहा है लेकिन कागजी खानापूर्ति भरपूर की जा रही है।

विकास खंड हरगांव में आये दिन अपने कार्यो से चर्चा में बनी रहने वाली ग्राम पंचायत परसेहरा नाथ में चल रहे कार्य रमाकांत के खेत से मगरे के खेत तक ड्रेन सफाई कार्य पर 60 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की गई है, वही कार्य करने वाले श्रमिको की संख्या 10 है, ऑनलाइन दर्ज की हाजिरी में भी साफ तौर से देखा जा सकता है कि कितने श्रमिक कार्य कर रहे है।

ग्राम पंचायत हरिरामपुर में मनरेगा से दो तालाबो की खुदाई कार्य कराया जा रहा है, दोनो ही तालाबो पर 99 श्रमिको की लगातार काफी समय से फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है, ग्रामीणों ने बताया कि दोनों ही तालाबो पर बहुत दिनों से कोई काम नही हुआ है, व काम पूरा भी हो गया है, रोजगार सेवक के द्वारा लगातार पुरानी फ़ोटो की फ़ोटो अपलोड फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत मदनापुर में भरतिया तालाब की खुदाई कार्य पर जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, 7 मस्टररोल पर 67 श्रमिको की फर्जी उपस्थिति दर्ज की जा रही है, काम बंद है फिर भी पुरानी फ़ोटो के सहारे काम को कागजो पर चलाया जा रहा है। सूत्रों की माने तो खंड विकास अधिकारी आत्म प्रकाश रस्तोगी का ग्राम पंचायत को विशेष आशीर्वाद प्राप्त होने के कारण जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।



### 02 अभियुक्त गिरफ्तार, विद्युत तार के 13 अदद बंडल बरामद।

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर ।पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद सीतापुर में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षकगण को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी सिधौली आलोक प्रसाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना कमलापुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1. संजय कुमार पुत्र सत्यनारायन सहा निवासी पकरैल विन्दटोली थाना महेश खूंट जिला खगडिया (बिहार) 2. तोहिद पुत्र हमिदुर्रह्मान नि0 ई 16 ,के112 शीलमपुर थाना शीलमपुर दिल्ली को गिरफ्तार किया गया जिनसे 13 अदद छोटे बड़े विद्युत तार के बण्डल बरामद हुए है तथा बरामद ट्रक को अंतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया है। अभि0गण उपरोक्त के विरुद्ध मु.अ.सं. 326/24 धारा 411 भादवि पंजीकृत करते हुए चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

# तिलक और पुष्पवर्षा कर बच्चों का अध्यापकों ने किया स्वागत, गदगद हुए बच्चे



**अम्बेडकर नगर।**

सोमवार यानी आज से परिषदीय स्कूल खुले तो बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। क्योंकि बच्चों का पहले दिन स्कूल में तिलक लगाकर स्वागत किया गया। यही नहीं बच्चों को पहले दिन स्कूल में हलवा व खीर खिलाई गई। इस दौरान प्राचार्यों/अध्यापकों ने बच्चों से कहा कि बड़े सपने देखो हम आपके साथ हैं। पढ़िए बच्चों का पहला दिन स्कूल में कैसा रहा। आज सुबह 8 बजे ही प्राथमिक विद्यालय रूकचनपुर के इंचार्ज प्रधानाचार्य विजय कुमार मौर्य पहुंचते हैं और साथ में सहायक अध्यापक तेजप्रताप मिश्र तो पूरी तैयारी देख बच्चे गदगद हो गए। विजय कुमार मौर्य एक चर्चित आचार्य हैं जिनको बच्चे बहुत प्यार करते हैं, वहीं दूसरी तरफ कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय माडरमऊ में प्रधानाचार्य रफीउल्लाह,सहायक अध्यापक रवि मौर्य,अंकुर यादव,विशाल सिंह,उषा पाण्डेय,अनुदेशक प्रवेश मौर्य,शिक्षा मित्र शुशीला देवी,कलावती देवी सभी को विद्यालय प्रांगण में पहुंचते ही बच्चों का उत्साह बढ़ गया प्रसन्नचित होकर बच्चों ने आचार्यों का अभिवादन किया और जब अध्यापकों ने बच्चों का तिलक और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तो बच्चे गदगद हो गए।पहले दिन स्कूल पहुंची नवप्रवेशित बच्ची का तिलक लगाते अध्यापकों ने स्वागत किया।प्राचार्य ने कहा कि सरकारी स्कूल अब पहले से बेहतर हुए हैं। बच्चों के लिए खेलकूद के मैदान के साथ कई गतिविधियां हैं। इन सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए विभाग प्रयासरत है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद आज आपका स्कूल में पहला दिन है। रोज नियमित स्कूल आने का वादा करो। बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूल खुलते ही पहले दिन विशेष भोज के रूप में मिड-डे मील में खीर परोसी गई।पूर्व में 28 जून को छात्र-छात्राओं के विद्यालय पहुंचने पर ही उनका स्वागत करने के निर्देश जारी किए गए थे। इसमें परिवर्तन कर एक जुलाई को स्वागत उत्सव मनाने के लिए निर्देशित किया गया है। स्वागत उत्सव में प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। इसको लेकर डीएम अविनाश सिंह ने विद्यालय आवंटित कर दिए और कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है।तिलक लगाया जाएगा, होगी पुष्पवर्षा परिषदीय विद्यालयों के नौनिहालों का तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। विद्यालयों को सजाने के लिए गुब्बारे लगाने और रंगोली बनाने के निर्देश भी शिक्षकों को दिए गए हैं, ताकि नव प्रवेशित बच्चों को विद्यालय आने पर एक अच्छा माहौल देखने को मिल सके। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से यह कवायद की जाएगी।

# संचारी रोगों से बचाव और जागरूकता के लिए निकाली गई रैली



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर । प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जन जन को संचारी रोग से बचाव एवम जागरूक करने के लिए सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरानपुर अकबरपुर से निकली रैली को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ नूर अहमद की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उक्त अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने उपस्थित चिकित्सकों और आशाओं को संबोधित करते हुए कहा कि संचारी रोगों से बचाव और जागरूकता के लिए निकाली गई रैली और अन्य प्रचार माध्यमों के द्वारा साफ सफाई,मच्छरों को पनपने से रोकना और उनसे बचाव एवम बीमारी की लक्षण के दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वस्थ्य केंद्र में दिखाने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ नूर अहमद ने बताया कि 11 जुलाई से दस्तक अभियान के अंतर्गत आशाओं के द्वारा घर घर जाकर अभियान के बारे में बताया जायेगा।जिसमें जनता को विभिन्न रोगों के फैलने और उनसे बचाव की जानकारी दिया जायेगा।संचारी रोग की लक्षण दिखाई देने पर उन्हें सीधे अस्पताल जाने की सलाह दिया जायेगा।

रैली निकाले जाने के पूर्व स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक द्वारा उपस्थित लोगों को साफ सफाई रखने के बारे में शपथ भी दिलाई गई।जागरूकता रैली स्वास्थ्य केंद्र से निकल कर पुरानी तहसील तिराहा होते हुए विभिन्न गलियों से गुजरते हुए स्वास्थ्य के पर समाप्त हुई। उपरोक्त अवसर पर मुख्य रूप से डाक्टर इंद्रेश यादव,डाक्टर सी पी वर्मा,डाक्टर गौरी पाण्डेय,डाक्टर प्रियंका क्षत्रिय, डॉ गीतिका वर्मा,डाक्टर मो0 रफी, डाक्टर आशा उपाध्याय, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, बी पी एम पवन वर्मा,स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पारस नाथ, विजय कुमार,राजेश सिंह सहित समस्त स्टाफ,आशा संगिनी,आशा कार्य कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# एन एल सी यलो ने एनएलसी रेड को फाइनल मैच में हराया

## सत्येंद्र कुमार ने 6 रन देकर 6 विकेट लिया मिला मैन ऑफ द मैच का खिताब

## हार जीत खेल का अहम हिस्सा

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।हार जीत खेल का अहम हिस्सा है अपनी हर की समीक्षा करते हुए खिलाड़ियों को आगे बढ़ना चाहिए उक्त बातें मुख्य अतिथि फैयाज फारूकी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कही।प्राप्त विवरण के अनुसार एन एल सी क्रिकेट ग्राउंड पर एनएलसी क्रिकेट एकेडमी न्यौरी द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच एनएलसी रेड और एनएलसी यलो के मध्य खेला गया। एनएलसी यलो ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। टांस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एनएलसी रेड ने 20 ओवर में 166 रन बनाकर एन एल सी यलो को 167 रनो लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एन एल सी यलो ने 17 में ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया।चार ओवर में सत्येंद्र कुमार ने 6 रन देकर 6 विकेट लिया इस प्रदर्शन के लिए उनको मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। फाइनल मैच के विशिष्ट अतिथि डॉक्टर आसिम अबूजर फारुकी एवं राघवेंद्र सिंह उर्फ बब्बन सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ियों को खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए खेल से आपसी भाईचारा मजबूत होता है ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है बस उनको एक अच्छा मंच चाहिए जहां पर वह अपने कौशल को दिखा सके। अंत में सभी खिलाड़ियों दर्शकों एवं अतिथियों ने भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा 20 विश्व कप जीतने पर प्रसन्नता जताते हुए बधाई दी।इस अवसर पर मास्टर मोहसिन फारूकी, तबरेज फारूकी, वरुण सिंह, बब्बन सिंह सहित अनेक क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

# अभ्यर्थियों के सेवायोजन हेतु ऑनलाईन आवेदन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अयोध्या क्षेत्र में आउटसोर्सिंग के आधार पर 49 (उन्चास) परिचालकों (अनारक्षित वर्ग / ई0डब्ल्यू0एस / अन्य पिछडा वर्ग / अनुसूचित जाति एवं %अनुसूचित जनजाति) के अभ्यर्थियों के सेवायोजन हेतु ऑनलाईन आवेदन सेवायोजन की आधिकारिक वेबसाइट स्द्ग2ड्ढ4श्द्धद्बड्ठ.ह्वश्च.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ के माध्यम से इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण तथा अधिमानी अर्हता राज्य / केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नीलिट संस्था से निर्गत सीसीसी प्रमाण-पत्र धारक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।विस्तृत विवरण आर्यन %ग्रुप ऑफ गार्ड सर्विसेज, पता- 3/437 सेक्टर जे. अलीगंज लखनऊ संपर्क नम्बर-8418865555, सेवा योजन की वेबसाईट स्द्ग2ड्ढ4श्द्धद्बड्ठ.ह्वश्च.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पर विस्तृत विवरण उपलब्ध है।

# एक देशी तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ एक गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर डॉ कौस्तुभ द्वारा अपराध तथा अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस के मुताबिक अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी तथा क्षेत्राधिकारी जलालपुर के कुशल पर्वेक्षण में शिवांगी त्रिपाठी थानाध्यक्ष मालीपुर के नेतृत्व में दिनांक 01.07.2024 को समय 02.40 बजे रात्रि दौराने क्षेत्र भ्रमण मुखबिर खास की सूचना पर उ0नि0 प्रदीप कुमार मय हमराही कर्म0गण द्वारा नेमपुर तिराहे पुलिया के पास से एक व्यक्ति जिसका नाम सहदेव कुमार उर्फ संदीप पुत्र शम्भूनाथ निवासी पैतीपुर थाना अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर है, को 01 देशी तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सहदेव कुमार उर्फ संदीप पुत्र शम्भूनाथ निवासी पैतीपुर थाना अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 162/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

# ख़राब पड़े सीसीटीवी कैमरे को चालू कराने के लिए सभासद ने की मांग

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अयोध्या।गोसाईगंज नगर पंचायत के तेलियागढ़,भीटी चौराहा तथा बस स्टॉप पर लगे वर्षों से ख़राब पड़े सीसीटीवी कैमरे को चालू कराने के लिए सभासद आरती जयसवाल सोमवार क़ो अधिशासी अधिकारी इंद्रभान से मिली तथा एक मांग पत्र देकर जनहित में अविलंब उसको चालू करने की मांग की!श्रीमती जायसवाल ने पत्र की छाया प्रति जिलाधिकारी तथा मंडलायुक्त को भी भेजी है!मालूम हो कि गोसाईगंज बाजार में असामाजिक एवं शरारती तत्वों की रोकथाम के लिए पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी ÷खब्बू÷ ने अपनी निधि से तेलियागढ़,भीटी चौराहा एवं कटरा-बस स्टॉप पर सीसीटीवी कैमरे को लगवाया था! थाना परिसर से मॉनिटरिंग होने वाले सीसीटीवी कैमरे के लग जाने से जहां कस्बेवासी विधायक खब्बू तिवारी की प्रशंसा करते नहीं थकते थे वही बाजार में आए दिन घटने वाली आपराधिक घटनाओं का भी पुलिस इसी सीसीटीवीं कैमरे की मदद से घटना का पर्दाफास कर अपराधियों को अपने शिकंजे में लेकर जेल भेज देती थी!लेकिन इधर बीते 2 सालो से देखरेख के अभाव मे कैमरे ने काम करना बंद कर दिया

# नवीन आपराधिक विधि का प्रवर्तन स्वागत योग्य: अखिलेश शाह

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अयोध्या।विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के अनुक्रम में%नवीन आपराधिक विधि के प्रवर्तन एवं संभावनाएं% विषय पर विधि विभाग डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के परिसर में एक संगोष्ठी का आयोजन साकेत महाविद्यालय,अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुये वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अखिलेश कुमार शाह ने कहा कि आपराधिक विधि अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में बहुधा दण्ड का प्रावधान करती है, इसका विषय क्षेत्र मनुष्य का ऐसा आचरण होता है जिसे सम्बन्धित समाज बिल्कुल सहन नहीं करना चाहता, ऐसे आचरण के प्रति सम्बन्धित जनवर्ग की सहिष्णुता शून्य होती है। इसी भावना के अनुरूप उक्त आचरणों की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सम्बन्धित दोषपूर्ण कृत्य से प्राप्त सुख को दुख में परिवर्तित करने हेतु दण्ड का विधान किया जाता है। इस प्रकार दण्ड न्याय का साधन बन जाता है। किंतु दण्ड का निर्धारण करते समय दण्ड के उद्देश्यों एवं अपराध की प्रकृति को भी ध्यान में रखा जाना आवश्यक है अन्यथा सम्बन्धित आपराधिक विधि न्याय प्राप्ति को सुनिश्चित नहीं कर पाएगी।

कार्यक्रम में बोलते हुए विधि संकायाध्यक्ष प्रो0 अशोक कुमार राय ने कहा कि देश हित सर्वोपरि है। हमारी संसद ने आपराधिक न्याय प्रणाली में तीन नए कानून बनाकर देश हित में ठोस कदम उठाए हैं। ये कानून-भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 न्याय के अद्वितीय भारतीय लोकाचार पर आधारित हैं दण्ड पर नहीं। इस प्रकार ये काल सापेक्ष हैं। ये कानून क्रमशः औपनिवेशिक युग के भारतीय दण्ड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। पहले के कानूनों का उद्देश्य मुख्यतः ब्रिटिश शासकों की सुरक्षा करना था। अब, एक नया युग शुरू हो गया है, जो %नागरिक पहले, न्याय पहले, गरिमा पहले %के सिद्धान्तों पर आधारित है। राजद्रोह के सम्बन्ध में दुनियाँ का सबसे बड़ा लोकतंत्र अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है और अपने विचार साझा करने वालों को दण्डित नहीं करता है।

कार्यक्रम में बोलते हुए कार्यक्रम के संयोजक ,एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 अजय कुमार सिंह ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों में तकनीक का इस्तेमाल सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रावधान किया गया है।नए कानून में डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया गया है और ई-एफआईआर पर जोर दिया गया है। पुलिस अधिकारी को 90 दिनों में डिजिटल माध्यमों से पीड़ित को कृत कार्यवाही की जानकारी देनी होगी। फोरेंसिक विज्ञान को बढ़ावा देते हुए अपराध स्थलों का दौरा और सात साल या उससे अधिक की सजा वाले मामलों में वीडियोग्राफी द्वारा साक्ष्य एकत्र करना अनिवार्य कर दिया गया है। पुलिस द्वारा सर्च करने की पूरी प्रक्रिया अथवा किसी संपत्ति का अधिग्रहण करने में इलेक्ट्रानिक डिवाइस के माध्यम से वीडियोग्राफी करना अनिवार्य कर दिया गया है। बलात्कार पीड़िता का बयान ऑडियो/वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दर्ज किया जा सकता है। सभी तलाशी ओर जब्ती प्रक्रियाओं की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग करनी होगी। आरोपी, पीड़ित और गवाहों द्वारा साक्ष्य जमा करने के लिए ऑडियो-वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मोड का उपयोग किया जाएगा। समन और दस्तावेजों की इलेक्ट्रॉनिक आपूर्ति के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ लिया जाएगा।जिले स्तर पर अभियोजन निदेशालय के नए स्वरूप की स्थापना की जाएगी।

कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ0शशि कुमार ने बताया कि प्रक्रियात्मक विधि में ट्रायल इन एब्सेंशिया का प्रावधान किया गया है।मुकदमें में तेजी लाने के लिए, अदालत द्वारा घोषित अपराधियों के खिलाफ अनुपस्थिति में मुकदमा शुरू करना, आरोप तय होने से 90 दिनों के भीतर अनिवार्य होगा। घोषित अपराधियों के रूप में घोषित व्यक्तियों के मामलों को संबोधित करने के लिए उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा शुरू करने का प्रावधान किया गया है।

डॉ0रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आतंकवाद के सम्बन्ध में भारतीय न्याय संहिता में पहली बार आतंकवाद की व्याख्या करके इसे दण्डनीय अपराध बना दिया गया है। आतंकी कृत्य मृत्युदण्ड या आजीवन कारावास के साथ दण्डनीय है। कार्यक्रम में डॉ0सन्तोष पाण्डेय, डॉ0विवेक, डॉ0वन्दना गुप्ता ,दिलीप शुक्ला सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नव प्रवेश लेने वाले बच्चों का डीएम, सीडीओ ने तिलक लगा व पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर।

नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन विकास खण्ड जहांगीरगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर, फूल-अक्षत से स्वागत किया गया।सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विद्यालय का शिक्षण सत्र प्रारंभ किया गया।जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को माला पहनकर, फूल से स्वागत किया गया। साथ ही साथ बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट भी दिया गया।इस दौरान विद्यालय में उपस्थित अन्य बच्चों का भी माला पहनकर स्वागत किया गया।नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय कैंपस से *%एक भी बच्चा छूटे ना, संकल्प हमारा टूटे ना% * के स्लोगन के साथ जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप लोगों के अभिभावक के खाते में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से पैसा हस्तांतरण कर दिया गया है, जिसे आप लोग जूता-मोजा, बैग, ड्रेस का उपयोग करें एवं आप सभी लोग प्रतिदिन ड्रेस में विद्यालय आए और पढ़ाई कर आगे बढ़े । जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के समस्त विद्यालयों के छात्रों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने उपस्थित अध्यापकों को निर्देश देते हुए कहा कि वह पेरेंट्स मीटिंग कर अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में प्रवेश करना सुनिश्चित करें, जिससे एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

तत्पश्चात उन्होंने कहा कि जनपद के प्रत्येक विद्यालय में हैंड वॉश की उपलब्धता ,शौचालय, किचन एवं परिसर की साफ सफाई तथा मीनू के अनुसार भोजन- पेयजल की व्यवस्था आदि में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय जहांगीरगंज में पूर्व विधायक अनीता कमल, उप जिलाधिकारी आलापुर सदानंद सरोज, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार पांडे, विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित शिक्षकगण एवं अभिभावक मौके पर उपस्थित रहे।

# भगवान जगन्नाथ जी का रथयात्रा 9 जुलाई को अकबरपुर नगर में निकाला जाना प्रस्तावित

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस्कान मन्दिर के भक्तो द्वारा भगवान जगन्नाथ जी का रथयात्रा 9 जुलाई को अकबरपुर नगर में निकाला जाना प्रस्तावित है इस बार यह यात्रा ऐतिहासिक बनाने के लगातार भगवत प्रेमियों से सम्पर्क कर उन्हें आमंत्रित किया जा रहा है! उसी संदर्भ में आज टाण्डा नगर के ठाकुर जी के मन्दिर में एक बैठक सम्पन्न हुआ जिसमें तय हुआ कि 2 जुलाई को झारखंड महादेव मंदिर के हाल के में संकीर्तन और फिर वही से निकलकर संकीर्तन करते हुए नागेश्वर नाथ मंदिर जीवननगर चौक टाण्डा आरती के साथ समापन हुआ ऐसा सामूहिक रूप से प्रचार प्रसार होना है ताकि 9 जुलाई को टाण्डा से भी बड़ी संख्या में में भक्तो की सहभागिता हो सके!टाण्डा नगर का यह कार्यक्रम प्रान्त सत्संग प्रमुख/पूर्व विधायक प्रतिनिधि श्याम बाबू की अगुवाई में होगा जिसमें पूरे नगर वाशी सहयोगी के रूप अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे श्याम बाबू ने बताया कि इस्कान मन्दिर धनौऊपर निकट दोस्तपुर से जुड़े स्वामी श्याम दास प्रभु,संजय प्रभु के साथ संकीर्तन की पूरी टीम अपनी तरह से भगवान की रिझाने का और नगर को आनंदित करने का काम करेंगे बैठक में प्रमुख रूप से यात्रा के सर्व व्यवस्था प्रमुख अमन मेहरोत्रा,सन्तोष अग्रवाल,मुन्ना मोदी,पंकज मोदी,आलोक सोनी,कमल चौहान, राकेश गौड़,ठाकुर प्रसाद,बिंद्राज गौड़,दीपक कसौधन,दीपक कन्नौजिया, ओम प्रकाश गुप्ता,राजू गुप्ता,सन्तोष खत्री,धीरेंद्र खत्री,छोटू रावत,पिंटु जायसवाल,जयपाल मौर्या,गोपाल गुलाटी,अनिल कसौधन,माखन जायसवाल,योगेश कपूर,सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे!

# दस्तावेज मिलने के पश्चात भी महज गाड़ी सीज कर छोड़ना अपने आप में यक्ष प्रश्न

## फर्जी अधिकारी बन वसूली करते पकड़े जाने पर जो दस्तावेज बरामद हुए जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, उन दस्तावेजो को देखने के पश्चात लोगों के अंदर उठ रहे अहम सवाल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर। जनपद के**

बसखारी थाना क्षेत्र के शुक्ल बाजार के पास गढ़ा रोड पर परतिया चौराहे के पास शुक्रवार को एक क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग का फर्जी अधिकारी बनकर वसूली करने पहुंचे व्यक्ति को क्लीनिक संचालक ने स्थानीय लोगों के मदद से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवक की बाइक को सीज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

शुक्रवार की दोपहर को एक युवक अपने को स्वास्थ्य विभाग का अधिकारी बता कर शुक्ल बाजार के परतिया चौराहे पर संचालित एक

क्लीनिक पर पहुंचकर रजिस्ट्रेशन का पेपर दिखाने के लिए कहते हुए सुविधा शुल्क की मांग करने लगा। क्लीनिक संचालक को संदेह हुआ तो वह परिचय पत्र दिखाने के लिए कहा। तत्पश्चात तथा कथित स्वास्थ्य अधिकारी ने फर्जी आईडी दिखाया। मौके पर ही संचालक व तथाकथित स्वास्थ्य अधिकारी के बीच कहा सुनी होने लगी जिससे मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। संचालक ने तत्काल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया तो उसकी पहचान कौशल पुत्र महेश चन्द्र ग्राम बधाईपुर बरियावन थाना सम्मनपुर के रुप में हुई। बताया जाता है कि कौशल कई दिनों से क्लीनिक चला रहे लोगों को अपना लक्ष्य बनाकर फर्जी दस्तावेज के साथ स्वास्थ्य विभाग का अधिकारी बनकर लोगों से अवैध वसूली कर रहा था। थानाध्यक्ष संतकुमार सिंह ने बताया कि उसकी बाइक को सीज कर पूछताछ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। *क्लीनिक संचालक एवं जनता बसखारी थाना अध्यक्ष के कार्यवाही बना चर्चा का विषय* फिलहाल जनता एवं अवैध अस्पताल संचालक में चर्चा सरेआम हो रहा है कि अवैध वसूली एवं अस्पताल जांच करने की फर्जी आईडी कार्ड बनवा है सीएमओ लिखा है लेकिन बसखारी थाना प्रभारी मामले को गंभीरता नहीं लिए छोड़ दिए जब कि फर्जी आईडी कार्ड विभाग के नाम से सुसांगत धराओं मुकदमा पंजीकृत करना चाहिए था लेकिन नहीं हुआ ट्ठबसखारी थाना अध्यक्ष का कहना है कि कोई तहरीर नहीं मिलीट्ट फिलहाल थाना अध्यक्ष कोई कठोर कार्रवाई नहीं करना है तो बहाना चाहिए अवैध अस्पताल संचालक तो वैसे ही जिला अधिकारी के निर्देश अनुसार जो छापे पड़े अवैध अस्पतालों पर दहशत में हैं ओ क्यों तहरीर देंगे अगर किलीनिक वालों ने नहीं दिया तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी को खूद कार्रवाई करवाना चाहिए था क्योंकि आईडी मुख्य चिकित्सा विभाग का है विभाग के द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं हुई

कहीं ऐसा तो नहीं बसखारी थाना अध्यक्ष के उपर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी दबाव बनाया *ऐसे बहुत से सवाल खड़े हो रहे बसखारी पुलिस प्रशासन के उपर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की भी संलिप्ता भी नजर आ रहा है*

विश्वास सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वसूली करते हुए पकड़े गए व्यक्ति के पास वसूले गए रुपए थे लगभग तीन से चार लाख रुपए क्या बसखारी के थाना अध्यक्ष रुपया बरामद नहीं किया ? अगर बरामद किया तो बताने क्यों कर रहे हीलाहवाली क्या बिना कार्यवाही के छोड़ दिया जाता है ताकि फिर से वसूली करके लाए और साहब का जेब गर्म हो?

# पत्रकार पर जानलेवा हमले में शामिल आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। जनपद के थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर ग्राम जयसिंह पुर निवासी पत्रकार राजकुमार मौर्य को बीती 27तरीख शाम 6.30 बजे गांव के निकट ही हमलावरों द्वारा गोली मारकर हत्या का प्रयास किया गया था जिसमें चार नामजद और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अब तक चार लोगों को जेल भेज दिया है और अन्य मुल्जिमों की खोज कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण पत्रकार एसोशियेसन का एक प्रतिनिधि मंडल ग्रापए अयोध्या मंडल के संरक्षक शरीफ मसूदी की अगुवाई में थानाध्यक्ष राजेसुल्तानपुर विजय प्रताप तिवारी से मिला और पत्रकार के ऊपर हुए जानलेवा हमले में शामिल आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की । थानाध्यक्ष ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा विवेचना प्रचलित है और सारे साक्ष्य संकलन कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पत्रकार को पुलिस सुरक्षा दी जा रही है। इस संबंध में थाने में अपराध संख्या 191/24 धारा 147,148 ,149,307, 504 आई पी सी व आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। प्रतिनिधि मंडल में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, अयोध्या मंडल संरक्षक शरीफ मसूदी, वरिष्ठ पत्रकार लालमणि गोंड, जिला संगठन मंत्री कृष्णचंद्र दूबे, तहसील अध्यक्ष आलापुर योगेंद्र यादव,पत्रकार डा शमीम, वागीश त्रिपाठी, संजय शर्मा, पवन कुमार उपाध्याय, आदित्य मिश्रा, कृष्णा सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम नाहर कोला कला में चल रही अवैध रूप से सागौन के वृक्षों की कटाई

### बिना अनुमति के कर रहे काम

### परमिशन 500 की काट दिए 1100 पेड़

### नियम रख रहे ताक पर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नर्मदापुरम स्थानीय संपादक

नर्मदापुरम/सिवनी मालवा-ः

सिवनी मालवा क्षेत्र में अवैध रूप से सागौन के वृक्ष काटने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के ग्राम नाहर कोला कला में 15 से 20 सागौन के वृक्षों की कटाई कर ली गई। कटाई के बाद फाइल सिवनी मालवा तहसील कार्यालय कटाई की परमिशन के लिए लगाई गई है। कटाई के पहले की जाने वाली प्रक्रिया बाद में हो रही है। ? नए नियम के अनुसार पहले ग्राम पंचायत में वृक्ष कटाई के लिए आवेदन दिया जाना था ।? इसके बाद ग्राम पंचायत राजस्व विभाग को आवेदन भेजता है और साथ ही संबंधित वन विभाग को भी आवेदन भेजता है, मगर इस ग्राम में कटाई को लेकर किसी प्रकार का कोई प्रक्रिया किए बिना ही पहले कटाई कर ली जाती है , बाद में फाइल एवं आवेदन तहसील कार्यालय में दिया जाता है , जो कि नियम विरुद्ध है।



### लाखों रुपए की कीमत के हैं सागौन के पेड़

इन सागौन की कीमत लगभग 4 से 5 लाख रुपए है, जो की कैलाश पिता भोजराज रघुवंशी ग्राम नाहर कोला कला के खेत में लगे थे। यह बड़ी नहर के पास स्थित है। इन पेड़ों की कटाई कर ली गई है । नियम विरुद्ध तरीके से नियम को ताक पर रखकर यह काम किया गया है। अब देखना यह है कि अधिकारियों द्वारा इस कटाई को लेकर क्या कार्रवाई की जाती है।

### *विधिवत रूप से नहीं ली जाती अनुमति , नियमों की उड़ रही धज्जियां*

पहले भी दूसरी ग्राम पंचायत में 500 सागवान के पेड़ की परमिशन लेकर 1100 सागवान के पेड़ काटे गए थे।? यह मामला सिवनी मालवा की ही एक ग्राम पंचायत का था। आवेदन कर्ताओं द्वारा पंचायत से परमिशन लेने के बाद अधिकतर देखा जाता है कि परमिशन रहती है 300 पेड़ों की मगर काट दिए जाते हैं हजार पेड़। इस प्रकार के मामले भी सिवनी मालवा तहसील में देखने को मिले हैं । शासन द्वारा नियम है कि यदि ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को अपनी भूमि में लगे पेड़ों की कटाई करवाना है तो उसे पहले अपनी ग्राम पंचायत में आवेदन देकर परमिशन ली जाती है। इसके बाद ग्राम पंचायत द्वारा आवेदन राजस्व विभाग को सौंपा जाता है। साथ ही एक आवेदन संबंधित वन विभाग को भी सौंपा जाता है। इसके बाद ग्राम पंचायत के आवेदन पर इन दोनों विभागों द्वारा अपने अपने विभाग के कर्मचारियों को पहुंचाकर पूरी तरीके से सर्वे कराया जाता है। उसके बाद फिर पेड़ काटने की परमिशन स्वीकृत दी जाती है। यदि जमीनी हकीकत देखी जाए तो लोगों द्वारा इस पूरे नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं एवं पहले वृक्ष की कटाई कर ली जाती है उसके बाद परमिशन के लिए फाइल लगाई जाती है।

### *इनका कहना है*

आपके द्वारा मुझे यह जानकारी प्राप्त हुई है। यदि इस प्रकार कुछ हुआ है तो पूर्णतः गलत है। इस विषय में आप तहसीलदार से बात कर लीजिए।

*सरोज परिहार*
*एसडीएम सिवनी मालवा

# जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा मातृशक्ति का किया गया सम्मान




अशोक सोनी -/*देनिक केसरिया हिंदुस्तान-

भिंड - जानी-मानी सामाजिक संस्था जनशक्ति वेलफेयर सोसायटी द्वारा महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन आलमपुर ज़िला भिड़ टीम के द्वारा किया गया

दूसरा दूरभाष के माध्यम से सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

समाजसेवी अरुणेश सिंह भदौरिया के द्वारा बताया गया

सोसाइटी का असली मक़सद समरसता एवं सद्भाव को ध्यान में रखते हुए सामाजिक कार्य निरंतर करते रहना है जिसके लिये प्रत्येक ज़िले के पदाधिकारी अपने अपने सामर्थ के हिसाब से अपने अपने ज़िले में कार्यक्रम करते रहते है

आलमपुर में आज सुबह 11ः00 बजे से वार्ड न 12 भैरव नगर आलमपुर में जनशक्ति वेलफेयर सोसायटी द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें 50 बुजुर्ग एवं विधवा महिलाओं के मान सम्मान के साथ वरिष्ठ समाजसेवियों और पत्रकारजनो का भी सम्मान किया गया

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आलमपुर महिला थाना प्रभारी श्रीमती अनीता मिश्रा मौजूद रही

कार्यक्रम का आयोजन चंबल संभाग प्रभारी संतोष गोस्वामी जी के सानिध्य में किया गया ! जिसकी मुख्य ज़िम्मेदारी आलमपुर ज़िला अध्यक्ष भजनलाल गोस्वामी एवं उनकी टीम की रही

कार्यक्रम में मुख्यरूप से जिला अध्यक्ष भजनलाल गोस्वामी जिला उपाध्यक्ष दुर्गा गोस्वामी जिला महासचिव सोनू राठौर फौजी सचिन भुवनेश पुरोहित मीडिया प्रभारी जिला भिंड मुन्ना गोस्वामी सदस्य

विनोद राजौर हरिओम पाल हरिशंकर रायकवार सूरज बघेल राकेश पाल रजरा पुरा परमाल पाल लाल महंत राजकुमार राठौर शामिल रहे कार्यक्रम के उपरान्त कन्या भोज का कार्यक्रम भी रखा गया *



# जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी ने डॉक्टर्स डे पर किया डॉक्टरों का सम्मान

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-

ग्वालियर- समाजसेवी अरुणेश सिंह भदौरिया के निर्देशानुशार महिला प्रदेश अध्यक्ष हेमलता तोमर के द्वारा यह कार्यक्रम शहर के नवयुग हॉस्पिटल में रखा गया जहां पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोमर , लवली भदौरिया, गुड्डू तोमर , श्याम सिंह तोमर , गायत्री चौहान ,संजय भदौरिया, श्याम सिंह कुशवाह प्रदेश महा सचिव जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी आदि ने डॉक्टरों को शील्ड देकर सम्मानित किया इसके साथ ही सोसाइटी के मीडिया प्रभारी संजय सिंह भदौरिया का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया।

# करोड़ों की सरकारी जमीन पर दबंगों का अवैध कब्जा, कर रहे खेती

### 50 एकड़ जमीन हुई थी स्टील प्लांट के लिए आवंटित

### यहां लगे पुराने आम के पेड़ भी काटे

### प्रशासन और दबंग की मिलीभगत से इनकार नहीं

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नर्मदापुरम स्थानीय संपादक

नर्मदापुरम-ः शहर के समीपस्थ डोलरिया क्षेत्र में करोड़ों रुपये की सरकारी जमीन, जिसे %चेन्नई छोटे घास की जमीन% कहा जाता है पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा और खेती का मामला सामने आया है। डोलरिया औसतन जिले का पिछड़ा इलाका है और यहां रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार ने पूर्व में स्टील प्लांट लगाने का निर्णय लिया था। इस योजना के तहत संबंधित कंपनी को प्लांट लगाने के लिए छोटे घास में 50 एकड़ जमीन आवंटित की गई थी। किसी कारणवश स्टील प्लांट नहीं लग पाया, और अब इस जमीन पर गांव के प्रभावशाली दबंगों ने कब्जा कर रखा है। करोड़ों रुपये की इस जमीन पर दबंग हर साल लाखों की फसल उगाकर लाभ कमा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन को इस अवैध कब्जे की जानकारी होने के बावजूद, मैदानी अमले की मिलीभगत और दबंगों के रसूख के चलते अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### अवैध खेती और आम के पेड़ों की कटाई*

सूत्रों के मुताबिक उक्त जमीन पर दबंग पहले गेहूं की फसल बो चुके हैं और अब बरसाती धान की फसल बोने की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा दबंगों ने इस सरकारी जमीन पर आम के पेड़ भी लगा दिए हैं, ताकि इन पेड़ों को कटने से बचाने के बहाने अतिक्रमण को बनाए रखा जा सके। खेत बनाने के फेर में दबंगों ने आसपास लगे कई पुराने पेड़ भी काट दिए हैं।



### *प्रशासन को कई बार की शिकायत लेकिन प्रशासन की अनदेखी*

गांव के जागरूक लोगों ने इस सरकारी जमीन पर अतिक्रमण और खेती किए जाने की प्रशासन को कई बार शिकायतें की हैं, लेकिन दबंगों के प्रभाव के चलते अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और दबंगों के बीच मिलीभगत है, जिसके कारण स्थानीय अधिकारियों से कोई उम्मीद नहीं है।

### चरनोई की जमीन पर दबंग का कब्जा

यह जमीन, जो पहले गांव के मवेशियों के लिए चरनोई के रूप में उपयोग होती थी, अब दबंगों के कब्जे में है। प्लांट नहीं लग पाने के कारण इस जमीन पर दबंगों का कब्जा हो गया है, जिससे गांव के मवेशियों के लिए चरनोई की जमीन नहीं बची है। ग्रामीण अब मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक शिकायत पहुंचाने की मंशा जाहिर कर रहे हैं। स्थानीय और वरिष्ठ अधिकारियों की मिलीभगत के कारण अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। प्रशासन को इन मामलों में तुरंत हस्तक्षेप कर अवैध कब्जों को हटाना चाहिए जमीन को मुक्त कराना चाहिए। ?

### स्टील प्लांट की नहीं लग पाया और खाली पड़ी थी जमीन

डोलरिया गांव में छोटे घास की जमीन पर स्टील प्लांट लगाने के लिए सरकार ने 50 एकड़ जमीन आवंटित की थी। इस योजना का उद्देश्य गांव के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना था। हालांकि, स्टील प्लांट नहीं लग पाया और जमीन खाली पड़ी रही। इस खाली पड़ी जमीन पर अब गांव के कुछ प्रभावशाली दबंगों ने कब्जा कर लिया है। वे इस जमीन पर खेती कर रहे हैं और अब धान की फसल बोने की तैयारी में हैं। इससे पहले भी वे यहां फसल उगा चुके हैं और लगातार इसका फायदा उठा रहे हैं।

### स्थानीय नागरिकों ने की कंप्लेंन लेकिन प्रशासन की अनदेखी

इस मामले में स्थानीय नागरिकों ने शिकायतें की हैं, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। दबंग लोग बिना किसी रोक-टोक के इस सरकारी जमीन पर अवैध रूप से खेती कर रहे हैं और लाभ कमा रहे हैं। दबंगों द्वारा कब्जा और खेती प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। इस जमीन का सही उपयोग न हो पाने से सरकार की योजना विफल रही और बेरोजगार युवाओं को रोजगार का लाभ नहीं मिल पाया। प्रशासन को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर अवैध कब्जे को हटाना चाहिए और जमीन को उसके वास्तविक उद्देश्य के लिए उपयोग में लाना चाहिए।

# प्रभावी हुए नए आपराधिक कानून, जिले के हर पुलिस थाने पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

### हजीरा थाने में आयोजित हुए कार्यक्रम में आईजी एवं एसपी भी हुए शामिल

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-


ग्वालियर -/* ग्वालियर जिले में भी संपूर्ण देश के साथ एक जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। जिले के हर थाने में नए आपराधिक कानूनों की जागरूकता पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्वालियर शहर के हजीरा थाना परिसर में आयोजित हुए कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह भी शामिल हुए।

पुलिस महानिरीक्षक श्री सक्सेना ने इस अवसर पर कहा कि नए कानून की मदद से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी जगह पर एफआईआर दर्ज करवा सकता है। इसके साथ ही ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है। शून्य प्राथमिकी (जीरो एफआईआर) के रूप में यह बड़ी राहत और सुविधा प्रदान की गई है। घटना क्षेत्र की पुलिस को पीड़ित को अब 90 दिनों के




अंदर जांच की प्रगति रिपोर्ट देनी होगी। इसके साथ-साथ महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध से निबटने के लिए 37 धाराओं को शामिल किया गया है।

पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने कहा कि आईपीसी अब भारतीय न्याय संहिता कहलाएगी। अधिकांश आपराधिक धाराएं बदल गई हैं। अब हत्या की धारा 302 की जगह बीएनएस में 103 होगी। नए आपराधिक कानून में आईपीसी और सीआरपीसी




में बदलाव किया गया है।

गौरतलब है कि नए आपराधिक कानून के तहत अब आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता में केस दर्ज किया जाएगा। अनुसंधान की पद्धति में भी बदलाव किया गया है। नया आपराधिक कानून लागू करने से पूर्व जिले के सभी थानेदार और पुलिस पदाधिकारियों को ट्रेनिंग भी दी गई है।

# गरीबों और सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले पप्पू जायसवाल और शकील की सम्पत्ति पर कब चलेगा योगी का बुलडोजर

सीतापुर। गरीबों की जमीन पर कब्जा उस प्लाटिंग करवाने वाले पप्पू जायसवाल,शकील सहित अन्य लोगों द्वारा जो अनाधिकृत रूप से अथाह सम्पत्ति अर्जित की गई है इन सम्पत्तियों पर योगी बाबा का बुलडोजर कब चलेगा। क्या योगी के रामराज में भूमाफियाओं को फलने फूलने की इजाजत दीजा सकती है। अब सवाल यह भी खड़ा है कि जब पीड़ित ने इसकी शिकायत लिखित रूप से जिम्मेदार अधिकारियों को दी और डायल 112 भी मौके पर पहुंची जेसीबी को कब्जे में लिया गया। इतना सब तो हुआ इसके बाद कार्यवाही फिर ठण्डे बस्ते में चली गई आखिर ऐसा क्यो हुआ इसकी भी जांच होनी चाहिए। जांच का विषय यह भी है कि आखिर जिले में वह कौन सी ताकत है जो इन भूमाफियाओं के सर पर हाथ रखे हुए है। इस सम्बन्ध में भाजपा नगर ईकाई टू के अध्यक्ष श्री प्रकाश शुक्ला से बात की गई तो उन्होने कहा कि योगी के रामराज्य में इस तरह से भूमाफिया गिरी नही चलेगी। जो भी गरीबों और सरकारी जमीनों पर कब्जा कर अनाधिकृत रूप से कब्जा कर यह भूमाफिया अथाह सम्पत्ति के मालिक बन रहे है उनपर कार्यवाही जरूरी है। मामला है सीतापुर के श्याम नाथ मिरदही टोला टाटा टावर के पीछे जमीन पर भू माफिया संदीप जयसवाल उर्फ पप्पू तानसेनगंज सीतापुर तथा शकील मिरदहीटोला तथा अन्य चार पांच लोग अज्ञात जमीन को जबरदस्ती कब्जा कर रहे तथा उसमें प्लाटिंग के लिए रास्ता व प्लाट काट दिया उनके लिए तो सारे कानून फेल हो गए जबकि प्लाटिंग के लिए धारा 80या धारा 144 करनी पड़ती तब फ्लटिंग की जाती लेकिन यहां पर सब पैसे के दम पर जबरदस्ती भू माफिया लोग कब्जा कर रहे हैं बात का विषय यह है की 3 महीने से लगातार पुलिस अधीक्षक और जिला अधिकारी को एप्लीकेशन दी जा रही लेकिन कोई भी कार्रवाई अभी तक उसके खिलाफ नहीं की गई जबकि उसने अवैध रूप से खेत में कम से कम 500 ट्राली मिट्टी खेत में डाली जबकि मौके पर रात में10.5.2024 को ऑनलाइन जीपीएस से फोटो खींचकर ट्राली की दी गई और 112 नंबर पुलिस ने रात में ट्रॉली भी पकड़ाऔर कहां थाने लिए जा रहे हैं लेकिन तब भी कार्रवाई नहीं की गई सुबह पुलिस ने मिट्टी लगी खेत मेएक पास डंप किया दिखा कम से कम 200 ट्राली मिट्टी खेत में एक पास इकट्ठा थी लेकिन 1 घंटे के बाद जेसीबी पर नंबर नहीं था उसको बराबर कर दिया गया और कोई कार्रवाई नहीं की गई 19.6 .2024 को फिर से एक प्लाट पर न्यू भरकर अपना घर भू माफिया लोग बनाने

लगे बराबर पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को एप्लीकेशन देने के बावजूद भी भू माफिया लोग कब्जा करते रहे जबकि हमारे पास इसकी वीडियो और जी.पी.एस से फोटोस भी उपलब्ध है उनके पास कोई भी रजिस्ट्री या रजिस्टर्ड एग्रीमेंट नहीं है 25. 6 .2024 को रात के समय भू माफिया लोग छत को डाल दिया जबकि न्याय के एसडीएम के वहां बंटवारे का मुकदमा फैज बनाम शाहिदा परवीन चल रहा है तथा एक मुकदमा सिविल जूनियर डिवीजन414/2021 नूरजहां बनाम शाहिदा परवीन के नाम से चल रहा है देखना यह है की योगी सरकार का बुलडोजर इन भूमाफियाओं के ऊपर के कब चलेगा यह भू माफिया शहर में जमीनों पर जबरदस्ती कब्जा करते हैं।

# आक्रोशित लेखपाल संघ ने उपजिलाधिकारी को मांगपत्र देकर खुलासे की मांग की

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

बिसवां सीतापुर- बीते माह लेखपाल के घर मे दिन दहाड़े हुई चोरी का खुलासा न होने से आक्रोशित लेखपाल संघ ने उपजिलाधिकारी को मांगपत्र देकर खुलासे की मांग की ,अन्यथा की स्थिति मे आगामी चार जुलाई से आंदोलन की बात कही। बताते चले बीते माह की नौ जून को तहसील मे कार्यरत लेखपाल सौरभ सिंह अपने निजी काम से लखनऊ गये थे।घर पर ताला लगा था कि दिन मे चोरो ने लेखपाल के घर का ताला तोड़ कर चोरो ने लाखो के जेवर सहित नकदी पार कर दी थी। उसी दिन साथी लेखपाल की सूचना पर लेखपाल सौरभ सिंह तत्काल वापस आये तो देखा की बाहर लगा ताला टूटा पड़ा है अंदर अलमारी का लाकर तोड़कर उसमे रखी नकदी सहित जेवर गायब मिला।उसी दिन पीड़ित लेखपाल के द्वारा थाने मे तहरीर दी गई ,लेकिन कोतवाली बिसवां पुलिस के द्वारा रिपोर्ट दर्ज नही की गई थी। पुलिस की कार्यवाही और रिपोर्ट न दर्ज किये जाने से खफा लेखपालों ने तहसील इकाई लेखपाल संघ की अगुवाई मे जिलाधिकारी से मुलाक़ात कर आप बीती बताई थी ।जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद बिसवां कोतवाली पुलिस के द्वारा बारह जून को अज्ञात के खिलाफ चोरी की धाराओं मे मुक़दमा लिखा गया था। अभी तक चोरी के उक्त प्रकरण का खुलासा न होने के चलते लेखपालों मे आक्रोश व्याप्त है। वही मांग पत्र मे पूर्व मे लेखपाल की तहसील कार्यालय से चोरी हुई मोटरसायकिल यूं पी 34,ए एम् 8948 के सम्बन्ध मे भी किसी प्रकार की कार्यवाही न होने से लेखपाल खफा है। जिससे लेखपाल संघ बिसवां ने पुलिस को चार जुलाई तक मोहलत देते हुये घटना की खुलासे की मांग करते हुए घटना के अविलम्ब खुलासा किये जाने की मांग की ,लेखपाल संघ बिसवां ने मांगपत्र मे कहा है यदि उक्त तिथि तक कार्यवाही नही की गई तो लेखपाल संघ सम्पूर्ण कार्य का बहिस्कार कर आंदोलन करेगा।

वही लेखपाल संघ इकाई बिसवां के महामंत्री नीलेश यादव ने बताया कि कोतवाली की बाउंड्रीवाल से हमारे साथी लेखपाल का आवास है वहा दिन मे हौसला बुलंद चोरो ने घर का ताला तोड़कर दिन दहाड़े लाखो के जेवर और नकदी उठा ले गये पुलिस ने चार दिन बाद जिलाधिकारी के आदेश के बाद रिपोर्ट लिखी तब से लेकर आज तक कोतवाली पुलिस हाथ पे हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा की उपजिलाधिकारी को मांगपत्र के माध्यम से हमने अपनी पीड़ा बता दी है ।यदि पुलिस खुलासा नही करती तो हम लेखपाल साथी आंदोलन करेंगे हमने अपने जिला इकाई के अध्यक्ष को भी बिसवां इकाई के निर्णय से अवगत करा दिया है।

# भूमाफिया और प्रशासन हुआ एक- श्री प्रकाश सिंह

सीतापुर। पप्पू जायसवाल और शकील सहित अन्य भूमाफियाओं द्वारा गरीब की सम्पत्ति पर जबरन कब्जा कर अवैध रूप से हो रही प्लाटिंग को लेकर जब श्री प्रकाश सिंह ने बात की गई तो उन्होने कड़े तेवरों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि जिस तरह से भूमाफियाओं द्वारा गरीबों की जमीन पर बवैध रूप से कब्जा कर उस पर गलत तरीके से नियमों को ताख पर रखकर प्लाटिंग की जा रही है। उससे तो साफ जाहिर हो रहा है कि इस समय भूमाफिया और प्रशासन एक हो गया है और दोनो लोग एकजुट होकर गरीबों की जमीन पर कब्जा कर रहे है। अगर ऐसा न होता तो जब पप्पू जायसवाल और शकील सहित उनके अन्य साथियों द्वारा कब्जा किया था और प्लाटिंग हो रही थी इसकी शिकायत प्रशासन से की गई थी तो प्रशासन को कार्यवाही करनी चाहिए थी और पप्पू जायसवाल तथा शकील की भूमाफिया गिरी को खत्म करना चाहिए था।

केसरिया हिन्दुस्तान

## रामपुर बाघेलान के दक्षिणी क्षेत्र में चार दिनों से बिजली बंद कई गांव प्रभावित

### बांधा, झुसी, सेल्हना,कर्पवाह ,खजुरिहा, पड़खुरी,खेरिया,बीदा ,सेमरा, गुडुहुरु,असरार,जमुनिया,कृष्णगढ़, शिवपुरवा, कोनिया,करपवाह,और दर्जनों गांव

### बूंद बूंद पानी को तरस रही आम जनता अधेरे में कभी हो सकता है बड़ा हादसा



*सतना जिला ब्यूरो चीफ मनीष शुक्ला 7049698876

जहरीले जीव जंतु का खतरा

वर्षा का समय आते ही बिजली कई दिनों तक पूरी रात दिन बंद रहती है,

मिनटेंश के नाम पर खाना पूर्ति

इस समय उमस की बेदम गर्मी के साथ मच्छरों का आतंक कई बड़ी बीमारियां हो रही उत्पन्न

छोटे बच्चो का रो रो कर बुरा हाल

बीपी शुगर हार्ड टैक बीमारियों के मरीजों का जीना मुश्किल बिजली विभाग के सभी अधिकारी जवाब देने से बच रहे जब समाज सेवी या जनप्रतिनिधि जानकारी लेते है तो गोल मोल जवाब देकर बात टाल रहे या फोन ही नहीं उठतासक्षम अधिकारी जल्द निराकरण करे बहुत जल्द सभी आम जनता के साथ बिजली विभाग का करेंगे घेराव

# नए कानून की पुलिस ने दी नागरिकों को जानकारी

### नए आपराधिक कानून के लिए सनावद पुलिस पूरी तरह तैयार रहकर, आमजन को भी कर रही है इसके प्रति जागरूक

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान आशीष शर्मा सनावद-आगामी 01 जुलाई से लागू हो रहे तीन अहम कानून 1. भारतीय न्याय संहिता-2023, 2.भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, 3.भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधानों से नागरिकों को अवगत कराने के लिए सोमवार को पुलिस थाने में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ये तीनों कानून एक जुलाई से पूरे देश में लागू हो गए हैं।इस अवसर विधायक सचिन बिरला ने कहा कि वर्षों पुराने अंग्रेजी शासनकाल में लागू कानूनों को बदल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को अंग्रेजी गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाई के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। विधायक ने कहा कि बदलती परिस्थितियों में अपराधिक कानूनों को वर्तमान संदर्भों में परिभाषित और लागू करना अत्यंत आवश्यक हो गया था। इन कानूनों से जहां न्याय प्रक्रिया में सरलता और पारदर्शिता आएगी वहीं न्याय में विलंब भी नहीं होगा। विधायक ने कहा



कि भारत का संविधान में प्रत्येक नागरिक को समानता का अधिकार प्रदान करता है। सभी को न्याय पाने का अधिकार है। विधायक ने कहा कि संविधान को कभी भी बदला नहीं जा सकता। लेकिन बदलती परिस्थितियों में जरूरत के अनुसार संविधान में संशोधन किए जा सकते हैं। विधायक ने नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार माना।भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनिल अजमेरा ने कहा कि नए कानूनों से कानून व्यवस्था में सुधार आएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता कमल बिर्ला ने कहा कि न्याय के क्षेत्र में आज का दिन भारत के लिए गौरवशाली है। बदलते परिदृश्य में इन कानूनों की बड़ी आवश्यकता दी। एसडीओपी अर्चना रावत और थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी ने तीनों कानूनों के प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनिल अजमेरा,विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल,नपाध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला,नपा नेता प्रतिपक्ष गजेंद्र उपाध्याय, समाजसेवी मुश्ताक मालिक,संजय राठौर,मनोज जैन,बंटी राठौर,प्रभात उपाध्याय,श्याम माहेश्वरी,अमिता मंत्री,उर्मिला जैन,मुजा टेलर,राजेश पाल,दुर्गेश परिहार,श्याम पुरोहित,राजेश अंजने,नीलेश जायसवाल,

बंशीलाल चौधरी, जय शिंदे,धर्मेंद्र मसंद,पवन इंगला, सुदीश वर्मा, जय करोड़ा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।



## एक पेड़ मां के नाम के तहत किया गया पौधारोपण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/चितरंगी- धरती पर जीवन तभी संभव है जब अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए नहीं तो एक स्पष्ट कहावत है की वृक्ष कटा जीवन मिटा,यहां तक की आज जो कोई भी व्यक्ति स्वसन के रूप में प्राणवायु ले रहा है वह दूसरे के द्वारा लगाए गए पौधों से ले रहा है जिसे उधार श्वसन कहा जा सकता है।अतः स्वयं पेड़ लगा करके पेड़ की देखरेख करना अत्यधिक हितकर होगा।पर्यावरण बचाओ अभियान अंतर्गत वन परिक्षेत्र चितरंगी के बीट बगदरा कला में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया।जहाँ मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष चितरंगी सियादुलारी एवं विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व विधायक अमर सिंह तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वन परिक्षेत्र अधिकारी वन मंडल चितरंगी रवि शेखर सिंह मौजूद रहे।वहीं जिला महामंत्री प्रभात कुमार सिंह,मंडल अध्यक्ष चितरंगी प्रकाश नारायण जायसवाल,हर्ष सिंह सहित वन विभाग से सुरेश प्रजापति व वन स्टॉप, गणमान्य नागरिक,ग्रामीण जन उपस्थित रहकर एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया तथा लोगों को यह संदेश भी दिया कि सभी लोग एक पेड़ माँ के नाम लगाएं ताकि आने वाले समय में पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सके।

# जबेरा विधानसभा के नगर तेंदूखेड़ा में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना की तैयारी प्रारंभ



### आवेदन 3 जुलाई तक जबेरा जनपद एवं तेंदूखेड़ा जनपद में स्वीकृत किये जायेंगे

दैनिक केशरिया हिंदुस्तानसंभागीय ब्यूरो चीफ-पुरषोत्तम साहू

*दमोह-* प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निर्देशन में जबेरा विधानसभा के नगर तेंदूखेड़ा में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह /निकाय योजना की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। तैयारियों का जायजा लेने राज्यमंत्री श्री लोधी के अनुज सत्येंद्र सिंह अधिकारीयों व जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यस्थल पर पहुंचे, जहां सुव्यवस्थित कार्य योजना बनाकर कार्यक्रम को लेकर स्थान को चयनित कर तैयारियां शुरू करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्री लोधी ने कहा कि राज्यमंत्री जी का प्रयास है कि मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह अधिक से अधिक संख्या में संपन्न हो, जिससे गरीब परिवारों के लिए लाभ प्राप्त हो सके।। विदित है कि 14 जुलाई 2024 को विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है इसके आवेदन 3 जुलाई तक जबेरा जनपद एवं तेंदूखेड़ा जनपद में स्वीकृत किये जायेंगे।

# जवा पुलिस के सह पर खुलेआम फर्राटे मारते निकलते है अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर और हाइवा








दैनिक केसरिया हिंदुस्तानरीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

### समाज सेवियो ने जवा पुलिस पर पैसे लेने का लगाए आरोप।

जवा/ रीवा जिले का जवा थाना बीते कुछ वर्षो से हमेशा अपने कारनामो के लिए सुर्खियों में रहता है चाहे शराब पैकारी का मामल हो या नशा का कारोबार का हो या सिपाही के द्वारा अवैध बसूली का मामला हो इसके बाद भी रीवा पुलिस अधीक्षक के द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है इसी कड़ी में जवा थाना अंतर्गत सैकड़ो की संख्या में प्रतिदिन अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर और हाइवा जवा थाने सामने से फर्राटे मारते निकलते है जिससे कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी गई है फिर भी जवा पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नही की जाती है।जिसके लिए समाजसेवी केशव प्रसाद तिवारी ने जवा पुलिस पर मंथली ट्रैक्टर वालो से 3000 रुपये और हाइवा वालो से 5000 रुपये लेने का आरोप लगाए है उनका कहना है कि जवा थाने के सामने से प्रतिदिन ट्रैक्टर हाइवा 24 घण्टे निकलते है जो थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होते है फिर भी कार्यवाही नही की जाती है। कार्यवाही न होने के बजह से आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। जिसका कारण है अवैध परिवहनकर्ताओं का मंथली बधा होना।

## फैक्ट्री मालिक ने श्रमिकों के साथ की अभद्रता, तीन घंटे फैक्ट्री के अंदर बंधक बनाकर रखा




मालनपुर। औद्योगिक क्षेत्र में संचालित मां केला देवी आटा फैक्ट्री में श्रमिकों के बंधक बनाने का मामला सामने आया है।श्रमिक शिवम प्रजापति और रघुवीर प्रजापति ने बताया कि हम लोग मालनपुर में संचालित मां केला देवी आटा फैक्ट्री में पीओपी का काम कर रहे है। रविवार को फैक्ट्री मालिक मनीष गोयल द्वारा हमारे साथ अभद्रता की गई और बाइक की चाबी छीन ली गई। उसके बाद गेट के अंदर से ताला लगा दिया गया और हमें करीब तीन घंटे तक बंधक बना कर रखा। उसके बाद हमने डायल 100 पर शिकायत की, तब कहीं पुलिस के दखल के बाद हमें फैक्ट्री से छोड़ गया। पीड़ित श्रमिकों ने थाने जाकर मामले की लिखित शिकायत की है। जिसमें पुलिस द्वारा शिकायत पर जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

## नए कानून के प्रति आमजन का जागरूक होना जरूरी : एसपी

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ. असित यादव द्वारा शहर के जगदीश मैरिज गार्डन में प्रबुद्धजनों, पत्रकारों, वकीलों एवं छात्र-छात्राओं के साथ कार्यक्रमों आयोजित कर नवीन कानून के बारे में जानकारी दी गई एवं उपस्थित गणमान्य




नागरिकों की जिज्ञासा का समाधान किया।सोमवार को पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के पालन में भिण्ड जिले के समस्त थाना स्तर पर एक जुलाई से लागू होने बाले कानूनों की विस्तृत जानकारी के लिए क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों एवं प्रबुद्धजनों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस द्वारा लोगों को नये कानूनों के संबंध मे पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे लोगों में लागू हो रहे नए कानूनों से संबंध में जागरूकता आए।

थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत जगदीश मैरिज गार्डन में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में द्वीप प्रज्वलित कर आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि दंड नहीं अब न्याय केन्द्रित विधान हैं, अर्थात पुराने आपराधिक अधिनियम दंड पर आधारित थे, जबकि नवीन अपराधिक नियम न्याय के आधार पर बनाए हैं, इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान करना है। नए कानूनों के माध्यम से महिलाओं, वृद्धजनों, बालक-बालिकाओं के प्रति अपराध की रोकथाम एवं अपराध होने पर त्वरित न्याय की व्यवस्था की गई। शहर के पत्रकार बंधुओं, गणमान्य नागरिकों, स्कूली बच्चों व प्रबुद्धजनों को नया भारत-नया विधान के बारे में पूरी जानकारी दी एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। शहर के देहात थाने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार पाठक एवं जिले के अन्य थानों में आयोजन के दौरान अधिकांश संबंधित एसडीओपी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर आज तहसील अटेर में करेंगे जनसुनवाई

भिण्ड(निज संवाददाता)। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव जिले की तहसीलों में जाकर जनसुनवाई करने के कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को तहसील अटेर में जनसुनवाई करेंगे। जिसके अंतर्गत दो जुलाई मंगलवार की जनसुनवाई जनपद कार्यालय अटेर में 11 बजे से होगी। इस जनसुनवाई में तहसील स्तरीय सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसी के साथ जिला स्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर कार्यालय भिण्ड में आयोजित की जाएगी।

# - कृषि उपज मंडी में सुबह मंडी खुलने के बाद उसे बंद कर दिया गया जिससे किसान नाराज हो गए और चक्का जाम कर दिया

**मंडी में नीलामी और तुलाई का कार्य रूकने के पीछे व्यापारियों और हम्मालो के बीच विवाद को बजह बताया जा रहा है**

**- शनिवार को एक व्यापारी को हम्माल कांटे से मारकर किया था घायल**

**- इधर हम्मल व्यापारियों द्वारा की गई फिर में धाराएं काम करने और फिर वापस लेने के लिए डाल रहे हैं दबाव**

**- व्यापारियों और मजदूरों के बीच की खींचतान के चलते मंडी बंद होने से किस हो रहे हैं परेशान**

**- एसडीएम क्षितिज शर्मा भी मौके पर पहुंचे**



### दोनों पक्षों से बात कर दी समझाएं

जिला ब्योरो नीरज दुबे

आज दो दिन बाद जब मंडी प्रारंभ हुई तब कुछ देर बाद ही नीलामी और खरीदी कार्य बंद हो गया..... जिसको लेकर किसान नाराज हो गए... किसानों का कहना है कि वह कई किलोमीटर दूर से मंडी आए थे... यदि मंडी बंद रखना थी तब उसकी सूचना पूर्व में दी जानी चाहिए थी... 60-70 किलोमीटर दूर से किसान अपनी फसल लेकर आए हैं.... बारिश का मौसम है ऐसे में मंडी बंद होने से किसानों को खासा नुकसान होगा... इसी बात से नाराज होकर उन्होंने मंडी के सामने रोड पर चक्का जाम कर दिया.... सड़क पर जाम लगने और हंगामा की सूचना मिलने के बाद सिविल लाइन पुलिस मौके पर आई.... इस बात को लेकर जब मंडी प्रशासन व्यापारी से बात की गई तब व्यापारियों और हम्मालो के बीच का विवाद सामने आया... किसानों का कहना है कि विवाद और समस्या व्यापारी हम्मालो की है किसान इसमे क्यो पिसे.... इस पूरे मामले को लेकर अनाज तिलहन व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि शनिवार को व्यापारी विमल के साथ में एक मजदूर ने लोहे का आंकड़ा पीठ में मार कर उसे घायल किया था.... इस बात की शिकायत हमने कोतवाली में की थी इस बात को लेकर सभी सम्मान आज हंगामा कर रहे हैं.... एफआईआर को वापस लेने का दबाव बना रहे हैं... वहीं दूसरी ओर 2 साल पूरे होने के बाद हम्मालो और व्यापारियों के बीच के अनुबंध के अनुसार 15 फ़ीसदी राशि मजदूरी की बढ़ाई जानी थी.... व्यापारियों का कहना है कि कार्य के लिए वह तैयार हैं लेकिन जो घटनाक्रम व्यापारियों के साथ हुआ है उसका दौहराव ना हो और सामाजिक तत्व जैसे व्यक्ति को मजदूरी पर ना रखा जाए.... इस बात की मांग हम कर रहे हैं... इस विवाद की सूचना मिलने के बाद एसडीएम क्षितिज शर्मा भी मंडी पहुंचे... उन्होंने व्यापारियों हमलों से बातचीत की उनकी समस्याओं का हल करने पर सहमति बनी और जल्द से जल्द नीलामी कार्य प्रारंभ करने की बात कही उन्होंने माना कि कुछ छोटे-बड़े अन्य विषय है जिनको लेकर चर्चा करके उसे हल किया जाएगा दोपहर तक मंडी में नीलामी और खरीदी कार्य नहीं हो सका था किसानों का कहना है की बारिश शुरू होने के बाद उनके लिए परेशानी ज्यादा खड़ी हो जाएगी

# कन्नौद पुलिस ने जनसंवाद में नए कानून की विस्तार से जानकारी दी

ओमप्रकाश परमार,

देवास। जिले के कन्नौद पुलिस थाने पर सोमवार को एक जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें एडिशनल एसपी आकाश भूरिया और थाना प्रभारी तहजीब काजी ने नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम जनता को नए कानूनों के प्रति जागरूक करना और उनके सवालों का समाधान करना था।

जनसंवाद कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

जन संवाद के दौरान एडिशनल एसपी भूरिया ने नए कानून के विभिन्न प्रावधानों और उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये कानून समाज की सुरक्षा और सुव्यवस्था को बढ़ाने के लिए लागू किए गए हैं। नए कानून के लाभ और उनकी आवश्यकता के बारे में जनता को विस्तार से समझाया।

थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि हमारे संविधान में कानून व्यवस्था में बदलाव किए गए है। जो बदलते समय के साथ कानून में बदलाव भी जरूरी है। पहले राजा-महाराजाओं



के अनुसार दंड व्यवस्था होती थी। उसके बाद अंग्रेजों ने उनकी सुविधा के अनुसार दंड प्रकिया अपनाई। लेकिन अब समय मे बहुत बदलाव आया है। वर्तमान समय को देखते हुए नए कानून लागू होना जरूरी थे। पहले क़ानून व्यवस्था दंड संहिता के रूप में थीं लेकिन अब न्याय संहिता के रूप में पीड़ित और फरियादी को दृष्टिगत रखकर लागू की जा रही है। भारतीय न्याय संहिता की कुछ धाराओं में बदलाव हुआ है।

जिन्होंने नए कानून को लेकर अपने सवाल और चिंताएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने सभी सवालों का धैर्यपूर्वक उत्तर दिया और उन्हें आश्वासन दिया कि कानून का पालन करने से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता, पत्रकारगण एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## नया भारत नया विधान अंग्रेजों के कानून से मिली आजादी स्वदेशी मॉडल पर होगा देश का कानून बोले श्री पी एस बघेल

आजादी के 75 साल बाद अमृत काल में अंग्रेजी कानून से मिली आजादी गुलामी मानसिकता से मुक्त हुआ देश का कानून आज शुजालपुर में आयोजित






थाने द्वारा आयोजित नए कानून को लेकर नागरिकों को अवगत कराया गया और नए कानून के बारे में जानकारी दी गई एसडीओपी पि एस बघेल ने कहा कि यहां कानून अपराध मुक्त होगा और अपराधियों को इससे सबक मिलेगा देश का यहां कानून देश के हालात बदल देगा और आने वाली पीढ़ी को अपराध करने से रोकेगा साथ ही श्री बघेल ने जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी के साथ घटना घटती है तो उसे थाने जाने के वजह ऑनलाइन ही अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है इसकी शिकायत पर 24 घंटे के अंदर कार्यवाही की जाएगी और अपराध की जांच कर अपराधी को सजा दिलवाई जाएगी उपस्थित रहे नगर के जनप्रतिनिधि और समाज के सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकार बंधु भारी के साथ भारी मात्रा में लोग उपस्थित रहे---